RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 192
नई दिल्ली, शनिवार, 21 मई, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



सिंधु थाईलैंड ओपन के सेमीफाइनल में
स्पोर्ट्स-12

# ज्ञानवापी दीवानी वाद वाराणसी जिला न्यायालय को स्थानांतरित

- उच्चतम न्यायालय ने कहा-बेहतर होगा जिला न्यायाधीश मामले को संभालें, शिवलिंग वाले क्षेत्र की सुरक्षा के साथ ही नमाज भी जारी रखने के निर्देश
- पीठ की अहम टिप्पणी पूजास्थल के धार्मिक चरित्र का पता लगाने की प्रक्रिया 1991 के उपासना स्थल अधिनियम के तहत प्रतिबंधित नहीं

**भाषा**। नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने शुक्रवार को ज्ञानवापी मस्जिद मामले में हिंदू श्रद्धालुओं द्वारा दायर दीवानी वाद की सुनवाई वाराणसी के दीवानी न्यायाधीश (सीनियर डिवीजन) के पास से जिला न्यायाधीश (वाराणसी) को स्थानांतरित कर दी। न्यायालय ने कहा कि मामले की जटिलता और संवेदनशीलता को देखते हुए बेहतर होगा कि 25-30 साल से अधिक अनुभव रखने वाला कोई वरिष्ठ न्यायिक अधिकारी इसे देखे। शीर्ष अदालत ने महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि किसी पूजा स्थल के धार्मिक चरित्र का पता लगाने की प्रक्रिया 1991 के उपासना स्थल अधिनियम के तहत प्रतिबंधित नहीं है। न्यायमूर्ति डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा की पीठ ने कहा कि मामला जटिल और संवेदनशील है और बेहतर होगा कि एक जिला न्यायाधीश मामले (शेष पेज 8)



## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सुनवाई टाल दी

**पायनियर समार सेवा**। प्रयागराज

**इलाहाबाद** उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को काशी विश्वनाथ मंदिर-ज्ञानवापी मस्जिद मामले में सुनवाई छह जुलाई तक के लिए टाल दी। वाराणसी के अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद और अन्य द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया ने सुनवाई की अगली तारीख छह जुलाई तय की। उल्लेखनीय है कि मूल वाद वर्ष 1991 में वाराणसी की जिला अदालत में दायर किया गया था, जिसमें वाराणसी में जहां ज्ञानवापी मस्जिद मौजूद है, वहां प्राचीन मंदिर बहाल करने की मांग की गई थी। वाराणसी की अदालत ने आठ अप्रैल, 2021 को पांच सदर्स्यीय समिति गठित (शेष पेज 8)

## कड़ी सुरक्षा के बीच ज्ञानवापी मस्जिद में जुमे की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न

**पायनियर समाचार सेवा**। वाराणसी

**कड़ी** सुरक्षा व्यवस्था के बीच यहां ज्ञानवापी मस्जिद में जुमे की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। पुलिस ने बताया कि जुमे की नमाज के मद्देनजर पुलिस ने विश्वनाथ मंदिर के द्वार संख्या चार पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे, जहां से नमाजियों को प्रवेश की इजाजत थी।

इससे पहले अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी ने श्रद्धालुओं से अपील की थी कि वे वजू खाना को सील करने के मद्देनजर बड़ी संख्या में नमाज अदा करने के लिए न आएं। अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी के सचिव एम एस यासीन ने कहा कि बड़ी संख्या में लोग जुमे की नमाज अदा करने मस्जिद पहुंचे लेकिन उन्हें वापस जाने के लिए कहा गया। यासीन ने कहा कि जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं के लिए मस्जिद परिसर में पानी के ड्रम की व्यवस्था की थी और कमेटी ने सभी श्रद्धालुओं से शांति बनाए रखने की अपील भी की थी।

इससे पहले कमेटी ने आज जारी एक पत्र में श्रद्धालुओं से बड़ी संख्या में मस्जिद जाने से परहेज करने को कहा था। पत्र में कहा गया था कि वजू खाना और शौचालय के सील होने से कुछ दिक्कतें आ रही हैं। इसमें यह भी कहा गया था कि जुमे की नमाज में नमाजियों की संख्या अधिक रहती है, इसलिए यह समस्या और बढ़ जाएगी। कमेटी ने इस मजबूरी के कारण बड़ी संख्या में नमाज के (शेष पेज 8)

# चार संदिग्धों को फर्जी मुठभेड़ में मारा गया: सुप्रीम कोर्ट पैनल

## हैदराबाद में पशु चिकित्सक से दुराचार व हत्या का मामला

- दस पुलिसकर्मियों पर हत्या का केस चलाने की सिफारिश

**पायनियर समाचार सेवा**। नई दिल्ली/हैदराबाद

**हैदराबाद** में दिसंबर 2019 में पशु चिकित्सक से सामूहिक बलात्कार और हत्या के मामले में पकड़े गए चार संदिग्धों को पुलिस फर्जी मुठभेड़ में मार डाला था। यह बात इस मामले की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित जस्टिस वीएस सिरपुरकर पैनल की रिपोर्ट में कही गई है। सुप्रीम कोर्ट के पैनल ने पुलिस के दावों को खारिज करते हुए फर्जी मुठभेड़ के दौरान मौजूद रहे दस पुलिस अधिकारियों पर हत्या का केस दर्ज करने की सिफारिश की है। पशु चिकित्सक के साथ बलात्कार और फिर हत्या के बाद देशभर में आक्रोश उभरा था और लोग न्याय की मांग कर रहे थे।

उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश वीएस सिरपुरकर की अध्यक्षता वाले तीन सदस्यीय आयोग ने यह भी कहा कि उनका मानना है कि मृत्यु के समय संदिग्धों में से तीन नाबालिग थे। चार संदिग्धों मोहम्मद आरिफ, चिंताकुंटा चेन्नाकेशवुलु, जोलू शिवा और जोलू नवीन को 29 नवंबर, 2019 को पशु चिकित्सक से सामूहिक बलात्कार और हत्या के मामले में गिरफ्तार किया गया था। आयोग ने अपनी 387 पृष्ठ की रिपोर्ट में कहा है कि दो संदिग्धों के पुलिस पर कीचड़ और मिट्टी फेंकने, पुलिस से हथियार छीनने और अंधाधुंध गोलीबारी करने के बारे में पुलिस के बयान में काफी विसंगतियां हैं। चार संदिग्धों को पुलिस ने 6 दिसंबर को यहां चटनपल्ली में उसी राजमार्ग पर कथित मुठभेड़ में मार गिराया था, जहां 25 वर्षीय पशु चिकित्सक का जला हुआ शव मिला था।

पुलिस ने आरोप लगाया था कि 27 नवंबर 2019 को महिला पशु चिकित्सक का अपहरण कर यौन शोषण किया गया और बाद में उसकी हत्या कर दी गई। उन्होंने कहा था कि बाद में आरोपियों ने महिला के शव को जला दिया था। उच्चतम न्यायालय को सौंपी गई आयोग की रिपोर्ट में कहा गया है कि हमारी राय में, आरोपियों को जानबूझकर मौत के घाट उतारने के इरादे और इस सोच के साथ गोली मार दी गई थी कि गोली लगने से संदिग्धों की मौत हो जाएगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि रिकॉर्ड से पता चलता है कि सुरक्षित गृह से लेकर चटनपल्ली में हुई घटना तक का पुलिस दल का पूरा बयान मनगढ़ंत है। संदिग्धों के लिए पुलिस के हथियार छीनना असंभव था और वे आग्नेयास्त्रों को नहीं चला सकते थे। इसलिए, पूरा बयान अविश्वसनीय है। आगे क्या प्रक्रिया होनी चाहिए, इसके बारे में कुछ सिफारिशें करते हुए आयोग ने कहा कि जिस तरह मॉब लिंचिंग अस्वीकार्य है, उसी तरह तत्काल न्याय का कोई विचार भी अस्वीकार्य है। हर समय कानून का शासन कायम होना चाहिए। अपराध के लिए सजा केवल कानून द्वारा स्थापित प्रक्रिया द्वारा होनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने सिरपुरकर पैनल 12 दिसंबर 2019 को गठित किया था, ताकि एनकाउंटर की निष्पक्ष जांच की जा सके। पैनल को छह माह के अंदर अपनी रिपोर्ट सौंपने को कहा गया था, लेकिन तीन बार इसका कार्यकाल बढ़ाया गया। पैनल में अन्य सदस्य बॉम्बे हाई कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश रेखा सोनदूर बालदोता एवं पूर्व सीबीआई निदेशक डीआर कार्तिकेयन शामिल हैं। तेलंगाना पुलिस ने (शेष पेज 8)

# अश्विनी होंगे एमसीडी के विशेष अधिकारी, ज्ञानेश भारती आयुक्त

- निकाय चुनाव होने से पहले एकीकृत नगर निगम के कामकाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे दोनों अधिकारी

**पायनियर समाचार सेवा**। नई दिल्ली

**केंद्र** ने शुक्रवार को आईएएस अधिकारियों अश्विनी कुमार और ज्ञानेश भारती को क्रमशः एकीकृत दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) का विशेष अधिकारी और आयुक्त नियुक्त किया है। गृह मंत्रालय द्वारा जारी एक आदेश में यह जानकारी दी गई। दिल्ली के तीनों नगर निगमों का 22 मई को औपचारिक तौर पर विलय होने के साथ ही इन अधिकारियों की नियुक्ति प्रभावी हो जाएगी।

निगम अधिकारियों ने कहा कि नए सदन का चुनाव होने तक विशेष अधिकारी निगम के मामलों को संभालने वाला शीर्ष अधिकारी होगा। अश्विनी कुमार एजीएमयूटी कैडर के 1992 बैच के आईएएस अधिकारी है और इससे पहले पुडुचेरी के मुख्य सचिव थे। केंद्र सरकार ने हाल में उनका स्थानांतरण दिल्ली किया था और वह नई तैनाती का इंतजार कर रहे थे। भारती एजीएमयूटी कैडर के 1998 बैच के आईएएस अधिकारी हैं और फिलहाल दक्षिणी दिल्ली नगर निगम के आयुक्त हैं। वह दिल्ली के तीन निगम आयुक्तों में सबसे वरिष्ठ हैं। आदेश के मुताबिक ये नियुक्तियां 22 मई से प्रभावी होंगी जब तीनों नगर निगमों का एकीकरण होगा।

केंद्र ने बुधवार को एक अधिसूचना जारी कर कहा था कि दिल्ली के तीनों नगर निगमों का 22 मई को औपचारिक तौर पर विलय हो जाएगा। एकीकृत एमसीडी के विशेष अधिकारी के रूप में कुमार की नियुक्ति को महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि वह निकाय चुनाव से महीनों पहले एकीकृत नगर निगम के कामकाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उत्तरी दिल्ली नगर निगम (एनडीएमसी) का कार्यकाल मंगलवार को खत्म हो रहा है, जबकि पूर्वी दिल्ली नगर निगम (ईडीएमसी) का कार्यकाल 22 मई को पूरा होगा। दक्षिणी दिल्ली नगर निगम के निर्वाचित प्रतिनिधियों का कार्यकाल बुधवार को खत्म हो गया।

एकीकृत एमसीडी के लिए विशेष अधिकारी और नए आयुक्त की नियुक्ति के बाद नगर निगम के स्टाफ में फेरबदल और पुनर्गठन की कवायद शुरू हो जाएगी। निगम मामलों के विशेषज्ञ और एमसीडी कार्य समिति के पूर्व अध्यक्ष जगदीश ममगई ने कहा कि वर्तमान में तीन नगर निकायों के प्रत्येक विभाग में तीन विभागाध्यक्ष हैं लेकिन एकीकरण के बाद एक विभाग में एक विभागाध्यक्ष होगा। ममगई ने कहा कि इसलिए अब नए आयुक्त और विशेष अधिकारी स्टाफ के फेरबदल की प्रक्रिया शुरू करेंगे क्योंकि इसमें कटौती की जानी है। अधिशेष कर्मचारियों को समायोजित करना उनके लिए एक कार्य होगा।

## यूएन में कश्मीर राग अलापने पर भारत ने पाक पर किया पलटवार

**संयुक्त राष्ट्र (भाषा)**। भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में जम्मू-कश्मीर पर अनुचित टिप्पणी करने के लिए शुक्रवार को पाकिस्तान पर निशाना साधा। भारत ने कहा कि यूएनएससी में पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी की टिप्पणी एक रटी-रटाई प्रतिक्रिया है, जिसका मकसद नई दिल्ली के खिलाफ गलत एवं दुर्भावनापूर्ण दुष्प्रचार फैलाने के लिए किसी भी मंच और हर विषय का दुरुपयोग करना है। भारत की यह प्रतिक्रिया बिलावल द्वारा सुरक्षा परिषद की एक बैठक में जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद-370 के अधिकतर प्रावधानों को समाप्त करने और केंद्र-शासित प्रदेश में परिसीमन आयोग की तरफ से की गई हालिया सिफारिशों का मुद्दा उठाए जाने के बाद आई है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई मिशन के दूत राजेश परिहार ने कहा, पाकिस्तान के प्रतिनिधि ने अनुचित टिप्पणी की है, जो कुछ और नहीं, बल्कि एक रटी-रटाई प्रतिक्रिया है, जिसका मकसद मेरे देश के खिलाफ गलत (शेष पेज 8)

## रेलवे में जमीन के बदले नौकरी घोटाला

# लालू के खिलाफ नया केस 16 जगह सीबीआई के छापे



**पायनियर समाचार सेवा**। नई दिल्ली

**बिहार** के पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व केंद्रीय रेलमंत्री लालू प्रसाद और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ 2004-09 में रेलवे में ग्रुप डी की नौकरियों के बदले पटना में एक लाख वर्ग फुट जमीन कथित तौर पर लेने के आरोप में एक नई प्राथमिकी दर्ज की गई है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

यह मामला तब का है जब संयुक्त प्रगतिशील मोर्चा (संप्रग) सरकार में लालू प्रसाद रेल मंत्री थे। वहीं सीबीआई कार्रवाई पर राष्ट्रीय जनता दल ने तंज कसते हुए ट्वीट किया, 'तोता है, तोतों का क्या।' सीबीआई की आर्थिक अपराध शाखा द्वारा 18 मई को प्राथमिकी दर्ज करने के बाद एजेंसी ने लालू प्रसाद व उनके परिवार के सदस्यों और अन्य आरोपियों के दिल्ली, पटना और गोपालगंज परिसरों में 16 स्थानों पर तलाशी अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने प्रसाद, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और बेटियों मीसा भारती व हेमा यादव के अलावा मुंबई, जबलपुर, कोलकाता, जयपुर, हाजीपुर के रेलवे जोन में नौकरी पाने वाले 12 लोगों को नामजद किया है। केंद्रीय एजेंसी ने रेलवे में (शेष पेज 8)

### नीतीश और तेजस्वी की बैठकों से अटकलें तेज

**बिहार** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राजद के तेजस्वी यादव के बीच हालिया बैठकों ने बिहार में राजनीतिक ताकतों के पुनर्गठन के बारे में अटकलें तेज कर दी हैं। कुमार के जनता दल (यू) और उसकी सहयोगी भाजपा के बीच संबंध भी बहुत सहज नहीं दिख रहे।

### निशाना बनाकर डराने की कोशिश: राजद

**राजद** के प्रवक्ता और राज्यसभा सदस्य मनोज कुमार झा ने सीबीआई की कार्रवाई के बाद अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि वे (भाजपा) किसी को निशाना बनाकर अन्य लोगों को डराने की कोशिश करते हैं। कोई नहीं डरेगा। न हम, न वो और न ही बिहार के लोग। उन्होंने यह नहीं बताया कि अन्य से उनका क्या आशय है? झा ने कहा कि वह सीबीआई की कार्रवाई से हैरान नहीं हैं, लेकिन यह देखकर दुखी हैं कि भाजपा भारतीय लोकतंत्र को कहां ले जा रही है।

## राजनीति में वंशवाद सबसे घातक, कुछ दलों का इकोसिस्टम असल मुद्दों से ध्यान भटकाने में लगा: मोदी

**जयपुर**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकासवाद की राजनीति पर बल देते हुए शुक्रवार को आरोप लगाया कि कुछ पार्टियों का इकोसिस्टम पूरी शक्ति से देश के विकास से जुड़े मुख्य मुद्दों से ध्यान भटकाने में लगा हुआ है, लिहाजा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं व कार्यकर्ताओं को ऐसी पार्टियों के जाल में ना फंसते हुए विकास और राष्ट्रीय हित से जुड़े मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने वंशवाद और परिवारवाद के मुद्दे पर भी कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी पार्टियों पर करारा हमला किया और इस परंपरा को लोकतंत्र के लिए सबसे घातक करार देते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं से इसके खिलाफ अनवरत संघर्ष करने का आह्वान किया। भाजपा के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की तीन दिवसीय बैठक के उद्घाटन सत्र को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने विपक्षी दलों पर यह आरोप भी लगाया कि राजनीतिक स्वार्थ के लिए वह तनाव की छोटी-मोटी घटनाओं (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 54,326 | ↑ 1534 | |
| निफ्टी | 16,266 | ↑ 456 | |
| सोना | 50,608 | ↑ 231 | /10g |
| चांदी | 61,657 | ↑ 585 | /kg |

## क्विक न्यूज

### पैंगोंग सो में चीन उस क्षेत्र में पुल बना रहा है जो 1960 से उसके अवैध कब्जे में है : मंत्रालय

**नई दिल्ली**। भारत ने शुक्रवार को कहा कि चीन द्वारा पैंगोंग सो झील से लगे जिस इलाके में दूसरे पुल का निर्माण किया जा रहा है, वह 1960 से ही उसके (चीन के) अवैध कब्जे में है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि हालांकि भारत ने कभी भी भारतीय क्षेत्र पर ऐसे अवैध कब्जे को स्वीकार नहीं किया है। उन्होंने कहा, हमने उन खबरों को देखा है जिसमें पैंगोंग सो से लगे क्षेत्र में पहले बने पुल के साथ एक पुल बनाए जाने की खबरें आई हैं। उन्होंने कहा, ये दोनों पुल उस क्षेत्र में हैं जो 1960 के बाद से ही चीन के अवैध कब्जे में है। बागची ने यह बयान इस संबंध में मीडिया के सवालों के जवाब में दिया।

# बंगाल के शिक्षा मंत्री की बेटी की नौकरी गई

- हाईकोर्ट का आदेश, लौटाना होगा 41 माह का वेतन

**पायनियर समाचार सेवा**। कोलकाता

**पश्चिम** बंगाल के शिक्षा मंत्री परेश चन्द्र अधिकारी की बेटी अंकिता अधिकारी की नौकरी को कोलकाता हाईकोर्ट ने शुक्रवार को रद्द कर दिया। साथ ही 41 महीने की नौकरी के दौरान प्राप्त सारा वेतन लौटाने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति अभिजीत गंगोपाध्याय ने अंकिता अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि अभी तक मिली राशि को दो किस्तों में रजिस्ट्रार के पास जमा कराएं। साथ ही कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सेवा आयोग के माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से कहा कि अंकिता अधिकारी को नौकरी से हटाया जाए और अगले आदेश तक स्कूल परिसर में प्रवेश नहीं दिया जाए। आदेश के अनुसार अंकिता को वेतन की पहली किस्त सात जून तक और दूसरी किस्त सात जुलाई तक देनी है। उच्च न्यायालय एक अभ्यर्थी द्वारा दायर उस याचिका की सुनवाई कर रहा था, जिसमें दावा किया गया था कि भर्ती परीक्षा में अधिकारी की बेटी के मुकाबले ज्यादा अंक लाने के बावजूद उसे नौकरी नहीं दी गई। याचिकाकर्ता का दावा है कि उसे 77 अंक मिले थे जबकि अंकिता को 61 अंक मिले थे। उच्च न्यायालय ने अंकिता की नियुक्ति की सीबीआई जांच का आदेश दिया है। अदालत ने आदेश दिया कि अंकिता के पद को खाली रखा जाए और उसे याचिकाकर्ता के लिए निर्धारित किया। गौरतलब है कि अंकिता की गैर-कानूनी तरीके से भर्ती के संबंध में पूछताछ के लिए उनके मंत्री पिता सीबीआई के दफ्तर पहुंचे थे।

# नवजोत सिद्धू का समर्पण, भेजे गए पटियाला जेल

- रोडरेज के 34 साल पुराने मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सुनाई थी एक साल सश्रम कारावास की सजा

**पायनियर समाचार सेवा**। पटियाला

**कांग्रेस** नेता नवजोत सिंह सिद्धू ने 1988 के रोड रेज मामले में उच्चतम न्यायालय द्वारा एक साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाए जाने के एक दिन बाद शुक्रवार को एक स्थानीय अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। वरिष्ठ अधिवक्ता एचपीएस वर्मा ने कहा कि सिद्धू ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अमित मल्हान की अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण किया। वर्मा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सिद्धू के साथ अदालत पहुंचे थे।

सिद्धू ने शाम चार बजे के बाद आत्मसमर्पण कर दिया और वहां से उन्हें अनिवार्य चिकित्सकीय जांच के लिए माता कौशल्या अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सा जांच के बाद उन्हें पटियाला केंद्रीय जेल भेज दिया गया। नवतेज सिंह चीमा सहित पार्टी के कुछ नेताओं के साथ 58 वर्षीय सिद्धू जिला अदालत पहुंचे। यह अदालत उनके आवास के पास स्थित है। चीमा, सिद्धू को एसयूवी से अदालत लेकर गए। सिद्धू ने नीले रंग का पठानी सूट पहना हुआ था। इससे पहले शुक्रवार की सुबह कुछ समर्थक सिद्धू के आवास पर पहुंचे। आत्मसमर्पण के लिए कुछ मोहलत की मांग को लेकर उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाए जाने के तुरंत बाद सिद्धू ने आत्मसमर्पण कर दिया। शीर्ष अदालत के न्यायमूर्ति एएम खानविलकर और न्यायमूर्ति जेबी परदीवाला की पीठ ने सिद्धू की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी से कहा कि इस मामले में फैसला एक विशेष पीठ द्वारा सुनाया गया था, इसलिए वह अर्जी



दायर कर सकते हैं और प्रधान न्यायाधीश के समक्ष मामले का उल्लेख कर सकते हैं। सिंघवी ने कहा कि वह प्रधान न्यायाधीश के समक्ष मामले का उल्लेख करने की कोशिश करेंगे।

इस बीच पटियाला में सिद्धू के कुछ समर्थक शुक्रवार की सुबह उनके आवास पर पहुंच गए, लेकिन प्रदेश कांग्रेस का कोई प्रमुख नेता उनके आवास पर या अदालत में उनके साथ नहीं दिखा। हालांकि कांग्रेस की पंजाब इकाई के प्रमुख अमरिन्दर सिंह वाडिंग और वरिष्ठ नेता प्रताप सिंह बाजवा ने सोशल मीडिया पर सिद्धू के पक्ष में अपना समर्थन प्रदर्शित किया। दोनों ने ट्वीट करके कहा कि वे उच्चतम न्यायालय के फैसले का सम्मान करने के साथ ही सिद्धू और उनके परिवार के साथ खड़े हैं। पटियाला जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरिंदर पाल लाली ने गुरुवार रात पार्टी (शेष पेज 8)

## आजम खान 27 माह बाद जेल से बाहर आए



**पायनियर समाचार सेवा**। सीतापुर

**समाजवादी** पार्टी के नेता आजम खान को उच्चतम न्यायालय से अंतरिम जमानत मिलने के बाद शुक्रवार सुबह सीतापुर जेल से रिहा कर दिया गया। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता खान के बेटे और विधायक अब्दुल्ला आजम, प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (लोहिया) के नेता शिवपाल सिंह यादव सहित बड़ी संख्या में समर्थकों ने करीब 27 माह बाद जेल से बाहर आने पर खान का स्वागत किया। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने ट्वीट कर आजम खान की रिहाई का स्वागत किया। यादव ने ट्वीट किया, सपा के वरिष्ठ नेता तथा विधायक आजम खान के जमानत पर (शेष पेज 8)

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 21 मई, 2022




## सार्वजनिक सूचना

**ICICI Bank** | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली–110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह–कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अजय कुमार, रेखा देवी, मकान नंबर 772, न्यू फ्रेंड्स कालोनी, जिंदल स्कूल, रोड सोहना गुरूग्राम, गुरूग्राम खाता सं. :– LBGUR00003097476 | फ्लैट नंबर –401, चतुर्थ तल, एमवीएन एथेंस, टावर–8 तथा बी–2, सेक्टर–5, गुरूग्राम–122001 | 01–04–2022<br>रू. 15,38,214.5/– | 03–01–2022 |
| 2. | मनमोहन सिंह असवाल, मालती असवाल, फ्लैट नंबर सी–37 ए, एलआईजी फ्लैट, बृज विहार, गाजियाबाद, गाजियाबाद खाता सं. :– LBDEL00001063140 | फ्लैट नंबर एस–3, द्वितीय तल, प्लॉट नंबर 5/153, सेक्टर नंबर 5, वैशाली, निकट लक्ष्मी हॉस्पिटल, गाजियाबाद, गाजियाबाद–201012 | 01–04–2022<br>रू. 1,33,536.65/– | 05–01–2022 |
| 3. | पवन कुमार, शांति', 7–ए, पाकेट–आर, दिलशाद गार्डन, दिल्ली खाता सं. :– LBDEL00001750504 | फ्लैट नंबर जी–1, जीएफ, प्लॉट नंबर 178, ब्लॉक–बी, शालीमार गार्डन एक्सटेंशन–2, गाजियाबाद, गाजियाबाद–201001 | 01–04–2022<br>रू. 8,05,927.01/– | 30–12–2021 |
| 4. | राज शर्मा, कुमकुम शर्मा, राम जतन विश्वकर्मा, फ्लैट नंबर 32, द्वितीय तल, ब्लॉक बी–18, पाकेट–1, सेक्टर–34, रोहिणी, बरवाला, दिल्ली खाता सं. :– LBDEL00002404274 | फ्लैट नंबर 32, द्वितीय तल, पाकेट–1, ब्लॉक बी–18, सेक्टर–34अ, रोहिणी, दिल्ली – 110085 | 01–04–2022<br>रू. 10,07,555/– | 06–12–2021 |
| 5. | राकेश कुमार, दीपा शर्मा, रामेश्वर शर्मा, 1/3430, गली किशन लाल, फोरमैन राम नगर एक्सटेंशन, दिल्ली खाता सं. :– LBNOD00001302806 | फ्लैट नंबर बी–205/एफ–1, प्रथम तल, रामप्रस्थ, पार्क व्यू अपार्टमेंट, ब्लॉक–बी, सेक्टर–12, गाजियाबाद, गाजियाबाद–201001 | 01–04–2022<br>रू. 9,51,457.03/– | 10–01–2022 |
| 6. | रंजीत सिंह, करमजीत सिंह, जीके–4, एचआईजी–130, इंदिरापुरम, गाजियाबाद खाता सं. :– LBDEL00000825213 | फ्लैट नंबर 504, शक्ति खंड–III, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, गाजियाबाद–201014 | 01–04–2022<br>रू. 1,16,179/– | 01–12–2021 |
| 7. | संजीव कुमार, सुनंता गंभीर, मकान नंबर –1312, ब्लॉक बी, गौड़ ग्लोबल विलेज, क्रॉसिंग रिपब्लिक, निकट एनएच–24, गाजियाबाद, गाजियाबाद खाता सं. :– LBNOD00002035091 | अपार्टमेंट नंबर बीएस001डी1202, 12वां तल, टावर–1, बुद्ध सर्किट स्टूडियोज, सेक्टर–25, जेपी ग्रीन्स स्पोर्ट्स सिटी, यीडा, ग्रेटर नोएडा, नोएडा– 201307 | 01–04–2022<br>रू. 2,80,733.37/– | 09–08–2021 |
| 8. | एल्ड्रीन लालरोमुओन, रोबोना रेमरूओत्संग साइनेट, रोबोना रेमरूओत्संग साइनेट, 40 एसएफ जनता फ्लैट ब्लॉक, ब्लॉक–केजी 3, विकास पुरी, दिल्ली, दिल्ली खाता सं. :– LBDEL00002382032 | फ्लैट नंबर 38, चतुर्थ तल, ब्लॉक–बी 2, पाकेट–4, सेक्टर–34, रोहिणी, दिल्ली–110085 | 01–04–2022<br>रू. 11,41,805/– | 03–01–2022 |
| 9. | दीपक कौंडर, अनुभा ठाकुर, जे 192, नर विहार 2, सेक्टर–34, नोएडा खाता सं. :– LBDEL00002049587 | फ्लैट नंबर 04, 17वां तल, टावर 1, पारस टिएरा, प्लॉट नंबर जीएच–01, सेक्टर–137, नोएडा, नोएडा – 201301 | 01–04–2022<br>रू. 21,50,698.69/– | 10–01–2022 |
| 10. | दीपक शाह, कुलदीप, एस/ओ सुभाष शाह, 186/ए, गली नंबर 6, हरिजन बस्ती, मीठापुर बदरपुर, साउथ दिल्ली, दिल्ली खाता सं. :– LBDEL00004953172 | फ्लैट नंबर सन 1–0407, प्लॉट नंबर जीएच 01(बी) 1, सेक्टर ईटा 2, ग्रेटर नोएडा, मिगसन विन, ग्रेटर नोएडा, नोएडा–201307 | 01–04–2022<br>रू. 19,04,269.98/– | 03–01–2022 |
| 11. | मोहम्मद सलीम सुल्तान, सामिया सुल्तान, फ्लैट नंबर 0301, तृतीय तल, टावर–ए 3, एक्सक्विसिट, प्लॉट नंबर जीएचपी–0001, सेक्टर–117, नोएडा, उत्तर प्रदेश खाता सं. :– LBDEL00002079310 | फ्लैट नंबर 0301, तृतीय तल, टावर–ए 3, एक्सक्विसिट, प्लॉट नंबर जीएचपी–0001, सेक्टर–117, नोएडा, उत्तर प्रदेश– 201306 | 01–04–2022<br>रू. 18,09,222.77/– | 04–10–2021 |
| 12. | शशि भूषण, सुनीता कुमारी, ए 19, भू तल, मनसाराम उत्तम नगर, दिल्ली खाता सं. :– LBNOD00004863197 | फ्लैट नंबर ई/002, भू तल, ब्लॉक ई, एसपीएलएस आवासीय योजना, खसरा नंबर 1541 मिन 1542 मिन 1543 मिन 1565 मिन 1569 मिन और 1571 मिन जल निगम रोड, एनएच–24, ग्राम खुशलिया, परगना डासना, तहसील और गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201001 | 01–04–2022<br>रू. 15,01,087.69/– | 03–01–2022 |
| 13. | उमा गौड़, सुधीर कुमार, मकान नंबर 187, द्वितीय तल, मानसी विहार, सेक्टर–23, संजय नगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश खाता सं. :– LBDEL00004353303 | फ्लैट नंबर ए–11004, 11वां तल, टावर ए, ग्राम बसंतपुर लैंड क्राफ्ट मेट्रो होम्स, टावर–ए, एनएच–58, एचएलएम कालेज के सामने, मेरठ रोड, सेंतली तहसील, मोदी नगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश –201001 | 01–04–2022<br>रू. 19,42,569/– | 15–01–2022 |
| 14. | योगेश प्रकाश मिश्रा, जय प्रकाश मिश्रा, उपेन्द्र नाथ पांडे, 489/18, उमा नगर, साउथ देवरिया, देवरिया, उत्तर प्रदेश खाता सं. :– LBDEL00001806278 | प्लॉट नंबर 181, पाकेट–सी, सेक्टर–20, यमुना एक्सप्रेसवे, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश–201308 | 01–04–2022<br>रू. 16,23,523.04/– | 13–12–2021 |
| 15. | प्रताप सिंह चौधरी, अंकित चौधरी, एच नंबर 3348 बी, चंदर लोक, मदर्स प्राइड स्कूल, डीएलएफ फेज–4, गुरूग्राम, गुरूग्राम खाता सं. :– LBGUR00002105456 | प्लॉट नंबर 306, मनहर गार्डन, आगरा –282001 | 31–03–2022<br>रू. 26,89,716/– | 06–05–2021 |
| 16. | मुकेश कुमार, मौसम कुमारी, फ्लैट नंबर 416, चार्म्स सॉलिटेयर, अहिंसा खंड–2, इंदिरापुरम, गाजियाबाद खाता सं. :– LBGHZ00002070276 | फ्लैट नंबर 0608, टावर–डी, स्प्रिंग व्यू हाइट्स, ग्राम शाहपुर बम्हेटा, गाजियाबाद–201001 | 31–03–2022<br>रू. 4,782/– | 11–06–2021 |
| 17. | विनीत कुमार, रंजना रानी, फ्लैट नंबर 112, सेक्टर–16 बी, वसुंधरा, गाजियाबाद, गाजियाबाद खाता सं. :– LBNOD00002080644 | फ्लैट नंबर जीएफ 07, भू तल, टावर सी, गार्डेनिया गेटवे, प्लॉट नंबर 09, सेक्टर–75, नोएडा, नोएडा–201301 | 06–04–2022<br>रू. 57,33,457/– | 08–02–2022 |
| 18. | सोनिया वर्मा अजयदीप वर्मा, 191, पाकेट ए, डेल्टा फर्स्ट, बैक साइड इंडियन ऑयल पेट्रोल पम्प, ग्रेटर नोएडा, नोएडा खाता सं. :– LBNOD00003450302 | प्लॉट नंबर 174, ब्लॉक–ए (कासूरीना एस्टेट), सेक्टर–ओमीक्रोन–ए 1, ग्रेटर नोएडा, नोएडा–201307 | 06–04–2022<br>रू. 28,99,195/– | 15–01–2022 |
| 19. | आशीष दास, सुनीता, 214, डीडीए फ्लैट्स, हस्तसाल, विकासपुरी, एनआर केन्द्रीय विद्यालय, नई दिल्ली खाता सं. :– LBDEL00002440013 | फ्लैट नंबर 2302, टावर –ओ, 23वां तल, अजनारा ली गार्डन, प्लॉट नंबर जीएच–02, सेक्टर–16, ग्रेटर नोएडा, नोएडा–201307 | 06–04–2022<br>रू. 27,08,929.12/– | 30–12–2021 |
| 20. | राकेश कुमार, कुसुम, एच नंबर 1/11393, बी 1, गली नंबर 10, दिल्ली–110032, निकट केरोसिन ऑयल डिपो, दिल्ली खाता सं. :– LBDEL00005490364 | फ्लैट नंबर 1 ए/12 ए 05, 12 ए तल, ब्लॉक 1 (पार्ट ए), खसरा नंबर 1015, 1023/1, 1032/2 तथा 1023 मिन, एनएच–58, राजनगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद–201013 | 06–04–2022<br>रू. 21,95,957/– | 05–02–2022 |
| 21. | मोहम्मद शाहिद, मोहम्मद इसरार, एच नंबर आई 549, गली नंबर 7 ए, संगम विहार एस ओ पुष्प भवन, साउथ दिल्ली, दिल्ली– 110062, दिल्ली खाता सं. :– LBDEL00005155312 | फ्लैट नंबर डी–005, एसपीएलएस आवासीय योजना स्थित जल निगम रोड, गोविंद पुरम एक्सटेंशन, ब्लॉक डी, भू तल, खसरा नंबर 1541 मिन 1542 मिन 1543 मिन 1565 मिन 1569 मिन और 1571 मिन, एनएच–24, ग्राम खुशलिया, परगना डासना, गाजियाबाद–201017 | 06–04–2022<br>रू. 18,22,419.5/– | 03–01–2022 |
| 22. | देवी लाल मीणा, डी–कं 11–जाट पिन – 911211 सी/ओ 56 एपीओ, दिल्ली कैंट, नई दिल्ली, दिल्ली खाता सं. :– LBDEL00004724276 | फ्लैट नंबर एच–312, तृतीय तल, "ऑक्सीरिच संस्कृति", फेज–2, टावर एच, खसरा नंबर 302, 304, 214, 215, 216, 217, 218, 225, ग्राम ठाडा, तहसील तिजारा, भिवाडी, अलवर –301001 | 06–04–2022<br>रू. 14,53,134/– | 03–01–2022 |
| 23. | महेन्द्र यादव, द्रोपती ए–29, तृतीय तल, पांडव नगर, दिल्ली खाता सं. :– LBDEL00001983023 | फ्लैट नंबर 401, चतुर्थ तल, टावर बी–8 प्लॉट नंबर जीएच–01, सेक्टर – 16 बी, सुपरटेक ईको विला–2, ग्रेटर नोएडा–201307 | 06–04–2022<br>रू. 14,55,577.3/– | 30–12–2021 |
| 24. | रामजी बरूआ सुदर्शन, सुदर्शन रामकृष्ण चेटलूर, बीजी–1–133 एसएफएस फ्लैट्स, पश्चिम विहार, एस ओ वेस्ट नई दिल्ली, दिल्ली खाता सं. :– LBGUR00004374987 एवं LBGUR00004375337 | फ्लैट नंबर 303, तृतीय तल, टावर –6, वाटिका –टर्निंग प्वाइंट, टावर वेस्ट एंड 6, सेक्टर–88 बी, गुरूग्राम–122001 | 06–04–2022<br>रू. 30,52,958/–<br>रू. 2,37,289.79/– | 30–12–2021 |
| 25. | मनोज कुमार सेठ, मीनू सेठ, जी 253, गली नंबर 33, वेस्ट करावल नगर, नॉर्थ ईस्ट दिल्ली, दिल्ली, दिल्ली खाता सं. :– LBDEL00005345828 एवं LBMAT00004813625 | 228 पर मकान, नगर निगम परिसर सं. 228, न्यू राधेश्याम कालोनी, जयसिंहपुरा बांगर, तहसील और जिला मथुरा–281001 | 06–04–2022<br>रू. 2,07,570/–<br>रू. 10,23,554/– | 03–01–2022 |
| 26. | प्रीति खन्ना, दीपक खन्ना, 747, प्रथम तल स्कूल, व्यू अपार्टमेंट, अरूण विहार, सेक्टर–28, नोएडा खाता सं. :– LBNOD00002361776 एवं LBNOD00005309629 एवं LBDEL00002362672 एवं LBNOD00004620624 | अपार्टमेंट नंबर 306, तृतीय तल, टावर नंबर 12 ए लोटसपैनाश, प्लॉट नंबर जीएच–05, सेक्टर–110 नोएडा –201301 | 06–04–2022<br>रू. 9,25,048/–<br>रू. 3,35,669/–<br>रू. 9,55,294/–<br>रू. 10,01,137/– | 03–01–2022 |
| 27. | प्रेम कांति, वरूण कुमार, 0–203 जयपुरिया सनराइज, ग्रीन इंदिरापुरम, गाजियाबाद खाता सं. :– LBGHZ00004917785 एवं LBGHZ00001810998 एवं LBDEL00002037113 | फ्लैट नंबर 304, द्वितीय तल, प्लॉट नंबर शक्ति खंड–III/64, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, गाजियाबाद – 201001 | 06–04–2022<br>रू. 21,342.78/–<br>रू. 5,83,695.9/–<br>रू. 17,175/– | 03–01–2022 |
| 28. | जय प्रकाश पांडे, शिव कुमारी पांडे, एफ–23 बी, एफ ब्लॉक, ईस्ट विनोद नगर, दिल्ली खाता सं. :– LBDEL00001913727 एवं LBDEL00003505847 | प्लॉट नंबर 1/98, एमआईजी भू तल, सेक्टर–1, वैशाली, गाजियाबाद, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश – 201010 | 06–04–2022<br>रू. 21,18,560.4/–<br>रू. 6,235/– | 03–01–2022 |
| 29. | वरूण मित्तल, शकुंतला, 3/138, प्रथम तल, सुंदर विहार, पश्चिम विहार, नई दिल्ली, पश्चिम विहार, नई दिल्ली, दिल्ली, दिल्ली खाता सं. :– LBDEL00004782801 एवं LBDEL00004782878 | प्लॉट नंबर 138, प्रथम तल, छत का अधिकार नहीं, ब्लॉक–3, सुंदर विहार, पश्चिम विहार, दिल्ली, दिल्ली–110063 | 06–04–2022<br>रू. 19,32,177.2/–<br>रू. 11,02,816.3/– | 29–12–2021 |
| 30. | विनोद कुमार शर्मा, सुकृति शर्मा, डब्ल्यूजैड–122 ए, मीनाक्षी गार्डन, दिल्ली, दिल्ली खाता सं. :– LBDEL00003957823 एवं LBDEL00005314217 | प्लॉट नंबर सी–72, ब्लॉक नंबर सी, सेक्टर–2, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर–201301 | 06–04–2022<br>रू. 6,08,518/–<br>रू. 7,09,881/– | 03–02–2022 |
| 31. | कविता रानी कुमार, परीक्षित कुमार, नितिन कुमार, सुरिन्दर कुमार, वरूण नारंग, फ्लैट नंबर 102, मैत्री अपार्टमेंट, सेक्टर–9, रोहिणी, नई दिल्ली, दिल्ली खाता सं. :– LBDEL00002823292 एवं LBDEL00002831037 | फ्लैट नंबर 14, भू तल, ब्लॉक डी, पाकेट–12, सेक्टर–7, रोहिणी, दिल्ली–110085 | 08–04–2022<br>रू. 22,07,447.6/–<br>रू. 15,21,903.9/– | 03–02–2022 |
| 32. | सतीश कुमार रंगा, सुनीता कुमारी रंगा, आरजैडसी 81, ब्लॉक सी, निकट प्राइमरी स्कूल, मेन रोड, महावीर एन्क्लेव, दिल्ली खाता सं. :– LBDEL00002257352 एवं LBDEL00005163121 | फ्लैट नंबर ए 801, 8वां तल, ब्लॉक ए, प्लॉट नंबर 10, दि पीपुल कंजर्वेटिव सीजीएचएस लि., सेक्टर–18, द्वारका, दिल्ली–110075 | 06–04–2022<br>रू. 38,87,696.9/–<br>रू. 69,759/– | 06–12–2021 |
| 33. | सागर टिक्कू, नेहा कौल, बी 1, प्लॉट नंबर 164, ज्ञान खंड–4, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, गाजियाबाद खाता सं. :– LBNOD00002888922 एवं LBNOD00002923301 | फ्लैट नंबर 25202, 25वां तल, टावर सिनामन, महागुन माईवुड्स, फेज–3, सेक्टर–16 सी, प्लॉट नंबर जीएच–04, ग्रेटर नोएडा, नोएडा–201307 | 08–04–2022<br>रू. 30,13,915/–<br>रू. 80,556/– | 02–07–2021 |
| 34. | मनतोष कुमार, सुसिप्ता दास, 2001, टावर 13, एग्जोटिका ड्रीम विले, प्लॉट नंबर जीएच–01/ए, सेक्टर–16 सी, नोएडा खाता सं. :– LBNOD00002372711 एवं LBNOD00005375768 | फ्लैट नंबर टी–13–2001, 20वां तल, "एग्जोटिका ड्रीमविले" फेज–3, प्लॉट नंबर जीएच–01/ए, सेक्टर–16 सी, नोएडा–201301 | 08–04–2022<br>रू. 25,67,104/–<br>रू. 1,13,715/– | 11–01–2022 |
| 35. | राकेश शाह, रामेश्वर साह, ई–102, पुराना चंद्रावल, सिविल लाइन्स, दिल्ली, दिल्ली खाता सं. :– LBDEL00005133680 एवं LBDEL00004309910 | फ्लैट नंबर 51, ब्लॉक–एफ–18, द्वितीय तल, पाकेट–03, सेक्टर–जी–8, नरेला, दिल्ली–110085 | 08–04–2022<br>रू. 39,736.3/–<br>रू. 12,56,651.8/– | 03–01–2022 |
| 36. | कन्हैया लाल, आलेख कुमार गुप्ता, 15/128, एचआईजी ड्यूपलेक्स, वसुंधरा, गाजियाबाद खाता सं. :– LBDEL00001331569 | फ्लैट नंबर एई–202, अवंतिका चिरंजीव विहार, गाजियाबाद–201001 | 31–03–2022<br>रू. 14,88,896.01/– | 03–01–2022 |


सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 21 मई, 2022 — प्राधिकृत अधिकारी

स्थान : दिल्ली–एनसीआर — आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड


# सोमवार को लांच होगा देश का पहला मेडिकल डिवाइस पार्क

● प्रधिकरण से विदेशी कंपनियों आसानी से खरीद सकेगी जमीन



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास और यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे उत्तर भारत का पहला मेडिकल डिवाइस पार्क विकसित किया जा रहा है।

मेडिकल डिवाइस पार्क में भूखंड आवंटन की प्रक्रिया शुरू होने वाली है। प्लॉट स्कीम 23 मई को लांच की जाएगी। मिली जानकारी के मुताबिक ना केवल भारतीय बल्कि तमाम बहुराष्ट्रीय कंपनियां इस मेडिकल डिवाइस पार्क में जमीन हासिल करना चाहती हैं।

यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ अरुणवीर सिंह ने बताया कि इस मेडिकल डिवाइस पार्क का विकास दो चरणों में किया जाएगा। पहले चरण के तहत 110 एकड़ क्षेत्रफल में भूखंड आवंटन होंगे। इस बार 85 भूखंडों का आवंटन किया जाना है। भूखंड आवंटन योजना 23 मई को घोषित की जा रही है। यह उत्तर भारत का पहला मेडिकल डिवाइस पार्क है। जिसके लिए भारत सरकार ने 100 करोड रुपए प्रोत्साहन राशि दी है। यह धनराशि यमुना एक्सप्रेसवे अथॉरिटी को मिल चुकी है। सीईओ ने आगे बताया कि नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के पास सेक्टर–28 में यह मेडिकल डिवाइस पार्क विकसित किया जा रहा है। जिसका कुल क्षेत्रफल 350 एकड़ निर्धारित किया गया है।

उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश पर यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी ने पिछली बोर्ड बैठक में भूमि आवंटन प्रक्रिया पूरी तरह बदल दी है। अब औद्योगिक, संस्थागत और तमाम दूसरी श्रेणी की जमीनों का आवंटन ऑनलाइन बिडिंग के जरिए किया जाएगा। बोर्ड में मेडिकल डिवाइस पार्क को लेकर एक प्रस्ताव पास किया गया था, जिसके मुताबिक केवल यह योजना ऐसी रहेगीए जिसमें ड्रॉ के जरिए भूखंड आवंटन होगा। मतलब, इच्छुक कंपनियां आवेदन करेंगी। यह आवेदन 85 भूखंडों के लिए मांगे जाएंगे। आवेदन की तारीख खत्म होने के बाद ड्रॉ की तारीख मुकर्रर की जाएगी। जिन कंपनियों के नाम ड्रॉ में आएंगे, उन्हें भूखंड आवंटन कर दिया जाएगा।

# डिफॉल्टर बिल्डर और आवंटियों की सूची बनाने में जुटा प्राधिकरण

**नोएडा।** नंद गोपाल गुप्ता नंदी की समीक्षा बैठक के बाद ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी ने कार्य करना शुरू कर दिया है। औद्योगिक विकास मंत्री ने आदेश दिया था कि डिफॉल्टर लोगों की सूची तैयार करके उन पर कार्रवाई की जाए। उनके आवंटन रद्द किए जाएं। जिस पर अब ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी ने काम करना शुरू कर दिया है। जिन बिल्डरों और आवंटियों की 3 किस्त जमा नहीं हुई होंगी, उनका आवंटन रद्द किया जाएगा। अब इन लोगों को कोई नोटिस जारी नहीं किया जाएगा। सीधे कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि बिल्डरों से जुड़े मामलों में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कार्रवाई करें।

समीक्षा करके अधिकारियों और कर्मचारियों को दंडित किया जाए। नन्द गोपाल नन्दी ने बैठक में कहा, प्राधिकरण के जिन आवंटियों की 3 किस्तें डिफॉल्ट हैं, उनके आवंटन निरस्त कर दिए जाएं। जिनको तीन नोटिस जारी हो गई हों, उन्हें अब और नोटिस नहीं भेजें।

ऐसे आवंटियों के अगले 15 दिनों में आवंटन निरस्त कर दिए जाएं। रविवार तक इनकी सूची बनाकर तैयार कर लें। बिल्डरों से जुड़े मामलों में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कार्रवाई करें। ज्ञात हो प्रधिकरण इस मामले सख्त रवैया अपनाये हुए है।

## विरोध के बीच अवैध फ्लैट और कॉलोनी पर कार्रवाई

**गाजियाबाद।** जीडीए की प्रवर्तन जोन दो व पांच की टीम ने अवैध निर्माण पर ध्वस्तीकरण व सीलिंग की कार्रवाई की। इस दौरान कालोनाइजर व निर्माणकर्ताओं ने विरोध किया, लेकिन पुलिसबल ने उन्हें शांत करा दिया। जीडीए के जोन दो में प्रवर्तन टीम ने मुरादनगर विकास क्षेत्र के असालत नगर से जलालपुर को आने वाली रोड पर विकसित हो रही अवैध कालोनियों पर कार्रवाई की।

अवैध निर्माणाधीन नौ दुकानों को ध्वस्त कर दिया। आठ कालोनियों को विकसित किया जा रहा था, उसपर भी बुल्डोजर चला दिया गया। इस कार्रवाई का निर्माणकर्ताओं ने विरोध किया, भारी पुलिस बल होने के कारण उन्हें शांत कर दिया गया।

## ग्रेनो वेस्ट में 22वीं मंजिल से कूदे युवक-युवती, मौत

● दोनों लिव-इन में रह रहे थेः पुलिस

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित गौर सिटी की 14 एवेन्यू में एक बिल्डिंग की 22वीं मंजिल से युवक–युवती कूद गए।

इससे दोनों की मौके पर मौत हो गई। दोनों के गिरने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए घटनास्थल की जगह खून से लथपथ हो गई। मामला शुक्रवार दोपहर बाद का बताया जा रहा है। मामला बिसरख थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया कि दोनों ने अपना फ्लैट का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया, उसके बाद बालकनी से दोनों ने छलांग लगा दी। पुलिस का कहना दोनों लिव–इन में रह रहे थे। पुलिस के पास दरवाजा खोलने के लिए चाभी नहीं है। इसलिए बिल्डर को बुलाया गया है। कमरे का दरवाजा खोलने के बाद अंदर की स्थिति पता चल पाएगी। दोनों में से किसी भी शव के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पड़ोसियों ने बताया कि जब उन्हें जोर से आवाज आई, तो वहां तक नजर पड़ी। पास जाकर देखा तो युवक और युवती जमीन पर पड़े हुए थे, आसपास खून फैला हुआ था।

## संक्षिप्त समाचार

### पश्चिम बंगाल से अगवा किशोरी आगाहपुर से बरामद

**नोएडा।** पश्चिम बंगाल पुलिस ने नदिया से अगवा की गई किशोरी को नोएडा के आगाहपुर गांव से बरामद किया है। पश्चिम बंगाल पुलिस ने आरोपी युवक को भी गिरफ्तार कर लिया है। थाना सेक्टर–49 के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पश्चिम बंगाल के जनपद नदिया के एक थाना क्षेत्र से 17 वर्षीय किशोरी को सुब्रत नामक युवक मार्च महीने में अगवा कर ले आया था। आरोपी नोएडा के अगाहपुर गांव में किशोरी को जबरन अपने साथ रख रहा था। पश्चिम बंगाल की पुलिस युवक की लोकेशन नोएडा की मिली। इसके बाद वहां की पुलिस गुरुवार रात को नोएडा पहुंची। यहां पर थाना सेक्टर–49 पुलिस से संपर्क किया। फिर थाना पुलिस की मदद से गांव आगाहपुर में छापेमारी कर किशोरी को बरामद किया। साथ ही पुलिस ने आरोपी युवक को भी गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि युवक कई बार किशोरी से दुष्कर्म कर चुका है। पुलिस ने किशोरी की मेडिकल जांच कराई है। उसके परिजनों को भी मामले के बारे में सूचना दी गई है।

### शादी का झांसा देकर इंजीनियर से दुष्कर्म

**नोएडा।** एक युवक ने शादी का झांसा देकर इंजीनियर युवती के साथ दुष्कर्म किया है। जब युवती ने उससे शादी के लिए कहा तो उसने इनकार कर दिया। इसके बाद पीड़िता ने उसके खिलाफ सेक्टर 126 थाने में शिकायत दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। युवती ने बताया कि वह नोएडा में एक आईटी कंपनी में इंजीनियर है। युवती के साथ ही अजय नाम का युवक काम करता है। वह मूलरुप से कानपुर का रहने वाला है। युवती का आरोप है कि आरोपी ने शादी करने का झांसा देकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। कुछ दिन पहले युवती ने उससे शादी करने के लिए कहा। इस पर उसने शादी करने से इनकार कर दिया। फिर युवती ने पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### खराब जीवन शैली से बढ़ रहे दिल के रोग : डॉ विवेका



**नोएडा।** गतिहीन जीवन शैली, शराब के अत्याधिक सेवन से और व्यायाम के अभाव में तेजी से हार्ट रोग के मामलें बढ़ रहे है। ये जानकारी कार्डियोलॉजी के एक कार्यक्रम में मैक्स अस्पताल के कैथ लैब के डायरेक्टर डॉ. विवेका कुमार ने दी। कुमार ने टीवीआर के बारे जानकारी देते हुए बताया कि जो मरीज अपनी स्थिति के कारण सर्जरी नहीं करा सकते है। टीवीआर उन मरीजों के लिए काफी कारगर है। ट्रांस्कैथेटर एआटिक वाल्व रिप्लेसमेंट(टीवीआर) एक ऐसी प्रक्रिया है, जहां एआर्टिक वाल्व को पेरिफेरल ऑर्टियल के जरिय इंप्लांट किया जाता है। अधिकतर मामलों में यह प्रक्रिया मरीज को बिना बेहाश किए पूरी की जाती है। जिसके बाद मरीज को 2–3 दिनों में अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया जाता है। लेकिन नई टेक्नोलॉजी की मदद से माइटल वाल्व और पल्मोनेरी वाल्व रिप्लेसमेंट आदि के मरीजों को पहले ही ठीक किया जा चुका है।

### दस अवैध फैक्ट्रियों के पानी बिजली कनेक्शन काटे

**गाजियाबाद।** प्रशासन, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, विद्युत निगम, नगर निगम की टीम ने साहिबाबाद में दिल्ली से सटे इलाकों में चल रहे अवैध उद्योगों पर छापे मारे। टीम ने इन उद्योगों के बिजली.पानी कनेक्शन काट दिए। जनकपुरी, शहीदनगर, गरीमा गार्डन, भोपुरा, पसौंडा तथा निकटवर्ती क्षेत्रों में अवैध रूप से औद्योगिक इकाइयों द्वारा गंदे पानी को बृज विहार नाले में बहाया जा रहा है। इसकी शिकायत मिलने पर जिलाधिकारी द्वारा गठित टीम ने गुरुवार को चिकंबरपुर बॉर्डर, शहीद नगर वार्ड संख्या.34 के शिवा कंपाउंड में प्रदूषित पानी को अवैध रूप से बहाने वाले 10 अवैध औद्योगिक इकाइयों का पानी और बिजली कनेक्शन काट दिया। मोहन नगर जोनल प्रभारी राजवीर सिंह ने बताया कि सभी औद्योगिक इकाइयों को चेतावनी दे दी गई है।

## ओयो होटल के डस्टबिन में मिला 4 महीने का भ्रूण

● कमरे में साथ रुकी थी दिल्ली की युवती

पाययिर समचार सेवा। नोएडा

नोएडा के थाना फेस–3 क्षेत्र के सेक्टर–71 स्थित एक ओयो होटल में एक 4 माह का भ्रूण मिलने से हड़कंप मच गया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने भ्रूण को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि एक युवक.युवती होटल में भ्रूणको छोड़कर गए हैं। फिलहाल पुलिस होटल के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।

थाना प्रभारी ने बताया कि 18 मई को सूचना मिली थी कि सेक्टर–71 के एक ओयो होटल के कमरे में एक भ्रूण पड़ा है।

सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा कि कमरे में रखे कूड़ेदान के अंदर पॉलीथिन में भ्रूण पड़ा था। पुलिस ने भ्रूण को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

## मकान की तराई करते समय हुआ खूनी संघर्ष

**गाजियाबाद।** सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला रामगढ़ी में मकान की तराई करते समय गाड़ी पर पानी के छींटे पड़ने पर खूनी संघर्ष हो गया।

दो पक्षों में चले सरिए और फावड़े में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपित हत्या की धमकी देकर फरार हो गए। इस मामले में तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

एसएचओ सोमवीर सिंह ने बताया कि आलम ने मोहल्ले के ही मोहम्मद आसिफ, आबिद और अनीस के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है।

## मैजिक पेन से व्यापारी के खाते से लाखों निकाले

● लोन दिलाने के नाम पर लिए थे कैसिंल चेक

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद के वैशाली सेक्टर–3 में शातिर ठगों ने फिल्मी स्टाइल में एक व्यापारी को 5 लाख का चूना लगा दिया। आरोपियों ने व्यापारी को 25 लाख के लोन का झांसा दिया।

आरोपियों ने मैजिक पेन का इस्तेमाल करके व्यापारी के खाते से 5 लाख रुपए निकाल लिए। व्यापारी ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से कार्रवाई की मांग की है। सेफ्टी जैकेट बनाने वाली औद्योगिक इकाई के उद्यमी राकेश गूगलानी ने बताया कि अप्रैल महीने में अमित नामक युवक ने अपने आपको बैंक अधिकारी बताकर फोन किया था। आरोपी ने उन्हें 25 लाख रुपए का लोन दिलाने का झांसा दिया। ठग ने उन्हें बताया कि जिस बैंक में उनका खाता है। उसी बैंक से वह लोन दिलाएगा। आरोपी 10 मई को उनके घर पर दस्तावेज और कैंसिल चेक लेने पहुंचे।

पीड़ित ने आरोप लगाया कि ठग ने उनसे मैजिक पेन का इस्तेमाल करके तीन चेक कैंसिल करा दिए। जिसके बाद आरोपी 12 मई को फिर आया और लोन पास कराने का आश्वासन दिया। ठग ने व्यापारी का फोटो लेने के लिए उसका फोन लिया और शातिर तरीके से फ ोन लेकर मोबाइल से दूसरे नंबर पर कॉल फ ॉरवर्ड कर दी।

ठग ने 13 मई को चेक लगा कर बैंक से पांच लाख रुपए निकाल लिए। रुपया निकलने का मैसेज आने पर राकेश गुगलानी को पता चला। राकेश ने बैंक में संपर्क करने पर पता चला कि वह चेक उसी नंबर का था जो कैंसिल किया था। चेक पर कैंसिल करने का कोई भी निशान नहीं था। जिससे बाद में पता चला कि आरोपियों ने मैजिक पेन का इस्तेमाल किया था।

# बोटैनिकल गार्डन से सेक्टर-142 स्टेशन मेट्रो तक की डीपीआर तैयार

## पहले इसका बजट 2826 करोड़ था, नोएडा ही नहीं बल्कि, दिल्ली के लोगों को भी होगा फायदा

पायनियर समचार सेवा। नोएडा

बोटैनिकल गार्डन और सेक्टर–142 मेट्रो को जोड़ने के लिए डीपीआर तैयार हो गई है। अब बोटैनिकल गार्डन से सेक्टर–142 तक मेट्रो चलेगी। इससे ना ही केवल ग्रेटर नोएडा या नोएडा बल्कि, दिल्ली के निवासियों को भी बड़ा फायदा होगा।

बोटैनिकल गार्डन से सेक्टर–142 मेट्रो स्टेशन मेट्रो की नई लाइन के लिए डीपीआर तैयार हो गई है। अब इसको लेकर नोएडा प्राधिकरण समीक्षा करेगा। जिसके बाद डीपीआर उत्तर प्रदेश शासन को भेजी जाएगी। एनएमआरसी यानी कि नोएडा मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन की एमडी रितु माहेश्वरी ने बताया कि बोटैनिकल गार्डन से सेक्टर–142 स्टेशन तक मेट्रो की नई लाइन के लिए डीपीआर तैयार कर दी गई है। पहले इसका बजट 2826 करोड़ था, लेकिन अब इसमें से 700 करोड़ रुपए के कम हो गए हैं। जिम्मेदार कंपनी ने डीपीआर बनाकर एनएमआरसी को सौंप दी है और अब इस पर समीक्षा होगी। जिसके बाद डीपीआर को उत्तर प्रदेश शासन को भेजा जाएगा। ऋतु माहेश्वरी ने आगे कहा कि बोटैनिकल गार्डन से सेक्टर–142 स्टेशन जुड़ने के बाद ग्रेटर नोएडा या नोएडा ही नहीं बल्कि, दिल्ली के निवासियों को भी बेहद फायदा होगा। यहां की कनेक्टिविटी और भी ज्यादा तेज होगी। यहां पर नई मेट्रो लाइन का इंटरचेंज स्टेशन बनेगा। फिलहाल लोगों को ग्रेटर नोएडा से बोटैनिकल गार्डन आने के लिए विभिन्न परेशानियों का सामना करना पड़ता है, लेकिन इस लाइन के बनने के बाद ग्रेटर नोएडा और नोएडा आवागमन के बीच कोई भी दिक्कत नहीं होगी।



इस रूट पर सामान्य मेट्रो चलाई जाएंगी। इस लाइन पर करीब 10 लाख लोग हर महीने सफ र करेंगे। आपको बता दें कि साल 2016 में दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने इस रूट की डीपीआर तैयार की थी। उस समय बताया गया था कि इस लाइन पर करीब 2826 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। उस डीपीआर को उत्तर प्रदेश शासन ने स्वीकार नहीं किया था और संशोधन करने के लिए कहा गया था। अब डीपीआर में संशोधन हो गया है और करीब 700 करोड रुपए कम भी हो गए हैं। अधिकारी ने बताया कि इस लाइन पर 6 मेट्रो स्टेशन प्रस्तावित हैं। जिनमें सेक्टर–136, 91, 93, 98, 125 और 94 शामिल हैं। मेट्रो को ब्लू लाइन मजेंटा लाइन के जरिए दिल्ली व एनसीआर के अलग–अलग हिस्से में जोड़ा जाएगा। इससे लोगों को समय की बचत भी होगी।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली–110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी–9 सेक्टर–3, नोएडा–201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 21 मई, 2022




# गौरैया संरक्षण के लिए मांडू नगर वन में बनेगा पक्षी ग्राम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

गौरैया को संरक्षित करने के लिए दिल्ली की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार ने पूर्वी दिल्ली के गढ़ी मांडू नगर वन में गौरैया ग्राम की स्थापना की है।

गौरैया ग्राम में कीट घर और तितलियों के लिए प्राकृतिक पर्यावास को भी विकसित किया गया है। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पर्यावरण मंत्री ने कहा कि प्रदूषण और कीटनाशकों के अत्याधिक इस्तेमाल की वजह से गौरैया की संख्या में कमी आई है। राय ने कहा कि इस पर विचार करते हुए वन और वन्य जीव विभाग पक्षी की इस प्रजाति के संरक्षण के लिए पारिस्थितिकी माहौल देने का प्रयास कर रहा है। राय ने कहा कि हमने गौरैया ग्राम में पक्षी की इस प्रजाति को प्रजनन स्थल और भोजन का स्रोत मुहैया कराने का प्रयास किया है। हम न केवल दिल्ली में हरित क्षेत्र का विस्तार करना चाहते हैं बल्कि स्वस्थ पारिस्थितिकी प्रणाली भी स्थापित करना



चाहते हैं, जिससे पक्षियों और जानवरों को अनुकूल वातावरण मिले। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी के कई अन्य स्थानों पर भी गौरैया ग्राम बनाने की योजना है। इसके साथ ही सामान्य जनता के लिए हर्बल गार्डन की सुविधा भी उपलब्ध कराइ गई है। उन्होंने बताया कि कुछ साल पहले गौरैयों की संख्या में तेजी से गिरावट हुई है। कई अध्ययनों में दिल्ली में बढ़ते शहरीकरण और कीटनाशकों के अंधाधुंध उपयोग और विद्युत चुम्बकीय विकिरण जिम्मेदार ठहराया गया था। कृषि में बढ़ रहें कीटनाशकों के उपयोग से गौरैया पक्षियों के लिए भोजन की कमी होने से प्रजाति भी विलुप्त होती जा रही है।

### विश्व स्तरीय 4 सिटी फॉरेस्ट का होगा निर्माण

दिल्ली में हरियाल बढ़ाने के लिए वन एवं वन्य जीव विभाग ने विश्व स्तरीय 4 सिटी फारेस्ट विकसित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इनमें दक्षिण पश्चिम दिलली का मित्राओं सिटी फारेस्ट, उत्तरी दिल्ली का अलीपुर सिटी फारेस्ट , पूर्वी दिल्ली का गढ़ी मांडू सिटी फारेस्ट और दक्षिण दिल्ली का जौनापुर सिटी फारेस्ट शामिल है। यह चारों सिटी फारेस्ट दिल्ली के लगभग 286 एकड़ में फैले हुए हैं।

# रोबोट से बुझेगी आग, फायर कर्मी होंगे सुरक्षित



- देश में पहली बार दिल्ली में होगा आधुनिक सुविधाओं से लैस रोबोट का इस्तेमाल, आग से 100 मीटर दूर रहेंगे अग्निशमनकर्मी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

अब फायर फाइटर्स को आग में झुलसकर अपनी जान नहीं गंवानी पड़ेगी। यूरोपीय देशों की तर्ज पर राजधानी दिल्ली में भी अब रोबोट आग बुझाएंगे।

दमकल विभाग ने अपने बेड़े में दो फायर फाइटर रोबोट को शामिल किया है। रोबोट की मदद से आग बुझाने वाला दिल्ली देश का संभवत: पहला राज्य बन गया है। ये रिमोट कंट्रोल फायर फाइटिंग रोबोट तंग गलियों, गोदाम, बेसमेंट, जंगल की आग, फोर्सेबल एंट्री पॉइंट, अंडरग्राउंड या ह्यूमन रिस्क वाले तमाम इलाकों, तेल एवं केमिकल टैंकर, फैक्ट्री जैसी जगहों पर आसानी से पहुंच सकते हैं। साथ ही सीढ़ियों पर चढ़कर व शीशे तोड़कर भी आग बुझाने में सक्षम हैं। इनकों चलाने के लिए दिल्ली फायर सर्विस के फायर फाइटर्स को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट कर कहा, उनकी सरकार ने रिमोट कंट्रोल्ड फायर फाइटिंग मशीनें खरीदी है। अब बहादुर फायरमैन 100 मीटर की दूरी से आग से लड़ सकता है।

यह क्षति को कम करेगा और कीमती जीवन को बचाने में मदद करेगा। फिलहाल अभी दो रोबोट मंगाएं हैं। ट्राइल सफल होने पर ऐसे और भी रोबोट मंगाए जाएंगे। ऐसे बचेगी जांबाज जवानों की जान रोबोट ऐसे मैटेरियल से बना है, जिस पर आग, धुएं, गर्मी या किसी भी अन्य बाहरी विषय परिस्थिति का कोई असर नहीं पड़ता है। इसके निचले हिस्से में सेना के टैंकों की तरह टायरों के ऊपर क्रॉलर बेल्ट (ट्रैक) लगी होती है, जिसकी मदद से यह किसी भी जगह पर आसानी से जा सकता है।

इसमें वैंटिलेशन फैन भी है, जिससे मशीन को ठंडा रखने के लिए इस्तेमाल कर सकते है। यह करीब 100 मीटर का इलाका एक साथ कवर कर सकता है और तुरंत आग पर काबू पाने में सक्षम है। गृहमंत्री सत्येंद्र जैन ने बताया कि रोबोट को चलाने के लिए दमकल कर्मियों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। एक अलग एसओपी भी बनाई गई है, जिसका पालन करते हुए आग पर काबू पाने के लिए किया जाएगा।

### एक मिनट में 2400 लीटर पानी फेंकता है

दिल्ली फायर सर्विस के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि दमकल में लगे पानी के पाइप रोबोट में फिट हो जाते हैं। रिमोट से इसे आग वाले जगह की तरफ भेजा जाता है। इमारत में लगी आग के धुएं को रोबॉट अपने वेंटिलेटर सिस्टम से बाहर निकालता है। रोबोट एक मिनट में 2400 लीटर पानी छिड़कता है। इनमें लगा स्प्रे पानी को छोटी बूंदों में बांटकर 100 मीटर दूर तक फेंकता है। इस रोबोट को दमकल की गाड़ियों के साथ जोड़कर प्रभावित क्षेत्र में पानी का छिड़काव किया जाता है। इसमें 60 लीटर का डीजल फ्यूल टैंक लगा है। खास बात यह है कि ये रोबोट 360 डिग्री पर चारो तरफ घूम जाते हैं, इससे तंग गलियों में इसे ऑपरेट किया जा सकता है।

# इस साल आग की 2,000 से अधिक घटनाएं, 42 की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी में भीषण गर्मी बढ़ते ही आग की घटनाओं ने भी तेजी से इजाफा हुआ है। इस साल 19 मई तक आग से जुड़ी 2,000 से अधिक घटनाएं हो चुकी हैं जिनमें 42 लोगों की मौत हुई है और 117 अन्य लोग घायल हुए हैं।

डीएफएस को आग से संबंधित 2,145 घटनाओं की कॉल आईं। दमकल विभाग ने कहा कि दिल्ली में मई 2021 में आग की 2,174 घटनाएं सामने आईं थीं जबकि मई 2020 में यह संख्या 2,325 के करीब थी। मई 2019 में दिल्ली में आग की 3,297 घटनाएं दर्ज की गई थीं। प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक मई 2019 में आग की घटनाओं में 18 लोगों की मौत हुई थी। मई 2020 में 10 लोगों की जान गई थी जबकि मई 2021 में 41 लोगों की मौत हुई थी।



### साइकिल बाजार में लगी भीषण आग, हताहत नहीं

नई दिल्ली। झंडेवालान साइकिल बाजार में शुक्रवार की दोपहर भीषण आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दमकल की 27 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। आग पर कई घंटे बाद काबू पाया जा सका।

स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने ट्वीट कर घटना की जानकारी दी। उन्होंने ट्वीट किया, एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई है, दिल्ली के झंडेवालान में वीडियोकॉन टावर के पास साइकिल बाजार में आग लग गई।

## संक्षिप्त समाचार



दिल्ली प्रदेश कांग्रेस का शिष्टमंडल मानवाधिकार आयोग पहुंचे।

### राहुल भट्ट के परिजनों को सुरक्षा देने की मांग

**नई दिल्ली।** दिल्ली कांग्रेस ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को शुक्रवार ज्ञापन सौंपा और राहुल भट्ट के परिवार की सुरक्षा की मांग की। भट्ट की हाल में आतंकवादियों ने कश्मीर के चढ़ूरा में गोली मारकर हत्या कर दी थी। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के विधिक और मानवाधिकार विभाग के एक शिष्टमंडल ने वकील सुनील कुमार के नेतृत्व में आयोग के महासचिव देवेंद्र कुमार सिंह से मुलाकात की और उनसे भट्ट के परिवार की सुरक्षा के लिए एक समिति का गठन करने की मांग की। पार्टी की ओर से जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई। कुमार ने कहा कि शिष्टमंडल ने आयोग से आग्रह किया कि जम्मू कश्मीर प्रशासन को भट्ट की विधवा को मुआवजे के तौर पर एक करोड़ रुपए देने का निर्देश दिया जाए तथा घाटी में कश्मीरी पंडितों और उनके परिजनों को सुरक्षा मुहैया कराई जाए।

### कॉलेज ऑफ आर्ट के विलय से कर्मचारी नाराज

**नई दिल्ली।** कॉलेज ऑफ आर्ट के आंबेडकर विश्वविद्यालय में विलय से कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। कॉलेज ऑफ आर्ट के कर्मचारी संघ ने उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर कॉलेज के आंबेडकर विवि में विलय को रोकने के लिए तत्काल कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। यह कदम ऐसे दिन उठाया गया है जब बी. आर. आंबेडकर विश्वविद्यालय ने एक अधिसूचना जारी कर कॉलेज ऑफ आर्ट में स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया की शुरुआत की है।

### जेएनयू में सीयूईटी से होंगे स्नातकोत्तर में दाखिले

**नई दिल्ली।** जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय ने शुक्रवार को कहा कि वह इस साल से स्नातकोत्तर और एडवांस डिप्लामा पाठ्यक्रमों में दाखिला साझा विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) के माध्यम से देगा। आवेदन की प्रक्रिया शुक्रवार से शुरू हो रही है जो 18 जून को समाप्त होगी। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा इस साल से स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में सीयूईटी के माध्यम से दाखिले का फैसला लिए जाने के एक दिन बाद जेएनयू ने उक्त घोषणा की है।

# मंगोलपुरी में पर्याप्त पुलिस बल नहीं मिलने से तोड़फोड़ कार्रवाई रद्द

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मंगोलपुरी इलाके में शुक्रवार को शुरू होने वाला अतिक्रमण विरोधी अभियान पर्याप्त पुलिस बल नहीं मिलने के कारण रद्द कर दिया गया। उत्तर दिल्ली नगर निगम ने कहा कि पर्याप्त पुलिस बल की अनुपलब्धता के कारण बुधवार और गुरुवार को भी सुल्तानपुरी के मछली बाजार और जगदंबा मार्केट में अभियान रद्द कर दिया गया था।

मंगोलपुरी के कटरान बाजार इलाके में सड़कों और सरकारी जमीन से अस्थाई और स्थाई अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाया जाना था। मंगोलपुरी के कतरान बाजार के आसपास के इलाके में शुक्रवार को अतिक्रमण रोधी अभियान चलाया जाना था, लेकिन पर्याप्त पुलिस बल की अनुपलब्धता के कारण इसे रद्द कर दिया गया।

गौरतलब है कि पिछले महीने दक्षिणी दिल्ली नगर निगम को इसी कारण से जसोला-सरिता विहार में अभियान रद्द करना पड़ा था। शाहीन बाग, जहांगीरपुरी सहित राष्ट्रीय राजधानी के विभिन्न हिस्सों में पिछले एक महीने में तीनों नगर निगमों द्वारा अतिक्रमण रोधी अभियान चलाए गए हैं। जहांगीरपुरी इलाके में अतिक्रमण रोधी अभियान के दौरान एनडीएमसी पिछले महीने वपक्षी दलों के निशाने पर आ गई थी।

# नए सत्र में सौ पौधे लगाएगा प्रत्येक स्कूल, छात्र-शिक्षक करेंगे देखभाल

- पूरे साल डेढ़ लाख पौधे लगाने का लक्ष्य, जिनमें 40 हजार पेड़ और 1.1 लाख झाड़ी रोपी जाएंगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

शिक्षा निदेशालय ने राष्ट्रीय राजधानी के सभी स्कूलों से कहा है कि वे अकादमिक सत्र 2022-23 के दौरान अपने ईको-क्लब सदस्यों के जरिए कम से कम डेढ़ लाख पौधे लगाएं।

डीओई ने सभी स्कूलों के प्रधानाध्यापकों और कर्मचारियों से इस अभियान में हिस्सा लेने और छात्रों के साथ मिलकर नियमित तौर पर पौधों की देखभाल करने को भी कहा है। शिक्षा निदेशालय ने स्कूलों को भेजे गए पत्र में सभी स्कूलों में ईको-क्लब सदस्यों के माध्यम से अकादमिक सत्र 2022-23 के दौरान डेढ़ लाख पौधे लगाए जाएं, जिसमें 40 हजार पेड़ और 1.1 लाख झाड़ी शामिल हैं। पत्र में कहा गया है, सभी स्कूलों द्वारा खुली जगहों पर पौधारोपण का 50 प्रतिशत लक्ष्य 15 अगस्त तक हासिल कर लिया जाना चाहिए। सभी स्कूलों के प्रधानाध्यापक मुफ्त में पौधे ले सकते हैं। मौजूदा सत्र में हर स्कूल के लिए कम से कम सौ पौधे लगाने का लक्ष्य भी निर्धारित किया है।

# लाजपत नगर के पार्क से कचरा हटाने का आदेश

- उच्च न्यायालय ने एसडीएमसी, डीएमआरसी और सरकार को दिए निर्देश




**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को निर्देश दिया कि यहां लाजपत नगर मेट्रो स्टेशन और मूलचंद अस्पताल के बीच एक पार्क में अवैध निर्माण और कचरे को हटाया जाए। अदालत ने पार्क पर बने अवैध अतिक्रमण को हटाने, कचरा साफ करने, चहारदीवारी बनाने और हरित पट्टी कायम रखने का अनुरोध करने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए दक्षिण दिल्ली नगर निगम, दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन, दिल्ली सरकार और दिल्ली पुलिस को जवाब दाखिल करने को कहा।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश विपिन संघी और न्यायमूर्ति सचिन दत्ता की एक पीठ ने कहा, प्रतिवादियों को निर्देश दिया जाता है कि हरित क्षेत्र से कचरा और अवैध निर्माण हटाने के लिए कदम उठाए जाएं और इस संबंध में रिपोर्ट दायर करें। एसडीएमसी की ओर से पेश हुए वकील अजय दिगपॉल और कमल आर दिगपॉल ने कहा कि क्षेत्र को मेट्रो लाइन के निर्माण के लिए डीएमआरसी को दिया गया था।

इस पर डीएमआरसी के वकील ने कहा कि वह इस मुद्दे पर निर्देश लेकर अदालत को इसकी सूचना देंगे। लाजपत नगर-तीन के निवासियों की ओर से रेजिडेंट एसोसिएशन द्वारा याचिका दायर की गई थी जिसमें कहा गया था कि मुख्य रिंग रोड पर स्थित पार्क की स्थिति दयनीय है और यह असामाजिक तत्वों के पनपने की जगह बन गया है।

### सोमनाथ भारती के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

**नई दिल्ली/सुलतानपुर।** दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) विधायक सोमनाथ भारती पर अमेठी में दर्ज एक मामले का संज्ञान लेते हुए सांसद-विधायक अदालत (एमपी-एमएलए कोर्ट) ने उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है।

सोमनाथ भारती के खिलाफ जनवरी 2021 में अमेठी जिले के जगदीशपुर थाने में दर्ज मामले में पुलिस ने मानहानि और ठेस पहुंचाने की धारा में रिपोर्ट अदालत में भेजी। रिपोर्ट का संज्ञान लेते हुए सांसद-विधायक अदालत, सुलतानपुर के विशेष न्यायाधीश ने वारंट जारी किया है।

# राजधानी में जल्द पर्यटकों को लुभाएगी नीली झील

- पुनर्विकास का काम एक महीने में आरंभ हो जाएगा: अधिकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

असोला भट्टी वन्यजीव अभयारण्य के घने जंगलों के बीच स्थित मनमोहक नीली झील अब पर्यटकों को लुभाएगी।

झील के पुनर्विकास का काम एक महीने के भीतर आरंभ हो जाएग। दिल्ली वन विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी है कि इस योजना में हरित रंगशाला, जैविक शौचालय, एक पगडंडी और इलेक्ट्रिक चौपहिया वाहन पुनर्विकास योजना का हिस्सा होंगे। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने



पिछले साल पांच जून को घोषणा की थी कि शहर की सरकार संरक्षण शिक्षा प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए दिल्ली की सबसे बड़ी झील-नीली झील को एक पारिस्थितिकी पर्यटन केंद्र के रूप में पुनर्विकसित करने की योजना बना रही है। एक अधिकारी ने बताया कि वन विभाग इस परियोजना के लिए सिंचाई और खाद्य नियंत्रण विभाग के इंजीनियर की विशेषज्ञता का उपयोग करेगा और इस परियोजना पर एक महीने में काम शुरू हो जाएगा। करीब 2,166 एकड़ में फैली भट्टी खदानों में लगभग 35 साल पहले खनन कार्य बंद कर दिया गया था। दशकों की खुदाई के दौरान बने गहरे गड्ढे साफ नीले पानी वाली खूबसूरत झीलों में तब्दील हो गए हैं। अभयारण्य के मुख्य द्वार से 15 किलोमीटर की दूरी पर स्थित नीली झील इनमें सबसे बड़ी झील है। विभाग की योजना के अनुसार, झील पर घास के मैदान में स्थित रंगशाला विकसित की जाएगी और जैविक-शौचालयों की व्यवस्था की जाएगी। जब तक विभाग इलेक्ट्रॉनिक चौपहिया वाहन नहीं खरीद लेता, तब तक शुरुआत में लोग अपनी कार से झील आ सकेंगे। अभयारण्य के अंदर मोबाइल नेटवर्क कमजोर है और पगडंडी अच्छी तरह से चिह्नित नहीं है, इसलिए झील तक जाने वाले उब्बड़-खाबड़ कच्चे रास्ते पर संकेतक लगाए जाएंगे।


## सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अनुपम मेहरोत्रा, नम्रता कक्कड़, फ्लैट -375, टावर-जे, पांचवां एवेन्यू गौड़ सिटी-1, गौतमबुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा वेस्ट/ LBNOD00004970130 | फ्लैट नंबर बी-2506, 25वां तल, टावर बी, अजनारा पैनोरामा टावर, प्लॉट नंबर जीएच-04, सेक्टर-22, यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास क्षेत्र जिला ग्रेटर नोएडा, नोएडा-201307 | 06-04-20 रू. 32,29,322.72/- | 30.09. 2021 |
| 2. | रेखा गुप्ता, अंश गुप्ता, एच नंबर एच-297, प्लॉट नंबर 29, राम कृष्ण विहार, पटपड़गंज आईपी एक्सटेंशन, नई दिल्ली/ LBDEL00002127538 | ए-706, प्लॉट नंबर 08 ए, सेक्टर चाई-4, दूर्वा ग्रीन्स, जिला गौतमबुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा-201307 | 06-04-20 रू. 78,29,686/- | 31.01. 2021 |
| 3. | रोहित शर्मा, प्रमोद कुमार शर्मा, आर/6-130, राज नगर, गाजियाबाद/ LBDEL00002086511 | फ्लैट नंबर बी-1406, 14वां तल, स्नोबेरी टावर ग्रीनआर्च, प्लॉट नंबर जीएच 10 ए, सेक्टर टेकजोन-4, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, नोएडा-201307 | 06-04-20 रू. 26,61,742.25/- | 31.01. 2021 |
| 4. | सुमंत कुमार शाह, सीमा देवी, एच नंबर वाई-143, गली -7।, लक्ष्मी विहार, आदर्श एन्क्लेव, प्रेम नगर-।।, किराड़ी सुलेमान नगर/ LBDEL00005128183 | प्लॉट नंबर 4/428, पाकेट-4, प्रथम तल, सेक्टर-22, रोहिणी, दिल्ली-110085 | 06-04-20 रू. 29,84,121.6/- | 11.06. 2021 |
| 5. | तुषार माहेश्वरी, अंजुमन, एच नंबर 39 बी, पाकेट ए, डीडीए फ्लैट्स, सुखदेव विहार, नई दिल्ली/ LBDEL00002388968 | फ्लैट नंबर 1206, 12वां तल, सुपरनोवा ईस्ट सुपरटेक, सुपर नोवा प्लॉट नंबर 03, सेक्टर 94, नोएडा-201301 | 06-04-20 रू. 61,13,840/- | 30.09. 2021 |
| 6. | वीनू जैन, पुनीत जैन, ई 162, प्लॉट 8, पाकेट 4, जलवायु विहार ग्रेटर नोएडा, रामपुर जागीर एल ए, सूरजपुर, गौतमबुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा/ LBNOD00002413370 | फ्लैट नंबर 4021, द्वितीय तल, टावर 4, एटीएस एल्योर, प्लॉट नंबर पी 7/टीएस-02 ए, सेक्टर-22 डी, यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण, नोएडा, नोएडा-201307 | 06-04-20 रू. 41,05,872/- | 30.09. 2021 |
| 7. | अभिषेक कुमार, कोमल शरण, बी-20, प्रथम तल, पर्यावरण कॉम्प्लेक्स, साकेत/ LBGHZ00005193256 | फ्लैट नंबर सी 2/701, 7वां तल, टावर नंबर सी 2, श्री वर्धमान गार्डेनिया, सेक्टर-10, सोनीपत, हरियाणा -131001 | 06-04-20 रू. 44,35,418/- | 06.05. 2021 |
| 8. | अमरजीत सिंह भाटिया, सतवंत कौर, फ्लैट नंबर 904, एवरेस्ट टावर, ओमेक्स हाइट्स, सेक्टर-86, फरीदाबाद/ LBFDB00002507638 | फ्लैट नंबर एएम-बी-704, 7वां तल, टावर बी, प्लॉट नंबर जीएच-01, अजनारा एम्ब्रोसिया, सेक्टर-118, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, नोएडा- 201301 | 06-04-20 रू. 44,52,463/- | 31.10. 2021 |
| 9. | सुशील कुमार भगत, पूजा, ए 2-84 बी, हस्तसाल रोड, उत्तम नगर, नई दिल्ली/ LBGUR00004949441 | यूनिट नंबर सी-12/336, प्रथम तल, यमुना विहार, दिल्ली-110053 | 06-04-20 रू. 51,24,843/- | 31.12. 2020 |
| 10. | स्वाति सिन्हा, जितेन्द्र कुमार सिन्हा, 103, टावर 7, पंचशील प्रतिष्ठा, सेक्टर-75, प्लॉट नंबर 16, नोएडा/ LBDEL00002670585 | फ्लैट नंबर 103, प्रथम तल, टावर 7, पंचशील प्रतिष्ठा, प्लॉट नंबर 16, सेक्टर-75, गौतमबुद्ध नगर, नोएडा-201301 | 06-04-20 रू. 52,59,315/- | 06.03. 2021 |
| 11. | सुरिन्दर कुमार, सिम्मी चंदेल, 152 ए, डी ब्लॉक, पटेल गार्डन, ककरौला ग्राम/ LBDEL00002359676 | फ्लैट नंबर बी-1801, 18वां तल, टावर बी, एस्टेला, सेक्टर-103, गुरूग्राम, हरियाणा, ग्राम धनवापुर टीकमपुर, गुरूग्राम-122022 | 06-04-20 रू. 52,06,696/- | 06.05. 2021 |
| 12. | अभिजीत दत्ता, अदिति दत्ता, सी 1001, सनसिटी हाइट्स, सेक्टर-53, डीएलएफ गोल्फ कोर्स रोड/ LBGUR00002171589 | हार्मोनी 1 के/ई/1605, बीठोवन्स 8, 16वां तल, सेक्टर-107, गुरूग्राम-122002 | 06-04-20 रू. 54,81,229/- | 06.05. 2021 |
| 13. | कनुज टंडन, मुदित गुप्ता, डब्ल्यूजैड-35, द्वितीय तल, असालतपुर जनकपुरी बी-1, वेस्ट दिल्ली, नई दिल्ली/ LBDEL00004944199 | फ्लैट नंबर 2, 9वां तल, खसरा नंबर 123 124 133/659, साउथ कोर्ट 2, ग्राम नरसिंहपुर, सांगानेर, जयपुर-302017 | 06-04-20 रू. 50,29,644/- | 06.05. 2021 |
| 14. | सरोज कुमार, नेहा नंदा ए-1, भू तल, प्लॉट नंबर 719, नीति खंड-1, इंदिरापुरम, गाजियाबाद/ LBFDB00002713198 | फ्लैट नंबर 1, भू तल, नीति खंड-1/719, इंदिरापुरम, गाजियाबाद | 08-04-20 रू. 59,09,827/- | 31.01. 2021 |
| 15. | सरोज कुमार, नेहा नंदा ए-1, भू तल, प्लॉट नंबर 719, नीति खंड-1, इंदिरापुरम, गाजियाबाद/ LBFDB00002713228 | फ्लैट नंबर बी-2, प्रथम तल, प्लॉट नंबर 215, नीति खंड, इंदिरापुरम, गाजियाबाद | 08-04-20 रू. 10,44,801/- | 31.01. 2021 |
| 16. | अंकित बत्रा, पुष्पा बत्रा, 25 बोरबोलेटा एसटी टारनीट, विक्टोरियानीट, मेलबोर्न 3029/ LBGHZ00004755611 | फ्लैट नंबर 402, चतुर्थ तल, स्पीडवे एवेन्यू-टावर 3ए, प्लॉट नंबर जीएच-ए 2, सेक्टर-25, जेपी ग्रीन्स, ग्रेटर नोएडा-201307 | 08-04-20 रू. 5,53,18,614/- | 03.01. 2022 |
| 17. | विक्रम मधोक, ध्रुव मधोक, बी-362, न्यू फ्रेन्ड्स कालोनी/ LBDEL00001980242 | 2802, 28वां तल, टावर -केआरएच-14, क्रीसेंट होम्स, विशटाउन नोएडा, जेपी ग्रीन्स, नोएडा-201301 | 06-04-20 रू. 46,13,344/- | 31.01. 2021 |
| 18. | पूनम तोमर, कुशल पाल सिंह, आर 164 बी, प्रताप विहार, एफ और आर ब्लॉक, गाजियाबाद तथा आर ब्लॉक/ LBGHZ00002666057 | विला नंबर ई 107, प्लॉट नंबर जीएच-ए, सेक्टर-सूरजपुर साइट सी (एक्सटेंशन) फेज-1, नोएडा | 17-03-20 रू. 22,38,726.99/- | 06.03. 2021 |
| 19. | अमित गोयल, राजरानी, पीसी गोयल, 25, प्रथम तल, शक्ति खंड-4, इंदिरापुरम, उत्तर प्रदेश/ LBGHZ00004305281 | फ्लैट नंबर 1804, 18वां तल, टावर टी 2, प्लॉट नंबर जीएच-16 एफ, यूनिबेरा टावर 3, 4 एवं 5, सेक्टर-1, ग्रेटर नोएडा, नोएडा, उत्तर प्रदेश | 12-03-20 रू. 72,63,351.84/- | 31.01. 2021 |
| 20. | अमित गोयल, राजरानी, पीसी गोयल, 25, प्रथम तल, शक्ति खंड-4, इंदिरापुरम, उत्तर प्रदेश/ LBGUR00003332303 | फ्लैट नंबर टी 02/1502, 14वां तल, आरपीएस औरिया, सेक्टर-88, फरीदाबाद | 12-03-20 रू. 58,20,541.92/- | 31.01. 2021 |
| 21. | शाश्वत गर्ग, राज कुमार गर्ग, कुहेली विनकॉम प्रा. लि., रजत गर्ग, सीमा गर्ग, आर-12/53 राज नगर, कवि नगर/ LBGHZ00005231159 | आर-12/53 राज नगर, कवि नगर, गाजियाबाद | 26-03-20 रू. 2,55,75,132.92/- | 03.01. 2022 |
| 22. | शाश्वत गर्ग, राज कुमार गर्ग, कुहेली विनकॉम प्रा. लि., रजत गर्ग, सीमा गर्ग, आर-12/53 राज नगर, कवि नगर/ LBGHZ00005339955R | आर-12/53 राज नगर, कवि नगर, गाजियाबाद | 26-03-20 रू. 49,47,274/- | 03.01. 2022 |
| 23. | अरविंदर पाल सिंह, अंगद सिंह, गोल्फ लिंक, लोदी रोड एच ओ, लोदी रोड,/ LBDEL00002186042 | प्लॉट नंबर 97, ब्लॉक 10, भू तल, गोल्फ लिंक, दिल्ली-110003 | 04-04-20 रू. 1,51,74,244.43/- | 11.01. 2022 |
| 24. | अरविंदर पाल सिंह, अंगद सिंह, गोल्फ लिंक, लोदी रोड एच ओ, लोदी रोड,/ LBDEL00002186043 | प्लॉट नंबर 97, ब्लॉक 10, भू तल, गोल्फ लिंक, दिल्ली-110003 | 04-04-20 रू. 39,26,222.65/- | 11.01. 2022 |
| 25. | अरविंदर पाल सिंह, अंगद सिंह, गोल्फ लिंक, लोदी रोड एच ओ, लोदी रोड,/ LBDEL00002432285 | प्लॉट नंबर 97, ब्लॉक 10, भू तल, गोल्फ लिंक, दिल्ली-110003 | 04-04-20 रू. 41,79,414/- | 11.01. 2022 |
| 26. | अरविंदर पाल सिंह, अंगद सिंह, गोल्फ लिंक, लोदी रोड एच ओ, लोदी रोड,/ LBDEL000507979797 | प्लॉट नंबर 97, ब्लॉक 10, भू तल, गोल्फ लिंक, दिल्ली-110003 | 04-04-20 रू. 1,75,79,230/- | 11.01. 2022 |
| 27. | अरविंदर पाल सिंह, अंगद सिंह, गोल्फ लिंक, लोदी रोड एच ओ, लोदी रोड,/ LBFDB00005361609 | प्लॉट नंबर 97, ब्लॉक 10, भू तल, गोल्फ लिंक, दिल्ली-110003 | 04-04-20 रू. 77,27,811/- | 11.01. 2022 |
| 28. | अरविंदर पाल सिंह, अंगद सिंह, गोल्फ लिंक, लोदी रोड एच ओ, लोदी रोड, / LBDEL00002921407 | प्लॉट नंबर 97, ब्लॉक 10, भू तल, गोल्फ लिंक, दिल्ली-110003 | 04-04-20 रू. 35,95,082/- | 11.01. 2022 |
| 29. | हितेन्दर कुमार बबीता ए उपाध्याय ब्लॉक शकरपुर शकरपुर / LBDEL00002052747246 | पेंट हाउस केएसआई 0042501, विशटाउन नोएडा, जेपी ग्रीन्स, नोएडा | 04-04-20 रू. 1,85,996/- | 31.01. 2021 |
| 30. | हितेन्दर कुमार बबीता ए उपाध्याय ब्लॉक शकरपुर शकरपुर / LBDEL00002048909246 | पेंट हाउस केएसआई 0042501, विशटाउन नोएडा, जेपी ग्रीन्स, नोएडा | 04-04-20 रू. 66,51,454/- | 31.01. 2021 |
| 31. | टैक्ट इंडिया प्रा. लि., अखिलेश कपूर, नीरू कपूर, टैक्ट इंडिया प्रा. लि., 51, हारटोन कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-18, इलेक्ट्रॉनिक्स सिटी/ LBDEL00004898448 | प्लॉट नंबर 51, हारट्रोन कॉम्प्लेक्स, इलेक्ट्रॉनिक सिटी, सेक्टर-18, गुरूग्राम | 04-04-20 रू. 1,99,90,073.2/- | 12.01. 2022 |
| 32. | टैक्ट इंडिया प्रा. लि., अखिलेश कपूर, नीरू कपूर, टैक्ट इंडिया प्रा. लि., 51, हारटोन कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-18, इलेक्ट्रॉनिक्स सिटी/ LBDEL00005448598 | प्लॉट नंबर 51, हारट्रोन कॉम्प्लेक्स, इलेक्ट्रॉनिक सिटी, सेक्टर-18, गुरूग्राम | 04-04-20 रू. 23,62,030/- | 12.01. 2022 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 21 मई, 2022
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# मैंने राजनीति छोड़ दी समाजनीति कर रहा हूं : नवीन जयहिंद

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**


पत्रकारों से बात करते नवीन जयहिंद।

**आम** आदमी पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष रहे नवीन जयहिंद ने कहा कि उन्होंने राजनीति छोड़ दी है और वे सिर्फ समाजनीति कर रहे हैं। समाज के हित में काम कर रहे हैं। सर्व समाज के युवाओं को उन्होंने आह्वान किया कि वे अपने समाज के लिए आवाज उठाएं, नहीं तो सत्तासीन दल हमें आगे नहीं बढ़ने देंगे। यह बात उन्होंने शुक्रवार को यहां पत्रकार वार्ता में कही।

रोहतक के गांव पहरावर में भगवान परशुराम का मंदिर, स्कूल, अस्पताल बनाने वाली जगह पर विवाद को लेकर नवीन जयहिंद ने कहा कि वहां 16 एकड़ जमीन का यह मामला 13 साल पुराना वर्ष 2009 का है। यह जमीन 200 करोड़ रुपये कीमत की है। सरकार ने इस जमीन का 8.86 करोड़ रुपये डेवेलपमेंट चार्ज का लेटर भेजा है, जो कि अनुचित है। उन्होंने कहा कि हम 8.86 करोड़ क्या 8 आने भी नहीं देंगे। सरकार अगर 22 तक इसका नोटिफिकेशन जारी नहीं करती है तो ऐलान-ए-जंग होगा। उन्होंने कहा कि पूरे हरियाणा से एक हजार एक ब्राह्मण प्रतिनिधि वहां फरसा लेकर पहुंचेंगे। हर बिरादरी से अपील है कि एक ईंट व एक फरसा अपने साथ लेकर आएं।

नवीन जयहिंद ने कहा कि उन्होंने इस समारोह के लिए

## बोले, कश्मीरी पंडितों को फिल्म नहीं एके-47 दे सरकार

## रोहतक के गांव पहरावर में परशुराम जयंती में पहुंचने का गुरुग्राम वालों को दिया न्यौता

मुख्यमंत्री मनोहरलाल, उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के अलावा प्रदेश के सभी लोकसभा व राज्यसभा सांसदों तथा विधायकों को 22 मई को पहरावर में होने वाली परशुराम जयंती में पहुंचने का न्यौता भी दिया है। जो आएगा और मांग का समर्थन करेगा, उसका सम्मान करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अगर मुख्यमंत्री मनोहर लाल परशुराम जयंती समारोह में ब्राह्मणों की जमीन वापसी का पत्र लेकर आते हैं तो हम उनका स्वागत करेंगे। अगर ऐसा नहीं करते हैं तो उनका जयंती में आने का कोई औचित्य नहीं है।

जयहिन्द ने कहा कि वह जमीन पहरावर (ब्राह्मणों का गांव) की जमीन थी, जो कि गौड़ संस्था को स्कूल, कॉलेज, हॉस्पिटल बनाने के लिए दी गयी थी। सरकार द्वारा उस जमीन पर कब्जा कर लिया गया। इस मामले को लेकर कुछ फीस भी ब्राह्मण समाज सरकार को जमा करवा चुका है।

अब वह ब्राह्मणों की जमीन वापिस ब्राह्मणों के देने के लिके ब्राह्मणों से ही आठ करोड़ रुपये मांग रहे हैं। जयहिन्द ने कहा कोई भी नेता व पार्टियां ब्राह्मणों को सिर्फ वोट बैंक समझना बंद करें। अब पहले की तरह खीर खाने वाले ब्राह्मण नहीं है। अपने हक को पाने के लिए ब्राह्मण समाज सक्रिय हो चुका है। उन्होंने बेरोजगारों की भी लड़ाई लड़ने की बात कही।

# ब्राह्मण समाज को गुमराह कर रहे नवीन जयहिंद : जीएल शर्मा

## ब्राह्मण समाज को जमीन दे दी गई तो फिर विवाद कैसा


जीएल शर्मा।

**गुरुग्राम।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं ब्राह्मण समाज के नेता जीएल शर्मा ने कहा है कि रोहतक के पहरावर में ब्राह्मण समाज की जमीन का कोई विवाद ही नहीं है। उन्होंने साफ किया कि जो विवाद था, उसे सुलझाया जा चुका है। जमीन ब्राह्मण समाज को मिल चुकी है।

जीएल शर्मा ने कहा कि नवीन जयहिंद अपनी राजनैतिक रोटियां सेकने के लिए ब्राह्मण समाज को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष जीएल शर्मा ने कहा कि आप के प्रदेश अध्यक्ष रहे नवीन जयहिंद कहा कि नवीन सिर्फ अपनी राजनीतिक जमीन तलाश रहे हैं, और वे इसके लिए ब्राह्मण समाज को इस्तेमाल करना चाह रहे हैं। जीएल शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण समाज के लोग समझदार हैं और वे नवीन जयहिंद के मंसूबों को कामयाब नहीं होने देंगे। ब्राह्मण समाज जागरूक समाज हैपता है कि नवीन केवल राजनीति जमीन तलाशने के लिए हथकंडे अपना रहे हैं। जीएल शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भी इस मामले में पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर और सांसद अरविंद शर्मा से बात करके स्थिति साफ की है। यह साफहो चुका है कि यह जमीन ब्राह्मण समाज के पास ही रहेगी। जीएल शर्मा ने सवाल किया कि खुद को ब्राह्मण समाज का नेता बता रहे नवीन जयहिंद आज तक कितनी बार भगवान परशुराम को लेकर कार्यक्रम किए हैं, वे इतने दिनों आम आदमी पार्टी में रहे तब तो उन्हें ब्राह्मणों की याद नहीं आई, अब राजनीति में असफलताओं के चलते ब्राह्मणों के कंधे पर हाथ रखकर राजनैतिक रोटियां तोड़ना आसान नहीं होगा।

# वीआईपी क्षेत्र सिविल लाइन में नशे में धुत युवती को गाड़ी से फेंक गये युवक!

## शुक्रवार अलसुबह 5:15 बजे की है घटना

## युवती शराब के नशे में बेहोशी की हालत में थी

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**


गुरुग्राम के सिविल लाइन क्षेत्र में शराब के नशे में धुत सड़क पर पड़ी युवती।

**शुक्रवार** की अलसुबह शहर के वीआईपी इलाके सिविल लाइन क्षेत्र में सड़क पर एक युवती पड़ी मिली। युवती शराब के नशे में थी और बेहोशी की हालत में थी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और युवती को साथ ले गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उस युवती को एक गाड़ी में से कुछ युवकों ने फेंका और फरार हो गए।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह 5:15 बजे स्वर्ण जयंती पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह के निकट एक गाड़ी आई। जिसमें कुछ युवक सवार थे। विश्राम गृह के पास वह गाड़ी रुकी और युवती को खिड़की में से युवकों ने धक्का देकर नीचे फेंक दिया। इसके तुरंत बाद वे मौके से फरार हो गए। अपने काम पर जा रहे कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि वह युवती उस समय थोड़ा होश में थी और दिल्ली के बदरपुर छोड़ने की बात युवकों से कह रही थी। युवकों ने उसकी कुछ नहीं सुनी और गाड़ी से धक्का दे दिया। सड़क पर गिरने के बाद युवती बेहोशी की हालत में हो गई। उसने बहुत अधिक शराब पी रखी थी।

राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। थाना सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची। युवती को उठाया और साथ ले गई। थाने में होश आने के बाद युवती से पूछताछ की गई। युवती ने पुलिस को बताया कि वह अपने कुछ दोस्तों के साथ आई थी। उसने ज्यादा शराब पी ली थी, इसलिए नशा हो गया। इसलिए उसके दोस्त उसे यहीं छोड़कर चले गए जांच अधिकारी ने बताया कि युवती ने किसी के खिलाफ कोई भी कार्रवाई नहीं करने का बयान दिया। इसके बाद वह चली गई। हालांकि जांच अधिकारी ने युवती के बारे में कुछ ज्यादा बताने से इंकार कर दिया।

### पुलिस सुरक्षा पर भी लोगों ने उठाए सवाल

**सिविल** लाइन में पूर्व मंत्री राव नरबीर सिंह का आवास एवं कार्यालय और कामकाजी महिला आवास समेत सभी जिला के बड़े अधिकारियों के आवास एवं कार्यालय हैं। जिस जगह पर गाड़ी से युवती को फेंका गया, वह वीआईपी क्षेत्र सिविल लाइन में सुरक्षाा पर सवाल खड़े करता है।

### इतने हल्के में नहीं लेना चाहिए पुलिस को

**घटना** के समय मौके पर मौजूद लोगों ने भी कहा कि अगर वीआईपी क्षेत्र में यह हाल है तो फिर आम कालोनियों में क्या होगा। पुलिस ने युवती के बयान लेकर उसे इतनी आसानी से छोड़ भी दिया। पुलिस ने इस घटना को इतना हल्का समझ लिया कि उसने कोई ठोस कार्रवाई करनी मुनासिब नहीं समझी। भले ही युवती ने शिकायत ना दी हो, लेकिन इस घटना को हल्के में लिया जाना सही नहीं।

# हर परिस्थिति में लड़ने और खड़े होने की जरूरत : दिवांशी गुप्ता


विश्वविद्यालय में स्टार्टअप पर वक्तव्य देती दिवांशी गुप्ता व उपस्थित कॉमर्स के विद्यार्थी।

## छात्रों ने अपनी रचनात्मक सोच के आधार पर नए स्टार्टअप के लिए प्रस्तुत की अपनी व्यापार योजना

**गुरुग्राम।** छात्रों में इनोवेशन और एंटरप्रेन्योरशिप को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गुरुग्राम विश्वविद्यालय के डिपार्टमेंट ऑफ कॉमर्स द्वारा बिजनेस प्लान प्रेजेंटेशन के तहत-द नेक्स्ट बिग आइडिया विषय पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बिजनेस प्लान प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता के तहत विवि के 9 ग्रुप ने पूरे उत्साह से भाग लिया। प्रत्येक समूह में 5 विद्यार्थी रहे। जिसमें छात्रों ने अपनी क्रिएटिव सोच के आधार पर नए स्टार्टअप के लिए बिजनेस प्लान प्रेजेंटेशन दिया।

बिजनेस प्लान प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में विवि के कृषि केयर एप्प समूह विजेता रही। कार्यक्रम में छात्रों को इनोवेशन, स्टार्टअप, एंटरप्रेन्योरशिप के क्षेत्र में कैसे आगे बढ़ा जाये और किस तरह वे अपनी रचनात्मक विचार को रियलिटी में बदल सकते हैं, इस विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य वक्ता दा मारकोम एवेन्यू की निदेशक एवं यूकांजी की संस्थापक दिवांशी गुप्ता ने कहा कि हमें छात्रों में इनोवेशन और एंटरप्रेन्योरशिप की संस्कृति को विकसित करना होगा, जिससे छात्र नौकरी खोजने की बजाय रोजगार क्रिएट करने पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकें। उन्होंने अपना उदाहरण देते हुए छात्रों को बताया कि अपने सपनों को पूरा करने के लिए हमें कड़ी मेहनत और लगन से लगना होता है। सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। आज से 10 साल पहले मैंने 2012 में डांस हेल्पलाइन यूकांजी कंपनी की शुरुआत की थी। काम करते हुए मार्ग में बहुत सी चुनौतियां आई। फिर भी मैंने कभी हार नहीं मानी और निरंतर आगे बढ़ती रही। इसी का परिणाम है कि आज यूकांजी का कारोबार भारत के 243 शहरों में तथा विश्व के 34 देशों में फैल चुका है। उन्होंने आगे कहा सफलता और असफलता दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। हर परिस्थिति में आपको लड़ने और खड़े होने की जरूरत है, तभी आप टफ कंपीटिशन का सामना कर आगे बढ़ पाएंगे। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे गुरुग्राम विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय के छात्रों के इनोवेशन और स्टार्टअप आइडिया को नई दिशा देने के लिए गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कॉमर्स डिपार्टमेंट ने कार्यक्रम आयोजित किया है।

# फाइल पर दोबारा ऑब्जेक्शन लगाया तो निलंबन होगा

## हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डा. कमल गुप्ता पहुंचे गुरुग्राम

## बंधवाड़ी लैंडफिल साईट का दौरा करने सहित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ की बैठक

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**


गुरुग्राम-फरीदाबाद रोड स्थित बंधवाड़ी प्लांट का दौरा करते मंत्री कमल गुप्ता।

**हरियाणा** के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डा. कमल गुप्ता शक्रवार को गुरुग्राम पहुंचे। उन्होंने गुरुग्राम-फरीदाबाद रोड स्थित बंधवाड़ी कचरा प्रबंधन प्लांट का दौरा किया। साथ ही प्लांट के बारे में विस्तृत जानकारी लेने के साथ ही अधिकारियों एवं इकोग्रीन एनर्जी के प्रतिनिधियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी अधिकारी किसी भी फाईल पर दोबारा ऑब्जेक्शन ना लगाएं। अगर ऐसा किया जाता है, तो उसे निलंबित करने की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट लगाने के कार्य की शुरूआत जल्द से जल्द की जाए। इसके लिए मौजूदा पड़े कचरे का प्रबंधन तेज गति से करवाएं। उन्होंने साइट पर लगाए गए लीचेट ट्रीटमेंट प्लांट को भी देखा। शहरी स्थानीय निकाय मंत्री ने स्थानीय लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में मेयर टीम एवं निगम पार्षदों के साथ बैठक की तथा सभी से उनके वार्डों से संबंधित जानकारी प्राप्त की। बैठक में निगम पार्षदों ने नगर निगम के चीफ इंजीनियर की कार्यप्रणाली की शिकायत की तथा कहा कि सभी पार्षद उक्त अधिकारी से परेशान हैं। सभी ने मांग की कि उक्त अधिकारी का सेवा विस्तार ना किए जाए। इसके अलावा एक और चीफ इंजीनियर की नियुक्ति जल्द से जल्द करने की बात पार्षदों द्वारा कही गई। निगम पार्षदों ने कहा कि नगर निगम का दायरा बढ़ने से स्टाफ की कमी हो गई है, इसलिए स्टाफ में भी बढ़ोतरी करने, वार्ड वाईज एक जेसीबी, एक ट्रैक्टर-ट्रॉली व 10 श्रमिक उपलब्ध करवाने, सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने, मार्केट क्षेत्रों में स्थित वैंडिंग जोन को शिफ्ट करने, सामुदायिक केन्द्रों में स्थाई सफाई कर्मचारी नियुक्त किए जाएं ।

# बजाज आलियांज लाइफ ने अपने पॉलिसीधारकों के लिए लगातार 21वें वर्ष बोनस की घोषणा की

**पायनियर समाचार सेवा। पुणे**

## वित्त वर्ष 2022 के लिए, 11.6 लाख से अधिक पॉलिसीधारक लाभान्वित होंगे

## 1,070 करोड़ रुपये से अधिक के बोनस की घोषणा की गई

**भारत** की अग्रणी निजी जीवन बीमा कंपनियों में से एक, बजाज आलियांज लाइफ ने अपने पॉलिसीधारकों द्वारा कंपनी पर भरोसा बनाए रखने के लिए वित्त वर्ष 2022 में लगातार 21वें वर्ष उनके लिए सुसंगत बोनस की घोषणा की है। कंपनी ने अपने पॉलिसीधारकों के लिए लगभग 1,070 करोड़ रुपये के बोनस की घोषणा की। इसमें 840 करोड़ रुपये का नियमित प्रत्यावर्ती बोनस और 230 करोड़ रुपये के टर्मिनल और नकद बोनस शामिल हैं जिनका भुगतान वित्त वर्ष 2022 में कर दिया गया है।

बजाज आलियांज लाइफ के साथ अपने जीवन लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करने वाले 11.62 लाख से अधिक पात्र निष्ठावान पॉलिसीधारक इस घोषणा से लाभान्वित होंगे। कंपनी द्वारा घोषित बोनस उन सभी प्रतिभागी पॉलिसियों के लिए है, जो 31 मार्च, 2022 तक पूर्ण बीमित राशि के लिए लागू हैं, और जिनके लिए ग्राहक नियमित रूप से प्रीमियम का भुगतान कर रहे हैं। घोषित नियमित प्रत्यावर्ती बोनस परिपक्वता या पॉलिसीधारक की मृत्यु के समयदेय है। यह बोनस वित्त वर्ष 2022 के लिए कंपनी के प्रतिभागी पॉलिसीधारकों के फंड से हुई अधिशेष आय से वित्त पोषित किया जाएगा। इस घोषणा पर टिप्पणी करते हुए, बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, तरुण चुघ ने कहा, हमें खुशी है कि हम पिछले 21 वर्षों से लगातार बोनस की घोषणा करते रहे हैं, जो हमारे ग्राहकों को उनके जीवन लक्ष्य को हासिल करने में उन्हें सक्षम बनाने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हम उपयोगी उत्पादों और सर्वोत्तम कोटि की सेवाओं की पेशकश करते हुए संगठन के प्रस्ताव को मजबूत करना जारी रखेंगे।

ये बोनस पॉलिसियों पर घोषणा किए जाने वाले वार्षिक बोनस के अलावा होंगे ताकि हमारे ग्राहकों के दीर्घकालिक वित्तीय लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित की जा सके। बजाज आलियांज लाइफ को केयर रेटिंग्स से एएए (आईएस ) स्टेबल की रेटिंग प्राप्त है जो वित्तीय दायित्वों को समयबद्ध तरीके से पूरा किए जाने के संबंध में उच्चतम स्तर की सुरक्षा का संकेतक है। ऐसे जारीकर्ता सबसे कम ऋण जोखिम उठाते हैं। वित्त वर्ष 21 -22 के आंकड़ों के अनुसार कंपनी में एक दिन की दावा अनुमोदन प्रक्रिया है।

केयर रेटिंग्स प्रेस रिलीज के अनुसार उचित दस्तावेज के साथ हमें प्राप्त कुल 95 फीसदी व्यक्तिगत दावों को एक दिन में अनुमोदित किया गया।

# किक्कोमैन इंडिया ने नया उत्पाद किक्कोमैन ऑयस्टर फ्लेवर्ड सॉस'' लॉन्च करने की घोषणा की

## भारत के प्रमुख शहरों में विस्तार करने के लिए कंपनी मीट यूज एक्सपीरियंस और रेसिपी डिवेलपमेंट की गतिविधियां संचालित करेगी

**पायनियर समाचार सेवा। दिल्ली**



**दुनिया** भर में कुदरती सोया सॉस के अग्रणी उत्पादक, किक्कोमैन कॉरपोरेशन, ने भारत में पहली बार किक्कोमैन ऑयस्टर फ्लेवर्ड सॉस के लॉन्च की घोषणा की है। यह सॉस 100 फीसदी शाकाहारी है, जो शाकाहारी और मांसाहारी दोनों तरह के खानों को स्वादिष्ट और लजीज बनाता है।

किक्कोमैन इंडिया ने भारत में सोया सॉस का वितरण करने के लिए देश के प्रमुख शहरों में फूड इंडस्ट्रीज मार्केट के माध्यम से मीट-यूज-एक्सपीरियंस और रेसिपी डिवेलपमेंट की गतिविधियों की भी शुरुआत की, जिसमें भारत के शीर्ष शेफ्स के सहयोग में सोया सॉस के इस्तेमाल से 100 मल्टी-क्विजीन रेसिपी बताई गई हैं। किक्कोमैन ने अपने उत्पादों की श्रृंखला में किक्कोमैन ऑयस्टर फ्लेवर्ड सॉस का संकलन किया है। यह सावधानी से बनाया गया लजीज, और स्वादिष्ट सॉस है। यह भारत में सबसे बढ़िया ऑयस्टर के स्वाद वाला सॉस बनने के लिए तैयार है। भारतीय बाजार में लॉन्चिंग के लिए नए उद्देश्य से तैयार किया गया प्रॉडक्ट कंपनी की दो साल की गहन रिसर्च का परिणाम है। किक्कोमैन के 350 साल से ज्यादा के इतिहास से उत्पन्न बरसों के अनुभव का भी भारत में सॉस की लॉन्चिंग में बेहतरीन सहयोग मिला। इस क्षेत्र में नई रिसर्च का काम 2020 के शुरुआती महीनों में कंपनी के जापान, सिंगापुर और भारत में फैली टीमों ने किया। यह वही समय था, जब भारत में कोरोना का प्रकोप फैल रहा था। उस समय यात्रा पर लगाए गए प्रतिबंधों के कारण टीमों का यात्रा करना मुश्किल था। इस टीमों ने अपनी-अपनी लैब में स्वतंत्र रूप से काम किया और तरह-तरह के टेस्ट संबंधी ट्रायल के लिए विश्व के कई प्रोफेशनल शेफ के साथ काम किया, जिसमें भारत के शेफ भी शामिल थे। टीम अपनी मेहनत के बलबूते भारत के लिए खास तरह का उत्पाद बनाने में सफल रही, जिसका स्वाद वाकई बेहद शानदार और प्रामाणिक था।

किक्कोमैन के ऑयस्टर फ्लेवर्ड सॉस के बेहद स्वादिष्ट होने का राज यह है कि इसमें किक्कोमैन के सोया सॉस को मुख्य तत्व के रूप में प्रयोग किया गया है। किक्कोमैन सोया सॉस के इस्तेमाल से ऑयस्टर के स्वाद वाला यह सॉस ज्यादा स्वादिष्ट बन जाता है। इससे शानदार सुगंध और महक पैदा होती है, जिससे यह सॉस भारत में बेहद लोकप्रिय मांसाहारी ऑयस्टर फ्लेवर्ड सॉस से स्वाद के मामले में बराबरी करता है।

# बर्लिंगटन इंग्लिश ने गुरुकुल द स्कूल, गाजियाबाद से ट्रांसफॉर्मेशन पार्टनरशिप प्रोग्राम को करार किया

## साझेदारी कार्यक्रम छात्रों और शिक्षकों के लिए अपने किस्म की अनूठी, डिजिटल

**पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद**



**बर्लिंगटन** इंग्लिश ने गाजियाबाद स्थित, गुरुकुल द स्कूल के साथ मल्टी-ट्रैक जुड़ाव के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह अंग्रेजी भाषा सीखने के सोल्यूशन (समाधान) का अग्रणी वैश्विक प्रदाता है। यह साझेदारी अपने शिक्षकों के सशक्तिकरण के स्कूल के प्रयासों को बेहतर करने पर केंद्रित होगी ताकि उनके संचार और अंग्रेजी भाषा प्रवीणता कौशल को बेहतर किया जा सके और बीस्पोक लर्नर एंगेजमेंट प्रोग्राम तैयार किए जा सकें।

बर्लिंगटन इंग्लिश अभिनव और अनूठे समाधानों की पेशकश करता है जो अंग्रेजी सीखने के लिए एक मिश्रित दृष्टिकोण का उपयोग करते हैं। इसके लिए ऑनलाइन इंटरऐक्टिव पाठों को शिक्षक के नेतृत्व वाले इन-क्लास कक्षाओं से मिला दिया जाता है। यह अंग्रेजी भाषा सीखने के तरीके को बेहतर बनाने की दिशा में काम करता है और इसके लिए सामग्री व प्रौद्योगिकी को एकीकृत करके भाषा सीखने के तरीको के बेहतर करने का काम करता है। सामग्री वितरण विकल्पों की हमारी रेंज छात्रों और शिक्षकों दोनों को लचीलापन प्रदान करती है और यह सुनिश्चित करने में मदद करती है कि सीखना अंग्रेजी भाषा की कक्षा की सीमाओं से बाहर निकले। मेटावर्स शिक्षा प्रौद्योगिकी क्षेत्र में सबसे चर्चित विषयों में से एक बन गया है और बर्लिंगटन इंग्लिश का केंद्र बिंदु इसका अभिनव एआई-सक्षम भाषण-प्रसंस्करण और प्रशिक्षण मंच है। सचिन वत्स, गुरुकुल द स्कूल के संस्थापक निदेशक ने कहा गुरुकुल द स्कूल और बर्लिंगटन इंग्लिश के दृष्टिकोण के बीच मुझे जो सामान्य दिखाई देता है, वह हमारे छात्रों को सर्वोत्तम सीखने के अवसर प्रदान करने का जुनून, ईमानदारी और इच्छा है। मुझे विश्वास है कि इस साझेदारी के माध्यम से, हम अपने शिक्षकों को न केवल उनकी दक्षता को मजबूत करके, बल्कि उन्हें स्वयं का एक पूर्ण संस्करण बनाने में मदद करके उन्हें सशक्त बनाने में मददगार हो सकेंगे। देश के भावी नागरिक बनाने के प्रयास में खुशियां बढ़ेंगी। द बर्लिंगटन ग्रुप ऑफ कंपनीज के मुख्य कार्यकारी अधिकारी,रत्नेश झा ने कहा, आधुनिक दुनिया में अंग्रेजी सीखने की आवश्यकता का कोई मुकाबला नहीं है।

# पुलिस व प्रशासन के कर्मचारियों ने ली आतंकवाद विरोधी शपथ


गुरुग्राम में आतंकवाद विरोधी दिवस पर शपथ लेते पुलिस व प्रशासन के कर्मचारी।

## गुरुग्राम में मनाया गया आतंकवाद विरोधी दिवस

**गुरुग्राम।** स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में नगराधीश दर्शन यादव ने आतंकवाद विरोधी दिवस के उपलक्ष में जिला के अधिकारियों व कर्मचारियों को सभी प्रकार के आतंकवाद और हिंसा का विरोध करने की शपथ दिलाई।

पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि 21 मई को हर वर्ष आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाया जाता है, क्योंकि राजीव गांधी की मृत्यु आतंकवादी घटना में हुई थी। इस दिन लोगों को आतंकवाद और किसी भी प्रकार की हिंसा का विरोध करने की शपथ दिलाई जाती है। इस बार 21 मई को शनिवार को अवकाश होने की वजह से सरकार द्वारा यह दिवस शुक्रवार 20 मई को मनाने का निर्णय लिया गया। नगराधीश दर्शन यादव ने सर्वप्रथम सभी उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलाई कि हम भारतवासी अपने देश की अहिंसा एवं सहनशीलता की परंपरा में दृढ़ विश्वास रखते हैं। निष्ठापूर्वक शपथ लेते हैं कि हम सभी प्रकार के आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करेंगे। हम मानव जाति के सभी वर्गों के बीच शान्ति, सामाजिक सद्भाव तथा सूझ-बूझ कायम करने और मानव जीवन मूल्यों को खतरा पहुंचाने वाली और विघटनकारी शक्तियों से लड़ने की भी शपथ लेते हैं।

# वन विभाग के सर्वे से नगर परिषद की दो करोड़ की योजना हुई फेल

**पायनियर समाचार सेवा। सोहना**

## दो करोड़ की योजना को वन विभाग के सर्वे ने नकारा, नप को लगा करारा झटका

**नगर** परिषद की अरावली पहाड़ी से आने वाले बरसाती पानी को शहर में एक साथ आने से रोकने के लिए बनाई गई दो करोड़ की योजना को वन विभाग के सर्वे ने नकारा जाने से करारा झटका लगा है। वन विभाग ने बरसात के मौसम में अरावली से आने वाले पानी को एक स्थान पर रोकना संभव नहीं लगता है।

नगर परिषद ने पिछले साल शहर में बरसात के मौसम में शहर के अंदर अरावली पहाड़ी से आने वाला बरसाती पानी से होने वाले जलभराव की समस्या को समाप्त करने के लिए चैकडेम बनाने की योजना तैयार की थी। जिस पर अनुमानित लगात दो करोड़ रुपये मानी गई थी। इस दो करोड़ रुपये की राशि को प्रदेश मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 23 अक्टूबर 2021 को खंड के गांव सरमथला में विकास रैली को संबोधित करने के दौरान हरी झंडी प्रदान कर दी थी।

### सर्वे में चैकडेम योजना हुई फेल

**वन** विभाग ने करीब छह माह पहले चैकडेम बनाने की योजना को लेकर अरावली पहाड़ी की तलहटी से लगता ठाकुरवाड़ा मोहल्ला के साथ खाली जमीन का सर्वे किया था, क्योंकि इसी स्थान से अरावली पहाड़ी से आने वाला बरसाती पानी शहर के करीब 40 फीसदी आबादी क्षेत्र में से होकर जाता है। जिससे शहर के बाजारों में बनी दुकान और मकानों में जलभराव होने से हर वर्षों लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान होता है।

> “**बरसात** के मौसम में अरावली पहाड़ी से आने वाले भारी मात्रा में जल को रोकना असंभव है। पानी की बहाव काफी तेज होने से चैकडेम की दीवार को भी नुकसान हो सकता है। इसलिए यहां पर चैकडेम बनाना संभव नहीं है।
>
> **कर्मबीर**
> **(रेंज अधिकारी सोहना)**

### नगर परिषद की डीपीआर भी हुई फेल

**नगर** परिषद ने शहर में होने वाले जलभराव को आबादी क्षेत्र से बाहर लेकर जाने के लिए सलाहकार भी नियुक्त किया था। सलाहकार ने अपनी पूरी टीम के साथ मिलकर शहर में जिस-जिस स्थान पर जलभराव होता है। उसका औचक निरीक्षण किया था। जिसके माध्यम से योजना का डीपीआर तैयार किया था।

# सात लाख बच्चों को खिलाएंगे एल्बेंडाजोल की गोलियां

कविता। फरीदाबाद

**वर्ष** में दो बार राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (नेशनल डी वार्मिंग डे) मनाया जाता है। जिसके तहत राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य विभाग की तरफ से स्कूली बच्चों को पेट में कीड़े मारने की एल्बेंडाजोल नामक गोलियां खिलाई जाएगी। ताकि बच्चों को बीमारियों से बचाया जा सके।

यह बात सीएमओ डॉ. विनय गुप्ता ने बैठक के दौरान कही। इस बैठक में उनके साथ डिप्टी सिविल सर्जन व आरकेएसके कार्यक्रम की इंचार्ज डॉ. रश्मि बत्रा, डिप्टी सीएमओ डॉ. सुशील अहलावत, डॉ. रामभगत व अन्य कई अधिकारी मौजूद थे। डॉ. रश्मी बत्रा ने बताया कि 23 से 26 मई तक राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (नेशनल डी वार्मिंग डे) और 27 से 29 तक मॉकअप डे मनाया जाएगा।

यह डे उन बच्चों के लिए होता है, जो किसी कारणवश नेशनल डी वार्मिंग डे पर गोलिया खाने से वंचित रह गए हैं। इसके तहत 1-19 साल के छह लाख 50 हजार बच्चों को गोलियां खिलाई जाएंगी। वहीं 20-24 साल की सभी प्रजनन उम्र की 50,000 महिलाओं को स्वास्थ्य कर्मियो द्वारा कृमि नियंत्रण की दवा घर-घर जाकर नि:शुल्क खिलायी जाएगी।



राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के आयोजन को लेकर बैठक करते हुए सीएमओ संग आरकेएसके इंचार्ज डॉ. रश्मी बत्रा और अन्य अधिकारी

**टीमें रहेगी अलर्ट :** उप सिविल सर्जन (आरकेएसके) डॉ रश्मि बत्रा ने बताया की राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की मोबाइल टीमें अलर्ट पर रहेगी और एड्वर्स इवेंट मैनजमेंट के लिए तत्पर रहेंगी ताकि कार्यक्रम को सुचारू रूप से पूरा किया जा सके। इस अभियान के दौरान सात लाख को गोलियां खिलाई जाएगी।

सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों समेत आंगनवाडी में पढ़ने वाले बच्चों को एल्बेंडाजोल नामक गोली खिलाने की योजना बनाई गई हैं। इस दौरान 388 सरकारी और 661 निजी स्कूलों के अलावा 1294 आंगनवाड़ी के 6 लाख 50 हजार बच्चों को गोलियां खिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि इस बार घर-घर जाकर आशा और आंगनवाड़ी वर्करों द्वारा गोलिया खिलाई जाएगी। ताकि जो बच्चे स्कूल नहीं जाते या फिर आर्थिक स्थिति के चलते कार्य करते है, उन्हें भी दवाईयां खिलाई जा सके। इस बाकी 50 हजार प्रजनन उम्र की महिलाओं को भी गोली खिलाई जाएगी।

डॉ. बत्रा ने बताया कि इस दौरान एक से दो वर्ष तक के बच्चों को आधी गोली पीसकर खिलाई जाएगी। तीन से 19 वर्ष तक के बच्चों को पूरी गोली खिलाई जाएगी। यह गोली चबाकर खाने के लिए दी जाएगी। इस गोली को खाने से पहले भोजन करना अति आवश्यक है।

# खेलों से शरीर के साथ-साथ होता है बौद्धिक विकास : मूलचंद शर्मा

### तीन दिवसीय सांसद खेल महोत्सव की मंत्री ने बास्केटबॉल गेम की करवाई शुरुआत

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हरियाणा** के परिवहन, खनन एवं कौशल विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने शुक्रवार को प्रात: 6 बजे खेल परिसर सेक्टर-12 में सांसद खेल महोत्सव के बास्केटबॉल में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचन्द शर्मा ने फरीदाबाद सेक्टर-12 खेल परिसर में चल रहे तीन दिवसीय सांसद खेल महोत्सव में बास्केटबॉल गेम की शुरुआत करवाई। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने खिलाड़ियों से परिचय लिया और अपना परिचय दिया। इसके बाद परिवहन मंत्री मूलचन्द शर्मा ने बास्केटबॉल उछाल कर खेल शुरू करवाया।

इस अवसर पर हरियाणा के परिवहन, खनन एवं कौशल विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचन्द शर्मा ने केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर का खेल महोत्सव करवाने के लिए आभार जताया और कहा कि खेलों से बच्चों का शारीरिक विकास के साथ-साथ बौद्धिक विकास भी होता है। परिवहन मंत्री शर्मा ने कहा खेलों से आपसी भाई चारे की भी भावना बढ़ती है।


सेक्टर 12 खेल परिसर में सांसद खेल महोत्सव में बास्केट बाल की शुरूआत करते मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा।

आपकों बता दें केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 20 से 22 मई तक होने वाले सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ 19 मई वीरवार को सायं 7 बजे सेक्टर-12 खेल परिसर से किया था। आज़ादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के लिए तीन दिवसीय सांसद खेल महोत्सव 20, 21 व 22 मई को आयोजित किए जा रहे हैं। प्रतियोगिता में फरीदाबाद और पलवल दोनों जिलों के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में 20 से 22 मई तक आयोजित होने वाले सांसद खेल महोत्सव में बास्केटबॉल में कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में और एमसीएफ के आयुक्त यशपाल विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। सेक्टर-12 खेल परिसर में ही हॉकी में विधायक नरेन्द्र गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में और पलवल के डीसी कृष्ण कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। मानव रचना स्कूल सेक्टर-14 में बैडमिंटन में पुलिस आयुक्त विकास अरोडा मुख्य अतिथि के रूप में और सीईओ स्मार्ट सीटी डाक्टर गारिमा मित्तल विशिष्ट अतिथि के रूप में रही।

नाहर सिंह स्टेडियम, एयर फोर्स, मार्डन स्कूल सैक्टर-17 फुटबॉल में विधायक राजेश नागर मुख्य अतिथि के रूप में और एमसीएफ के जेजेपी के जिला अध्यक्ष राजेश भाटिया व अतिरिक्त आयुक्त एमसीएफ अभिषेक मीणा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। सेक्टर-12 खेल परिसर में एथलेटिक में फरीदाबाद आयुक्त संजय जून मुख्य अतिथि के रूप में और मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव अजय गौड विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की।

खेल परिसर में ही सर्कल कबड्डी में विधायक नयन पाल रावत मुख्य अतिथि के रूप में और एडीसी मोहम्मद इमजान रजा विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। केएल मेहता दयानंद पब्लिक स्कूल सैक्टर-7 में बैडमिंटन पैरा में हुड्डा प्रशासक जितेन्द्र दहिया मुख्य अतिथि के रूप में और भाजपा के जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। ग्रीन फिल्ड पब्लिक स्कूल सूनपैड में खो-खो में विधायक जगदीश नायर मुख्य अतिथि के रूप में और एडीसी पलवल उत्तम सिंह व जेजेपी पलवल के जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र सोरौत विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की।

गांव भूपानी सतयुग दर्शन पब्लिक स्कूल में वॉलीबॉल में विधायक दीपक मंगला ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। आपकों बता दें सांसद खेल प्रतियोगिता में बास्केटबॉल के लिए 36 टीमें, हाकी के लिए 18 टीमें, फुटबॉल के लिए 29 टीमें, सर्कल कबड्डी की 23 टीमें, रस्साकशी की 38 टीमें, खो खो की 32 टीमें, वालीवाल की 33 टीमें, पैरा बैडमिंटन में 35 खिलाड़ी, बैडमिंटन में 162 खिलाड़ियों सहित एथलेटिक्स में 293 खिलाड़ियों सहित कुल 2860 खिलाड़ी ओलिंपिक में भाग ले रहे हैं ।

# शहर शर्मसार : खुले नाले में गिरने से एक और मौत


शव मिलने पर जांच में जुटी पुलिस टीम के सदस्य।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**प्रशासनिक** लापरवाही के चलते आईपी कालोनी के सामने खुले नाले में गिरकर एक और अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गयी। स्थानीय निवासियों ने सुबह यहां एक व्यक्ति के शव को देखा तो सेक्टर 31 थाने को सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बीके अस्पताल भिजवा दिया है।

मौके पर पहुंचे सेव फरीदाबाद के अध्यक्ष पारस भारद्वाज ने इस दुर्घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और नगर निगम तथा प्रशासन को शहर में इस प्रकार हो रही मौतों का कसूरवार ठहराया। आईपी कालोनी की आरडब्लूए के पदाधिकारियों ने बताया कि इस खुले नाले के बारे में वो कई बार पार्षद अजय बैंसला और नगर निगम को चेता चुके हैं। परन्तु किसी के कान पर जूं नहीं रेंगती। आये दिन इस खुले नाले में गिरकर जानवर मरते रहते हैं। यह नाला बारिश के पानी की निकासी के लिए बनाया गया था। साथ में बनी केमिकल व डाई की फैक्ट्रियां रात दिन अपना केमिकल युक्त रसायन इस नाले में अवैध तरीके से छोड़ती हैं। नाला मिटटी, रसायन और पॉलीथिन से पूरा अवरुद्ध हो चुका है। ऐसी स्थिति में कोई भी जीव यदि इस नाले में गिर जाए तो उसकी दलदल में फंसने और जहरीले रसायनयुक्त पानी के शरीर के अंदर जाने से मौत हो जाती है।

आईपी कालोनी आरडब्लूए के सचिव विकास मेहता ने बताया कि इन केमिकल फैक्ट्रियों द्वारा सुरक्षा नियमों की सरेआम धज्जियां उड़ाई जाती हैं। इनसे निकलने वाले धूल के कण और विषैला जल उनके घरों तक पहुंचता है। सेव फरीदाबाद सस्था मृतक की पहचान होने पर सम्बंधित अधिकारियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत देगी। इससे पहले भी शिव दुर्गा विहार निवासी हरीश वर्मा उर्फ हन्नी की सेक्टर 56 के एक खुले सीवर में गिरकर मौत हो गयी थी। जिसकी एफआईआर इस संस्था ने पीड़ित परिजनों के साथ मिलकर सेक्टर 58 थाने में करवाई थी। आरटीआई एक्टिविस्ट केतन सूरी ने कहा कि प्रशासन की नजरों में यहां रहने वाले लोगों की जान की कीमत कुछ भी नहीं है।

# बबली के भतीजे विकास ने की अभिनेत्री सोनारिका संग सगाई

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**बाढ़** मोहल्ले की गलियों से निकलकर सिनेमा नगरी मुंबई तक का सफर तय करने वाले विकास पाराशर ने अपने जन्मदिन पर अपनी प्रेमिका सोनारिका भदौरिया को सगाई की अंगूठी पहनाई। आपको बता दें की विकास पाराशर अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा बबली का भतीजा है, सुरेन्द्र शर्मा बबली ने विकास पाराशर को बहुत बधाई दी और जीवन में सुखी रहने का आशीर्वाद दिया।

आपको बता दें कि सोनारिका भदौरिया इन दिनों देवों के देव, महादेव सीरियल में लीड रोल कर रही हैं। पिछले काफी समय से विकास और सोनारिका एक दूसरे को डेट कर रहे थे। सोनारिका ने अपनी सगाई की तस्वीरें साझा करते हुए सोनारिका ने विकास पाराशर को जन्मदिन का एक प्यारा सा नोट लिखा। उस लड़के को जन्मदिन मुबारक हो, जिसके पास स्वर्ण (सोना) और स्टारडस्ट आत्मा का दिल है। वह लड़का जो मेरे दिमाग, मेरे दिल, मेरी आत्मा और यहां तक कि मेरे सबसे अस्त-व्यस्त समय का ख्याल रखता है। वह लड़का जो मेरे लिए सुरक्षित जगह है और मेरा सबसे बड़ा रोमांच है, वह लड़का जो हमेशा मेरे सामने मजबूती से खड़ा रहता है और हर दिन मुझे चुनता है। वह लड़का जो खुले तौर पर, गहराई से और अपरिवर्तनीय रूप से मुझे प्यार करता है। वह लडक़ा जो मुझे एक नरम इंसान बनाता है, एक बेहतर इंसान। वह लड़का जो मुझ पर विश्वास करता है, वह मेरा समर्थन करता है और मेरे साथ खड़ा है।

## दिव्यांगजनों को दिए जाएंगे दस हजार उपकरण : डीसी

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेंद्र यादव दिशानिर्देश अनुसार दिव्यांग मुक्त फरीदाबाद के लिए जिला रेडक्रॉस सोसायटी एवं राजस्थान एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में सेक्टर-12 रेडक्रॉस भवन में शुक्रवार को मीटिंग का आयोजन किया गया। आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में उपायुक्त जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में आगामी 24 से 29 मई तक फरीदाबाद को दिव्यांग मुक्त बनाने की ओर प्रशासन जांच माप शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

राजस्थान एसोसिएशन के निवर्तमान अध्यक्ष अरुण बजाज व उपाध्यक्ष गौतम चौधरी ने बताया कि 24 मई को अग्रसेन भवन बल्लभगढ़, 25 मई को महाराजा अग्रसेन भवन सेक्टर 21डी, 26 मई को वृंदावन गार्डन गांव तिगांव में, 27 मई को भोजपुरी अवधी समाज डबुआ कालोनी, 28 मई व 29 मई को राजस्थान भवन सेक्टर 10 में शिविरों का आयोजन प्रात: 10 से सायं 4 बजे तक होगा।

# बैडमिंटन खेलका सीपी ने बढ़ाया खिलाड़ियों का हौंसला

### खेल बढ़ेगा-खिलाड़ी बढ़ेगा नारे के साथ बैडमिंटन प्रतिस्पर्धा का आयोजन हुआ

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**पुलिस** कमिश्नर विकास कुमार अरोड़ा ने आज सेक्टर-14 में स्थित मानव रचना स्कूल में बैडमिंटन खेल के संसद खेल महोत्सव का उद्घाटन किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि मानव रचना में आयोजित बैडमिंटन खेल के संसद खेल महोत्सव के उद्घाटन करते हुए उन्होंने बच्चों को खेल के फायदे बताये कि खेलने से हमारा स्वास्थ निरंतर ठीक रहता है। हम हर फील्ड में आगे रहते हैं। अगर आपको किसी भी फील्ड में आगे आना है तो खेलो। जब बच्चे खेलते हैं तो बच्चों का कंसंट्रेशन, माइंड और स्वास्थ फिट रहते है। स्कूल प्रांगण में आज 170 स्कूलों ने बैडमिंटन खेल के लिए भाग लेने के लिए अप्लाई किया था। जिसमे 100-110 स्कूल के बच्चों ने भाग लिया था। हालांकि हमारे देश में प्रतिभा की कमी नहीं है, किन्तु खिलाड़ियों को उचित व्यवस्था के अभाव में अच्छा प्रदर्शन करना काफी चुनौतियों भरा होता है। इसलिए होने वाली विश्वस्तरीय प्रतियोगिताओं में उच्च श्रेणी हासिल करने में असफल साबित हो जाते है. इन सब समस्याओं के चलते भी कई भारतीय एथलीट काफी बेहतरीन प्रदर्शन करते है। खिलाड़ियों की प्रतिभा को नए मुकाम तक पहुंचाने के लिए मानव रचना स्कूल ने खेल के महत्व को देखते हुए स्कूल में संसद खेल महोत्सव का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि पुलिस आयुक्त के साथ वॉइस प्रेजिडेंट डॉ अमित भल्ला, अमित गुलिया एचएसबीपी स्टेट आफिसर, सरकार तलवार स्पोर्ट्स डायरेक्टर, संजय सपरा फरीदाबाद सेक्टरी एफडीबीए, एसीपी सत्यपाल, थाना प्रबंधक सेन्ट्रल, चौकी इंचार्ज सेक्टर-14 के साथ सभी स्कूलों के बच्चे ने भाग लिया।



सेक्टर-14 मानव रचना स्कूल में सांसद खेल महोत्सव का उद्घाटन करते पुलिस कमिश्नर विकास कुमार अरोडा।

# फुटपाथ पर पार्किंग, सड़क पर चल रहे लोग

विवेक सिंह। बल्लभगढ़

**औद्योगिक** नगरी के बल्लभगढ़ इलाके में ग्रामीण व शहरी इलाकों के साथ अन्य जिलों से भी लोग आते रहते हैं। जिसके चलते यहां वाहनों की संख्या भी ज्यादा है। यहीं वजह है कि लोगों ने फुटपाथ को पार्किंग स्टैंड में बदल दिया है। जिससे पैदल राहगीर सड़क पर चलने को मजबूर हो गए है। नेशनल हाइवे होने के कारण सड़क पर राहगीर कई बार अपनी जान से हाथ धो बैठते हैं।

बढ़ती आबादी अपने साथ कई गंभीर समस्याओं को जन्म दे रही है। जिसमें पार्किंग जिले की एक बड़ी समस्या है। जिसके चलते लोग अपने वाहनों को पैदल राहगीरों के लिए बने फुटपाथ पर भी खड़ा करने से गुरेज़ नहीं कर रहें हैं। यही वजह है कि पैदल राहगीर वाहनों के बीच सड़क पर चलने को मजबूर हैं। फ्लाईओवर के नीचे बने फुटपाथ पर गाडियां और ऑटो खड़े थे। वहीं पैदल जा रहे लोग सड़क पर चलने को मजबूर हो रहे थे। जबकि यहां से महज़ सौ मीटर की दूरी पर खड़ी पुलिस भी तमाशबीन बनी हुई नजर आई। अगर यही आलम रहा तो शहर की सड़कों पर दुर्घटनाएं बढ़ना भी तय माना जा रहा है। इसके बावजूद शहर की बढ़ती आबादी के साथ बढ़ रही चिंताओं को लेकर प्रशासन चिंतित नहीं दिख रहा। अगर समय रहते प्रशासन द्वारा पार्किंग की व्यवस्था नहीं की गई तो जल्दी ही शहर के बचे हुए फुटपाथों पर भी वाहन चालकों का कब्जा हो जाएगा और पैदल चालकों को सड़क पर वाहनों के खतरे के बीच चलने को मजबूर होना पडेगा। भारत सरकार द्वारा स्मार्ट शहरों की दूसरी सूची में 24 मई सन 2016 को फरीदाबाद को शामिल किया गया था। स्मार्ट शहर की परिकल्पना तो दूर वाहनों के लिए पार्किंग तक का इंतजाम प्राधिकरण नहीं कर पा रहा है। इससे समझा जा सकता है कि सरकार की स्मार्ट शहर परियोज़ना केवल कल्पना मात्र है। यह केवल कागज़ों तक सीमित है क्योंकि ज़मीन पर तो पिछले छह वर्षों में कोई सुधार नहीं देखा गया। इस पर एक पैदल चालक व्यक्ति का कहना था कि फुटपाथ घिर जाने के कारण डर के बीच सड़क पर चलने को मज़बूर होना पडता है। इसके साथ ही एक कार मालिक का कहना था कि पार्किंग के लिए कोई जगह ना होने के कारण उन्हें यह कदम उठाने को मज़बूर होना पड़ता है।



फुटपाथ के ऊपर पार्किंग बनाकर खड़े ऑटो व कार।

# नगर निगम ने चलाया विशेष सफाई अभियान



**फरीदाबाद।** नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा आज 10.30 बजे रोज गार्डन फरीदाबाद एनआईटी व उसके आसपास के क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाया गया।

स्वच्छता अभियान का शुभारंभ शुक्रवार को बड़खल की विधायिका सीमा त्रिखा ने किया। इस दौरान विधायिका सीमा त्रिखा ने पार्क में झाड़ू लगाकर गंदगी को इकटठा किया और फिर उसको रिक्शा में डालकर डंपिंग ग्राउंड के लिए भेजा। विधायक सीमा त्रिखा ने कहा कि नगर निगम द्वारा जो आज रोज गार्डन फरीदाबाद एनआईटी व उसके आसपास के क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है वो एक बहुत ही सराहनीय और जनहित में किया गया अच्छा कार्य है। अपील की है कि वे अपने घरों और दुकानों आदि के आसपास गंदगी जमा ना होने दें और नगर निगम द्वारा जिन-जिन क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### छात्राओं को सिखाए आत्मरक्षा के गुर



**फरीदाबाद।** छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर शुक्रवार को डीएवी बल्लभगढ़ विद्यालय में सिखाए गए। हरियाणा पुलिस द्वारा संचालित सीपीसी प्रोग्राम के तहत बालिका सुरक्षा जागरुकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत बालिकाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा संबंधी जानकारी दी गई। इस अवसर पर हरियाणा पुलिस की ओर से इंस्पेक्टर सविता रानी और एएसआई वीरेन्द्र सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। विद्यालय की प्रधानाचार्या नमिता शर्मा ने आगन्तुक सभी अतिथियों का स्वागत किया। तत्पश्चात इंस्पेक्टर सविता रानी ने बताया कि पेपर स्प्रे के साथ कई ऐप भी लड़कियों की सुरक्षा के लिए मौजूद हैं। आप उनका प्रयोग कर सकती हैं, लेकिन कभी ये उपकरण पास न हों तो खुद अपने स्तर पर जोरदार प्रहार करना चाहिए। उन्होंने किसी भी आपातकालीन स्थिति में 1098 व 112 पर कॉल करने की सलाह भी छात्राओं को दी। एएसआई वीरेन्द्र सिंह ने आत्मरक्षा के साथ सभी बच्चों को ट्रैफिक नियमों के बारे में विस्तारपूर्वक समझाया। अन्त में विद्यालय की प्रधानाचार्या नमिता शर्मा ने पुलिस विभाग फरीदाबाद की ओर से आई दुर्गा शक्ति टीम का आभार जताया।

### विधायकों को अधिक अधिकार देने पर जताया आभार



**फरीदाबाद।** एनआईटी फरीदाबाद से विधायक नीरज शर्मा ने बताया की विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने अभी तक कई ऐसे अभूतपूर्ण फैसले लिए जिससे की विधायकों के मान सम्मान में बढ़ोतरी हुई। चाहे अधिकारियों द्वारा विधायक का फोन उठाने का मामला हो, चाहे विपक्षी विधायकों का सरकारी बोर्ड पर नाम लिखने का मामला हो, चाहे विधायकों को झंडी देने का काम हो या बिना भेदभाव के विपक्षी विधायक को सर्वश्रेष्ठ विधायक का खिताब देने का फैसला हो, विधानसभा सत्र में जीरो ओवर की बातों का जवाब देने का फैसला हो या पहली बार लोक सेवा समिति का अध्यक्ष विपक्ष के विधायक को बनाने का फैसला हो। यह सभी अभूतपूर्ण फैसले पिछले 2.5 वर्ष में विधानसभा अध्यक्ष श्रीज्ञानचंद गुप्ता ने किए जोकि ऐतिहासिक फैसले है। इसी कडी को आगे बढ़ाते हुए विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने एक और फैसला लिया है, क्योंकि विधानसभा सत्र में 6-6 महीने का समय होता है। इसलिए अब हर विधायक एक माह में तीन अतारांकित प्रश्न पूछ सकता है जिसका जवाब विभाग को समय रहते देना पड़ेगा है।

### बल्लभगढ़ बस स्टैंड पर पुलिस ने चलाया सर्च अभियान



**फरीदाबाद।** सभी बल्लभगढ़ बस स्टैंड पर पुलिस प्रशासन के द्वारा बम निरोधक दस्ता की टीम व डॉग स्क्वायड की टीम के साथ थाना प्रबंधक सिटी बल्लभगढ़ ने शुक्रवार दोपहर एक बजे बल्लभगढ़ स्टैंड की चेकिंग बम निरोधक दस्ते के साथ सुरक्षा की दृष्टि से की गई। जिसमें सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के बारे में बताया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि बम निरोधक दस्ता पुलिस टीम के साथ मिलकर शहर में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए फरीदाबाद के सभी सार्वजनिक स्थानों पर सर्च अभियान चलाया। सुरक्षा को दुरुस्त करने के लिए बम निरोधक दस्ते 24 घंटे पुलिस लाइन में तैनात रहते हैं। बम या विस्फोटक पदार्थ आदि के संबंध में अगर कोई सूचना मिलती है तो बम निरोधक दस्ता तुरंत मौके पर पहुंचेगा तथा कार्रवाई करेगा। इसके अतिरिक्त बम निरोधक दस्ता प्रतिदिन चेकिंग अभियान चलाएगा। डीसीपी मुख्यालय नितीश अग्रवाल के द्वारा शहर में सुरक्षा को मध्य नजर रखते हुए हाल में पंजाब एरिया में हुई घटनाओं को देखते हुए दिए गए दिशा-निर्देशों पर एनसीआर एरिया में सतर्कता बढ़ाई गई है।

### रहस्यमयी हालत में शव मिला, हत्या की आशंका

**फरीदाबाद।** सेक्टर-21डी स्थित विवेकानंद पार्क से एक व्यक्ति का शव बरामद किया है। मृतक के सिर पर चोट के निशान पाए गए हैं। जिससे व्यक्ति की हत्या किये जाने की आशंका जताई जा रही है। मृतक की पहचान हो गई है। पुलिस ने शव मोरचरी में रखवाने के बाद परिजनों को सूचना भेज दी है। पुलिस चौकी सेक्टर-21डी में शुक्रवार सुबह आठ सूचना मिली की सेक्टर 21बी रेलवे लाईन स्वामी विवेकानंद पार्क में एक व्यक्ति पड़ा हुआ है। जिसके सिर में चोट लगी हुई है। जिस सूचना पर तुरंत पुलिस चौकी इंचार्ज सेक्टर 21डी, थाना प्रबंधक एनआईटी, एसीपी एनआईटी विष्णु प्रसाद, डीसीपी एनआईटी नीतीश अग्रवाल के साथ डॉ मनीषा अपनी एफएसएल टीम के साथ, क्राइम ब्रांच डीएलएफ और डॉगसकार्ड टीम को मौके पर बुलाया। वहां पर मृतक हरगोविंद उर्फ नोएडा (52) को जमीन पर लेटा हुआ देखा। मृतक के सिर में चोटें लगी हुई थीं। मृतक मूल रूप से उत्तर प्रदेश के कानपुर जिले के लक्ष्मीपुर का रहने वाला है। मृतक अपनी गुजर-बसर के लिए बीके अस्पताल के पास रोड साइड में चाय की दुकान लगाता था। मृतक की लाश को बीके अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

### उपायुक्त दिखाएंगे साईकिल राइडिंग को हरी झंडी

**फरीदाबाद।** विग्स आन व्हील्स सेक्टर-10 द्वारा कल 21 मई को साइकिल राइडिंग का आयोजन किया जाएगा। इस साईकिल राइडिंग को जिला उपायुक्त जितेंद्र यादव रात्रि नौ बजे हरी झंडी दिखा कर रवाना करेंगे। यह साईकिल राइडिंग 150 किलोमीटर की यह राइड अगले दिन सुबह आठ बजे जिले में ही समाप्त यह एक अंतरराष्ट्रीय राइड है और इसमें आडैक्स क्लब पेरिसियन पेरिस सहयोग कर रहा है। भव्य कौशिक और सतीश कुमार अदलक्खा ने बताया कि इसमें दिल्ली, गुरुग्राम, गाजियाबाद, पंजाब सहित देश के विभिन्न हिस्सों से 50 से अंतरराष्ट्रीय स्तर के साइकिल राइडर हिस्सा ले रहे हैं।

### भारी मात्रा में नकली नमक के साथ छह गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा द्वारा के दिशा-निर्देश के तहत कार्य करते हुए पुलिस थाना पल्ला प्रभारी योगेश कुमार की टीम ने कॉपीराइट एक्ट के तहत छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में अनिल, मनोज, निर्मल, गौरव, मोहन तथा पंकज का नाम शामिल है। शिकायतकर्ता ने आरोपियों द्वारा टाटा का नकली नमक तथा पतंजलि कंपनी का नकली घी बेचने का आरोप लगाया। पुलिस पूछताछ पूरी होने के पश्चात आरोपियों को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है।

### झपटमार बाइक समेत गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादयान के द्वारा अपराध पर अंकुश लगाने के दिए गए दिशा-निर्देशों पर कार्यवाही करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर 48 प्रभारी सब इंस्पेक्टर राकेश सिंह की टीम ने योजना बनाकर स्नैचिंग करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी मुकर्रम उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले के गांव तिल बेगमपुर का रहने वाला है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर बड़खल चौक से थाना सूरजकुंड के स्नैचिंग के मुकदमे में गिरफ्तार किया है।

## रूस-यूक्रेन युद्ध
### कोई विजेता नहीं

**रूस-यूक्रेन** एक दीर्घकालीन विभीषिका में बदल गया है जिसमें कोई विजेता नहीं होगा। युद्ध हमेशा विभीषिका होते हैं। यूक्रेन में भी यह एक दुखान्त नाटकीय व मूर्खतापूर्ण विडंबना में बदल गया है। रूसी हमले को लगभग तीन महीने हो गए हैं। शायद व्लादीमिर पुतिन भी नहीं जानते हैं कि वे जीत रहे हैं या हार रहे हैं। युद्धों की जवाबदेही उन लोगों की होती है जो इनको शुरू करते हैं तथा यह युद्धों में मारे जाने वाले लोगों के प्रति होती है। लेकिन यह युद्ध संभवत: थोड़ा अलग है। इसने अब तक भारी तबाही मचाई है, अनेक शहर तथा यूक्रेन के उपनगर लगभग नष्ट हो गए हैं, सैकड़ों लोग मारे गए हैं अथवा घायल या विकलांग हुए हैं। शायद नागरिकों व सैनिकों में ऐसे लोगों की संख्या हजारों में है। सामूहिक कब्रों में दम घोंट कर मारे गए लोगों की लाशें रूसी सैनिकों की दुष्टता की पराकाष्ठा प्रदर्शित करती है। इसके बावजूद विडंबना है कि दुनिया भर की संवेदना तथा अरबों डालर की सहायता पाने वाले यूक्रेनी भी भोजन की कमी से मर रहे हैं। यूक्रेन दुनिया के सर्वोच्च अनाज उत्पादकों में है, पर रूस यूक्रेनवासियों को खेती नहीं करने दे रहा है। पश्चिमी प्रतिबंधों का सामना कर रहा रूस शांतिकाल की तुलना में ज्यादा राजस्व प्राप्त कर रहा है। प्रतिबंध जानबूझ कर और संभवत: यह सुनिश्चित करने के लिए कमजोर रखे गए हैं कि यूरोप को रूसी तेल और गैस की सप्लाई प्रभावित न हो। तेल की आसमान छूती कीमतों के कारण रूस ने अप्रैल में ऊर्जा बिक्री से 9 बिलियन डालर अतिरिक्त कमाई की।



युद्ध के कारण हताहतों की संख्या लगातार बढ़ने के बावजूद विचित्र चीजें हो रही हैं। आश्चर्य होता है कि भयानक विनाश की तस्वीरें दिखा कर मीडिया आखिर क्या चाहता है। अमेरिकी टेलीवीजन पर अचानक राष्ट्रपति जो बाइडेन की पत्नी की यूक्रेन यात्रा की तस्वीरें छा गईं। जिल बाइडेन गोपनीय रूप से मदर्स डे पर यूक्रेन के उझहोरोड पहुंची थीं। वे ऐसी यात्रायें करती रहती हैं। इसके पहले वे अपने पति के साथ 2010 में बगदाद गई थीं जो उस समय उप-राष्ट्रपति थे।

उनके पति अब राष्ट्रपति हैं और उन्होंने स्वयं अपनी यात्रा की योजना बनाई थी। हालांकि, यह यात्रा इलिनोइस के परिवार के यहां खाद्यान्न सप्लाई तथा उसकी घरेलू व विदेशी कीमतों पर युद्ध के प्रभाव की 'चर्चा' के लिए थी। यूक्रेन ने दावा किया है कि आंशिक रूप से खाद्यान्न की समस्या इस कारण भी है कि रूस उसका अनाज, सब्जियों व सूरजमुखी के बीज चुरा कर अपने देश भेज रहा है। नाटो ने भी अपनी भूमिका निभाई है और वह अपना विस्तार तेज करना चाहता है। फिनलैंड और स्वीडन ने शामिल होने की प्रार्थना की है, पर तुर्की ने इस पर आपत्ति की है और वह इस अवसर का प्रयोग अमेरिका को चुनौती देने के लिए करना चाहता है। राजनयिक दुनिया उथलपुथल की स्थिति में है क्योंकि रूस ने दर्जनों इटैलियन, स्पैनिश व फ्रांसीसी राजनयिकों को निकाल दिया है क्योंकि उन्होंने रूसी राजनयिकों के साथ यही किया था। इसके साथ ही ब्रिक्स सदस्य देशों के राजनयिक भारत, ब्राजील व दक्षिण अफ्रीका के साथ शिखर बैठक की तैयारी में हैं जिसमें चीन और रूस के साथ भी उनकी मैत्रीपूर्ण मुलाकात होगी। लेकिन मजेदार बात है कि यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेन्स्की ने युद्ध से समय निकाल कर कैन्स फिल्म महोत्सव का उद्घाटन किया। उन्होंने शानदार कपड़े पहने दर्शकों को बताया कि यूक्रेन में 'सैकड़ों लोग रोज मारे जा रहे हैं।' जेलेन्स्की को शायद युद्ध समाप्त करवाने की जल्दी नहीं है और उन्होंने पकड़े गए रूसी सैनिकों के खिलाफ युद्ध अपराधों का प्रचार शुरू कर दिया है। मास मीडिया अभियान ने विजय की भावना से घोषणा की कि एक रूसी सैनिक ने अपना दोष स्वीकार किया है। शायद एक दिन यह युद्ध इस प्रकार के प्रचार से स्वयं थक जाएगा।

# सुशासन पर प्रधानमंत्री की नसीहत

**प्रदेश के सामने सबसे बड़ी चुनौती है कि वह अपने 24 करोड़ से भी अधिक नागरिकों को उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कैसे सक्षम बनाये। कई क्षेत्रों में हमारे कामकाज की हमारी शैली पुराने ढर्रे की ही है।**



**निरंकार सिंह**
(लेखक हिंदी विश्वकोश के पूर्व सह संपादक हैं)



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्रियों को सुशासन के लिए अपनी कार्यशैली में सुधार लाने को कहा है। समाज के अन्तिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचना चाहिए। राजनीतिक रूप से आगे बढ़ना है तो जनता के सम्पर्क में रहना होगा। इस बात की भी सलाह दी है कि अधिकारियों से मित्रवत व्यवहार रखेंगे तो काम जल्दी होगा। प्रधानमंत्री ने बुद्ध पूर्णिमा के दिन लखनऊ आकर मंत्रियों की एक बैठक की थी। मालूम हो कि विधायकों और सांसदों के प्रति मिशन-2022 के दौरान जिस तरह की उदासीनता मतदाताओं में दिखी थी, पार्टी वैसे हालात लोकसभा चुनावों में नहीं चाहती। विधायकों की छवि से पैदा हुई नकारात्मकता को दूर करने के लिए ही पार्टी को 104 विधायकों को टिकट कांटने पड़े थे, उनमें से 94 नए चेहरे जीत पर विधायक बने। इसी मद्देनजर मंत्रियों को नसीहत दी गई कि उन्हें जनता के द्वार रहना है और उनके जीवन को सुगमता का ध्यान रखना है। यही वजह रही कि खुद प्रधानमंत्री ने ट्वीट कर लोगों के जीवन को सरल बनाए जाने की बात कही। दरअसल, विधानसभा चुनावों में पार्टी को खुद के पार्टी विधायकों और सांसदों की स्वीकार्यता को लेकर चुनौतियां का सामना करना पड़ा था।

मालूम हो कि विधान सभा के हुए चुनाव में योगी सरकार के 11 मंत्री खुद अपना चुनाव हार गये थे। वास्तव में यदि एक बार आप मंत्री बन जाते हैं और जनता से आपका सम्पर्क बना हुआ है तो आप कभी चुनाव हार नहीं सकते हैं। यदि आप अपना मंत्री होने का घमंड त्याग कर क्षेत्रीय जनता से मिलते रहेंगे तो जनता भी आपके साथ रहेगी। इसके लिए आपको हुकूमत कम सरकारी योजनाओं के अमल पर निगरानी अधिक रखनी होगी। सरकार गांव, किसानों, मजदूरों और गरीबों के लिए दर्जनों योजनाएं चला रही है। लोगों को उनका लाभ भी मिल रहा है पर कई बार प्रधानों के भेदभाव करने से आवास, शौचालय, वृद्धावस्था और विकलांग पेंशन जैसी योजनाओं का लाभ गरीबों को मिलने के बजाए वह अपने सम्पन्न सजातीय बन्धुओं को पहले उपलब्ध कर देता है और वंचित देखता ही रह जाता है। यदि मंत्री और विधायक अपने क्षेत्र में लागू होने वाली योजनाओं पर निगरानी रखें तो इन योजनाओं का लाभ पहले वंचितों को मिल सकता है। ऐसा करने से जनता से भी उनका सम्पर्क बना रहेगा। अपने निर्वाचित राजनीतिज्ञों से लोग यह आशा रखते हैं कि वह उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए एक स्प्रिंगबोर्ड (छलांग मारने का तख्ता) प्रदान करें। जनता उनसे एक ऐसे वातावरण के निर्माण की अपेक्षा करते हैं, जहां बच्चे ऊंची और बढ़िया शिक्षा हासिल करने के लिए स्कूल जायें, जहां हर किसी को सर्वोत्तम स्वास्थ्य सेवायें आसानी से उपलब्ध हों, जहां व्यवसायी सफलता की हर मुमकिन ऊँचाइयों को छू सकें और हर योग्य व्यक्ति के लिए अच्छी कमाई वाले रोजगारों के अवसर पैदा कर सके।

लोग अपनी सरकार से अंतिम सहारा उपलब्ध कराने के साथ-साथ समाज की छलनी से छिटक कर गिरते बदकिस्मत लोगों के लिए एक सामाजिक सुरक्षा जाल के निर्माण की आशा करते हैं। लेकिन अब हम एक 'माई-बाप सरकार' के लिए निवेदक बन कर नहीं रहना चाहते। हमें अब एक ऐसी सरकार चाहिए जो हमारी संस्थाओं की ताकत, हमारे बाजारों की शक्ति के साथ-साथ उच्च स्तरीय गुणवत्ता समाधानों का निर्माण करने वाले लोगों के परिश्रम का लाभ उठाये। जातीय असमानताओं, धार्मिक मतभेद और आरक्षण की छाप वाली भारतीय राजनीति, अतीत की राजनीति है। भविष्य की राजनीति एक सवा अरब आकांक्षाओं को पूरा करने की राजनीति होगी, जिसमें असफलता का अर्थ सर्वनाश है।

प्रदेश के सामने सबसे बड़ी चुनौती है कि वह अपने 24 करोड़ से भी अधिक नागरिकों को उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कैसे सक्षम बनाये। कई क्षेत्रों में हमारे कामकाज की हमारी शैली पुराने ढर्रे की ही है जो हमारे लक्ष्यों को प्राप्त करने में बाधक बनी हुई है। आर्थिक उदारीकरण के वर्तमान युग में खासतौर से हमारी नौकरशाही का पुराना रवैया नहीं बदल रहा है जो हर काम में सिर्फ अड़ंगा लगाना ही जानती है। तेजी से बदलती दुनिया में अब नौकरशाही की भूमिका अवरोधक की जगह उत्प्रेरक की हो गयी है। पर वह सुधरने के लिए तैयार नहीं है। उदारीकरण की ठंडी हवा ने भारत के लोगों में एक नयी सोच का संचार किया। अपने पूर्वजों की तरह लकीर के फकीर बनकर उसी पुराने ढर्रे पर चलने से लोगों को संतुष्टि नहीं मिल रही थी, उनकी महत्वाकांक्षाएँ बढ़ने लगी थीं। अब उन्हें एक ऐसी व्यवस्था की चाहत थी जो गरीबी से बाहर निकलने की उनकी कोशिशों में उन्हें सहयोग दे और उनके साथ-साथ उनके बच्चों के उज्जवल भविष्य को भी सुनिश्चित करें।

अनाज और दूध के मामले में भारत की आत्मनिर्भरता भी स्टार्ट अप के ही परिणाम हैं। जिसके लिए नॉर्मन बोरलॉग जैसे वैज्ञानिकों, एम.एस. स्वामीनाथन जैसे नौकरशाहों द्वारा संचालित और इंदिरा गांधी सरकार द्वारा प्रशासकीय रूप से समर्थित 'हरित क्रांति जिम्मेदार है, जबकि वर्गीज़ कुरियन के नेतृत्व वाले 'आपरेशन फ्लड' ने भारत को विश्व का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक बना दिया था। दोनों ही मामलों में प्रतीत होता है कि इन अड़ियल समस्याओं को उन छोटी टीमों द्वारा संभाला जा रहा था जिन्हें मजबूत प्रशासनिक सहायता दी गयी थी, और जिसके परिणाम अपनी सफलता की कहानी खुद कहते हैं। अपने अनुभव को तेजी से आगे बढ़ाते हुए नौकरशाहों के एक समर्पित समूह और तकनीकी विशेषज्ञों ने मिलजुलकर काम किया और भारत के नागरिकों में से प्रत्येक को एक अनूठी पहचान देने वाले 'आधार' कार्यक्रम के निर्माण और वितरण के वादे को पूरा कर दिखाया।

'रोजमर्रा का काम' वाली सामान्य नियमावली को अब खिड़की से बाहर फेंक देना चाहिए। उन अधिकारियों को मिला कर बनी नौकरशाही जो सिर्फ प्रशासनिक प्रक्रिया विशेषज्ञ हैं, उतनी बड़ी और जटिल परियोजनाओं को नहीं संभाल सकेगी जिनसे हमारी सरकार को निपटने की आवश्यकता है। हालांकि इनमें कई प्रतिभावान, मेहनती और ईमानदार अधिकारी भी हैं, इसलिए हमें व्यवस्था की खामियों को भी समझना होगा। जैसे कि एक अटल पदानुक्रम जो वरिष्ठता के अनुसार तरक्की देता है। क्षेत्रीय लड़ाइयां, उलझनों के प्रति पूर्वाग्रह, कम अवधि का कार्यकाल, अल्पकालीन दृष्टि बनाता है। यह सोच कि बड़े बजट के साथ अधिकाधिक लोगों पर हुकुम चलाना ही असली ताकत है। अब ऐसी प्रशासनिक व्यवस्था तेजी से बदलती हुई दुनिया में जनता की छाती पर बोझ बन गयी है। अब इसे बदलना ही होगा। लेकिन मोदी और योगी के पुण्य प्रताप से चुनाव जीत कर आये हमारे आधिसंख्य मंत्रियों और विधायकों की रूचि भी अपने क्षेत्र में सरकारी योजनाओं के अमल पर निगरानी के बजाय ठेका पट्टी और कमीशनबाजी में ही अधिक रहती है। इससे जनता में उनकी लोकप्रियता घटती है और वह नौकरशाही पर भी लगाम नहीं लगा पाते हैं।

इसीलिए प्रधानमंत्री को मंत्रियों से कहना पड.ा कि आप सब लोगों का मकसद होना चाहिए कि कैसे जनता तक आपके विभाग की योजनाओं का लाभ मिले। न कोई भूखा रहे न कोई बीमार रहे...। इस उद्देश्य के साथ काम करना है। प्रधानमंत्री ने मंत्रियों को नसीहत देते हुए कहा कि कामकाज का तरीका बदलें। अगर कुछ करना है तो बदलना होगा। जनता को समय दें और जनता के बीच जाओ। जनता के साथ रहो। पानी कैसे बचे, देश, प्रदेश सुन्दर कैसे हो, सोचो और करो। सभी को पीएम ने फिट रहने की सीख दी। कहा कि घर और आफिस अलग रखो। चाहें हार हो या जीत झूठ मत बोलो। यह गांठ बांध लें कि परिवार के सदस्य को साथ न रखें। उन्होंने कहा कि अपने आपको सुधारें।

# डब्लूएचओ की दोषपूर्ण आंकलन पद्धति

**ब्रजेंद्र सिंह पंवार**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)



हाल ही में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) ने कोविड-19 के कारण अधिक मृत्यु दर पर भारत के आंकड़े को 47.4 लाख पर आधिकारिक टोल के लगभग 10 गुना आंकते हुए एक तरह का विवाद पैदा कर दिया है। एक ओर, डब्ल्यूएचओ के आंकड़े बताते हैं कि भारत में 90 प्रतिशत से अधिक मौतों की रिपोर्ट नहीं की गई है और अब तक 5.23 लाख लोगों की मौत हुई है। 2020 के लिए अपेक्षित मौतों की आधार संख्या (गैर-कोविड परिदृश्य में), जिसका उपयोग डब्ल्यूएचओ ने अपनी रिपोर्ट में किया है, पिछले 15 वर्षों में भारत में हर साल दर्ज की गई मौतों की औसत संख्या से लगभग नौ लाख अधिक है। डब्ल्यूएचओ का दावा है कि इसके नतीजे सुस्थापित गणितीय मॉडल पर आधारित हैं। कई अन्य अध्ययनों ने भारत की कोविड से संबंधित मृत्यु संख्या को 25 लाख से 60 लाख के बीच कहीं भी दिखाया है। दूसरी ओर, भारत में इस रिपोर्ट की काफी आलोचना हुई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया की अध्यक्षता में केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण परिषद के तीन दिवसीय सम्मेलन में भाग लेने वाले विभिन्न राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों ने डब्लूएचओ के अनुमानों पर आपत्ति जताते हुए एक प्रस्ताव पारित किया। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट देश को खराब रोशनी में दिखाने के लिए थी, और इस्तेमाल की गई मॉडलिंग पद्धति त्रुटिपूर्ण थी। उन्होंने कहा कि भारत में मौतों को दर्ज करने के लिए एक मजबूत, कुशल और व्यापक प्रणाली है और सभी कोविड-19 मौतें पारदर्शी रूप से दर्ज की जाती हैं।

अपने हिस्से के लिए, कोविड पर डब्लूएचओ का ट्रैक रिकॉर्ड बोर्ड से ऊपर नहीं रहा है। अपने स्वयं के अध्ययन ने निष्कर्ष निकाला कि वायरस से लड़ने में महत्वपूर्ण समय खो गया क्योंकि इसने अंतरराष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा में देरी की।

कोविउ प्रकोप के बाद अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिकों की एक टीम को वुहान का दौरा करने की अनुमति देने के लिए चीन को राजी करने में हफ्तों का समय लग गया। अपेक्षाकृत कम विषाणु वाले ओमाइक्रोन के सामने आने के बाद यह पिछले साल दूसरे चरम पर आ गया, और इसने दुनिया को नए संस्करण के बारे में शिक्षित करने के बजाय अनावश्यक खतरे की घंटी बजी।

हालांकि, डब्लूएचओ के महत्व को कम करके नहीं आंका जा सकता है। भारत में



कोविड से होने वाली मौतों का अनुमान लगाने के लिए, डब्लूएचओ के अध्ययन ने विभिन्न स्रोतों के बीच, नागरिक पंजीकरण प्रणाली से मृत्यु पंजीकरण डेटा पर भरोसा किया है। कई मीडिया घरानों ने पिछले साल कुछ राज्यों के लिए मासिक सीआरएस प्रकाशित किया था और ये संख्या हमेशा मेल नहीं खाती थी। इन नंबरों को चुनने के लिए किस प्रकाशन का चयन किया गया था, इसके आधार पर गणितीय मॉडल अलग होता। विशेषज्ञों के अनुसार, डब्लूएचओ की रिपोर्ट, भारत या अन्य देशों के मामले में, अंडरकाउंट के पैमाने की गणना की तकनीकीता में नहीं जाती है। इसने 2020 में भारत में सभी कारणों से मरने वाले लोगों की कुल संख्या का अनुमान लगाकर अतिरिक्त मृत्यु दर की गणना करने का एक सीधा तरीका अपनाया है और कोविड नहीं होने पर सभी कारणों से होने वाली मौतों की अपेक्षित संख्या को घटा दिया है। इन अतिरिक्त मौतों को कोविड-19 का परिणाम माना जाता है। आम सहमति है कि चूंकि अधिकांश अध्ययन समान अनुमानों की ओर इशारा करते रहे हैं, इसलिए उन्हें वास्तविक टोल का प्रतिबिंबित होना चाहिए। लेकिन तथ्य यह प्रतीत होता है कि शोधकर्ता और सहकर्मी समीक्षक समान कार्यप्रणाली का उपयोग करने वाले लोगों के एक अतिव्यापी समूह से संबंधित हैं।

प्रति हजार जनसंख्या पर होने वाली मौतों के मामले में, भारत शीर्ष 100 देशों में शामिल नहीं है, हालांकि 1.2 प्रतिशत की संक्रमण मृत्यु दर इसे विश्व स्तर पर सातवें स्थान पर रखती है। सटीक कोविड मृत्यु अनुमानों पर भ्रम के कारणों में से एक है, क्योंकि कारणों से सटीक मृत्यु के आंकड़े आना मुश्किल है - लगभग 70 प्रतिशत मौतें सामान्य रूप से घर पर होती हैं - अतिरिक्त मौतों की पहचान करने का प्रयास किया गया है; दूसरा, उच्चतम न्यायालय के निर्णय के अनुसार कोविड के तीन महीने के भीतर सभी मौतों पर विचार करना क्योंकि कोविड मौतों के परिणामस्वरूप रिपोर्टिंग में वृद्धि हुई; तीसरा, स्वतंत्र पत्रकार और स्वास्थ्य सांख्यिकीविद, जिनके पास पंजीकरण डेटा और खंडित जमीनी स्तर की जानकारी थी, ने सीआरएस की अपर्याप्तता पर चिंता जताई है। नतीजतन, डब्लूएचओ ने भारत को उस श्रेणी में रखा जिसके लिए कोविड मौत के आंकड़े मॉडलिंग के माध्यम से उत्पन्न किए जाने हैं, न कि आधिकारिक तौर पर रिपोर्ट किए गए नंबरों के आधार पर।

हालांकि, वास्तव में, इस स्तर पर, अंडरकाउंट पर कोई भी चर्चा समय से पहले है क्योंकि भारत ने अभी तक अपनी कोविड मौतों की गिनती बंद नहीं की है। 5.24 लाख मौतों का आंकड़ा लगातार संशोधन के अधीन है, और कुछ समय के लिए ऐसा ही रहने की संभावना है। यहां तक ?कि 2020 और 2021 में मरने वालों की संख्या भी अंतिम नहीं है। उदाहरण के लिए, पिछले चार महीनों में केरल में हुई 21,000 से अधिक मौतें इस साल नहीं हुई हैं। इनमें से ज्यादातर पिछले साल के हैं। कई मौतें जो 2020 में हुई होंगी, लेकिन 1.49 लाख टैली में शामिल नहीं हैं, उन्हें बाद के चरणों में गिना जाएगा। उन मौतों को याद नहीं किया गया है; ये आंकड़ों में दिखाई देंगे। 2021 के लिए भी यही सच है।

आधिकारिक स्रोतों से मजबूत डेटा संकलित करना एक घंटे की आवश्यकता है जिसे वैज्ञानिक रूप से एकत्र किया जाना चाहिए और क्षेत्र सर्वेक्षण के माध्यम से मान्य किया जाना चाहिए। दुर्भाग्य से, सरकारी एजेंसियों के पास विश्वसनीय डेटा उपलब्ध नहीं है, जो गलत संचार और भ्रम पैदा कर रहा है जिससे अटकलें लगाई जा रही हैं। इस मामले में सरकार को उचित उपाय करना चाहिए

## आप की बात

### टीवी सीरियल में अंधविश्वास

**कहने** के लिये तो हम आज 21वीं सदी के दौर में जी रहे हैं और नित नये-नये परिवर्तन हो रहे,नये-नये आविष्कार हो रहे,वहीं दूसरी तरफ हम धारावाहिकों द्वारा दिखाये जा रहे अंधविश्वासों में भी जकड़े जा रहे हैं, नये-नये टोने -टोटके इजात किये जा रहे हैं । ऐसा इसलिए क्योंकि अधिकांश सीरियल महिलाओं को ध्यान में रखकर बनाये जाते हैं और यही सब दिखाकर अपने दर्शकों की संख्या में इजाफा करते हैं। भारतीय धारावाहिकों को अगर पैनी निगाह से देखें तो पता चलेगा कि सबमें किसी की सास अपने बहु से ईर्ष्या भाव रखती है तो कोई बहु अपने सास-ससुर के घर से निकालने का षड़यंत्र रचती है। कोई ज्योतिष के पास जाकर अपने संबंधियों से सब हड़पने का लालच दिखाती है ,अब ऐसे में भारतीय संविधान में दिये गये नागरिकों में वैज्ञानिक दृष्टि का सुत्रपात कैसे होगा। कहते हैं कि सिनेमा समाज का दर्पण होता है, उसमें वही दिखाया जाता है जो समाज में हो रहा है, किंतु आज परिस्थिति विपरित है,आज कंटेट की होड़ में सीरियल की गुणवत्ता मायने पर खरी न उतरकर वह सब दिखा रही जिससे समाज और परिवार का विखंडन होता है और उसी का प्रतिबिंब समाज, हर घर में हो रहा है।

- **मंगल सिंह**, आजमगढ़

### कट्टरपंथी तालिबान

**आज** अफगानिस्तान में तालिबान का शासन चलते हुए काफी समय हो गया है परंतु उसकी शासन व्यवस्था में कोई खास बदलाव नहीं आया है। तालिबानी शासन के चलते अफगानिस्तान में आज कोई विशेष तरक्की की बात हो गई हो ऐसी भी कोई विशेष बात देखने में नहीं आती है। आज भी वहां की जनता तालिबानी क्रूर शासन के साए में डर डर कर जी रही है, जोकि शरीयत के आधार पर चलाया जा रहा है। इस तालिबानी शासन में अगर कोई सबसे ज्यादा दुखी है तो वे अफगानिस्तान की महिलाएं हैं उनके साथ ये तालिबानी बिल्कुल भी अच्छा व्यवहार नहीं कर रहे हैं। अफगानिस्तान में सर्वाधिक ज्यादतियां आज महिलाओं के साथ की जाती है उन्हें आज भी अधिक पढ़ने लिखने की मनाही है उन्हें पर्दे में रहने पर मजबूर किया जाता है । छोटी बच्चियों को मजहबी तालीम देने तक सीमित रखा गया है इसके अलावा आज पढ़ी-लिखी महिलाओं के साथ भी कोई बहुत अच्छा व्यवहार अफगानिस्तान में नहीं किया जा रहा है कारण उन्हें चाहे आज नौकरी करने की इजाजत हो परंतु उनको पर्दे में ही घर से बाहर निकलने की आजादी है।

- **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

### दरकिनार होते नेता

**एक** तरफ उदयपुर चिंतन के बहाने देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस लोगों में अपनी पैठ जमाने में जुट रही है तो वैचारिक मतभेद और उपेक्षा के चलते नेताओं का पार्टी से बाहर जाना भी जारी है। इस्तीफों और हादसों से आहत ऐसे हालातों में कांग्रेस आखिर कैसे उभरेगी यह बड़ा प्रश्न है। लगातार हादसे दर हादसे झेलती पार्टी भले ही कितने बड़े आयोजन कर ले मगर ताजे हालातों में लगता नहीं कि वह संभल पाएगी। पिछले दो-तीन दिन कांग्रेस के लिए अपशकुन भरे रहे हैं। हार्दिक पटेल ने हाथ छोड़ा तो सुनील जाखड़ भी भाजपा के हो लिए। पंजाब में दूसरा बड़ा झटका सिद्धू को 1 साल की कैद के रूप में लगा है। विभिन्न कारणों से अंदर ही अंदर पनप रहे आक्रोश के मद्देनजर आने वाले दिन कांग्रेस के लिए परेशानी भरे हो सकते हैं। ऐसे में समझदारी इस बात की है कि केंद्रीय नेतृत्व इस असंतोष का सहमति भरा समाधान निकालें और एक होकर जनता के बीच में जाए। खुलती मुट्ठी कांग्रेस के भविष्य के लिए अच्छे संकेत नहीं है।

- **अमृतलाल मारू,** दसई, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया




**न** केवल इंटरनेट की गति बढ़ाना, बल्कि विकास व रोजगार सृजन की गति बढ़ाना भी जरूरी है।

- **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**चंडीगढ़**-मोहाली सीमा पर जारी किसान आंदोलन अनावश्यक व अवांछित है।

- **भगवंत मान**
पंजाब के मुख्यमंत्री





**अगले** दो महीने हमारे जीवन का सबसे कठिन समय होगा।

- **रनिल विक्रमसिंघे**
श्रीलंका के प्रधानमंत्री

## साढ़े चार लाख से अधिक युवाओं को मिलेंगे रोजगार के अवसर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**योगी** सरकार लोगों तक समस्त सुविधाएं आसानी से पहुंचाने के अलावा युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए बड़ा कदम उठाने जा रही है। प्रदेश सरकार गांवों में 1.80 लाख सीएससी (कामन सर्विस सेंटर) खोलने जा रही है। इससे 4.5 लाख से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। योगी सरकार अगले पांच वर्षों में प्रदेश में प्रत्येक परिवार के कम से कम एक व्यक्ति को रोजगार से जोड़ना चाहती है। साथ ही सरकार की मंशा है कि लोगों को सुविधाओं के लिए भटकना नहीं पड़े और सभी सुविधाएं लोगों को घर के पास उपलब्ध हों। इसी को देखते हुए योगी सरकार की अगले पासं वर्षों में गांवों में 1.80 लाख सीएससी खोलने की योजना है। इसके जरिए 4.50 लाख युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ा जाएगा।

## पीएम किसान सम्मान निधि योजना की आगामी किस्त के लिए ईकेवाईसी कराना आवश्यक

**लखनऊ।** उप कृषि निदेशक लखनऊ एके मिश्रा ने बताया है कि जिलाधिकारी श्री अभिषेक प्रकाश के निर्देशन में प्रदेश सरकार द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत योजना का लाभ प्राप्त कर रहे किसान भाई 31 मई 2022 तक पोर्टल पर ईकेवाईसी करा दें। उन्होनें बताया कि पीएम किसान योजना से संबंधित पोर्टल के फार्मर कार्नर पर आनलाईन ईकेवाईसी अपने नजदीकी जनसेवा केन्द्रए राजकीय कृषि बीज भण्डार अथवा कृषक भाई अपने बैंक की शाखा से संपर्क कर ईकेवाईसी अवश्य कराये, जिससे आगामी किशत प्राप्ति में सुविधा हो। पी0एम0 किसान योजना में लाभार्थियों के आधार सत्यापन हेतु भारत सरकार द्वारा ईकेवाईसी नाम से एक नया लिंक उपलब्ध कराया गया हैए लिंक के माध्यम से पीएम किसान सम्मान निधि के लाभार्थियों को ईकेवाईसी कराना आवश्यक है। जो कृषक 31 मई 2022 तक ईकेवाईसी नहीं करायेगे उनकी आगामी किशत नही जायेगीए अभी मात्र 50 प्रतिशत लाभार्थियों द्वारा ही ईकेवाईसी कराया गया है।

# संवैधानिक संस्थाओं का डिजिटलीकरण करने के लिए आगे बढ़ा जाए: महाना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**विधान** सभा अध्यक्ष सतीश महाना ने लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला का अभिनन्दन करते हुए कहा कि अपने व्यस्ततम समय में से हम सबके बीच आकर अपने मार्गदर्शन व कार्यक्रम का उद्घाटन करके हम सबको अनुगृहीत किया है। मुख्यमंत्री की प्रेरणा व नेतृत्व में मात्र डेढ़ माह के अंदर पेपरलेस विधान सभा सत्र प्रारम्भ करने के लिए सम्पूर्ण प्रबन्ध के साथ दिन रात इसकी मानीटरिंग करके हम इस कार्य को विधान सभा व एनआईसी के अधिकारियों कर्मचरियों के सहयोग से पूर्ण कर सके।

श्री महाना ने नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव का भी उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी के युग में यह आवश्यक है कि संवैधानिक संस्थाओं का आधुनिकीकरण और डिजिटलीकरण करने के लिए आगे बढ़ा जाए क्योंकि इससे कार्य प्रणाली में एकरूपता, पारदर्शिता और तकनीकी दक्षता आती है। हमारे देश के सभी विधान मण्डलों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन वन नेशन, वन डिजिटल प्लेटफार्म पर नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन का निर्माण किया गया है जो पूरे देश की विधान सभाओं को एक ही स्थान पर एक ही पोर्टल लाता है। नेवा का अर्थ है नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन, इस एप्लीकेशन के माध्यम से सदन के सदस्यों को देश के सभी विधान मण्डलों से संबंधित विभिन्न सूचनाएं जिनमें प्रक्रिया अधिनियम, सदन की कार्य पद्धति, सूचनाएं, विधेयक, प्रश्नोत्तर प्रणाली, समिति प्रणाली की पूर्ण सूचना एक जगह पर प्राप्त हो सकेगी। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर प्रमुख सचिव विधान सभा प्रदीप कुमार दुबे व अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे।

### नेता प्रतिपक्ष ने की योगी सरकार के प्रयासों की सराहना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विधानसभा** में नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव गुरुवार को जब विधानसभा मंडप आए तो वहां ई-विधान के तहत हर सीट पर लगे टैबलेट देख कर चौंक गए। उन्होंने इस नई व्यवस्था के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की सराहना करते हुए बधाई दी। अखिलेश यादव ने कहा कि यहां आकर उन्हें लगा कि जैसे किसी आईटी सेंटर का उद्घाटन होने जा रहा है। मैं तो चौंक गया कि यह विधानभवन का कक्ष है या बड़ा आईटी सेंटर। अखिलेश ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी का जितना इस्तेमाल होगा, भ्रष्टाचार कम होगा और पारदर्शिता बढ़ेगी। अखिलेश ने अपने मुख्यमंत्रित्व काल की याद करते हुए कहा कि उन्होंने तकनीक के जरिए डायल-100 की योजना शुरू की थी लेकिन उस वक्त बहुत सारे लोग इसे नहीं शुरू होने देना चाहते थे। फाइल में बहुत बड़ी नोट लिखी थी लेकिन उन बातों का जवाब देते हुए उसे लागू किया गया। मुझे खुशी है कि देश में सबसे अच्छा रिस्पान्स सिस्टम यूपी में है। इसी तरह स्वास्थ्य सेवा व किसानों का डाटा तैयार कर डीबीटी की व्यवस्था की गई। उन्होंने कहा कि हमारी व मुख्यमंत्री की ट्रेनिंग अलग से कराई जाए। पता नहीं है हम लोग जानेंगे कि नहीं जानेंगे।

### स्वतंत्र देव सिंह विधान परिषद में नेता सदन बने

**लखनऊ।** प्रदेश के जलशक्ति एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री स्वतंत्र देव सिंह विधान परिषद में नेता सदन होंगे। विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने 22 मई 2022 से उन्हें नेता सदन के रूप में मान्यता दे दी है। विधान परिषद के सभापति डॉ राजेश सिंह ने शुक्रवार को दी। इससे पहले डॉ दिनेश शर्मा उप मुख्यमंत्री के रूप में विधान परिषद में नेता सदन थे। सोमवार से शुरू होने वाले विधान परिषद के सत्र में स्वतंत्र देव सिंह नेता सदन की जिम्मेदारी संभालेंगे।

## दारोगा भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी करने वाले बिहार के साल्वर गैंग के दो सदस्य गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**● वास्तविक अभ्यर्थी के स्थान पर साल्वर बिठाकर पास करा देते हैं लिखित व फिजिकल परीक्षा**

**उत्तर प्रदेश** पुलिस भर्ती बोर्ड की ओर से चल रही दारोगा और प्लाूटन कमांडर पद पर भर्ती प्रक्रिया में सेंध लगाकर गड़बड़ी करने वाले बिहार के साल्वर गैंग के दो सदस्यों को एसटीएफ ने कानपुर के बाबूपुरवा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया। एसटीएफ को सूचना मिली कि बिहार के साल्वर गैंग द्वारा उपनिरीक्षक/प्लाटून कमांडर पीएसी के पद पर भर्ती परीक्षा में वास्तिविक अभ्यर्थी के स्थान पर किसी दूसरे व्यक्ति को शामिल कराकर दस्तावेजों एवं इलेक्ट्रानिक वेरीफि केशन माध्यमों को धोखाधडी के माध्यम से उत्तीर्ण कराया जा रहा है। जिसका एक अभ्यर्थी 19 मई को अपनी दौड़ भी 37 वीं वाहिनी पीएसी, कानपुर में सायंकाल के समय आयोजित फि जिकल की परीक्षा को किसी अन्य व्यक्ति से दिलवाकर उत्तीर्ण किया है। अभ्यर्थी एवं साल्वर दोनों झकरकटी बस स्टैण्ड से कहीं जाने के लिए खड़े हैं। इस सूचना पर एसटीएफ की टीम ने कार्रवाई करते हुए झकरकटी बस स्टैंड के पास स्थित मन्दिर के पास से दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों व्यक्तियों से पूछताछ की गयी तो शिशुपाल कुमार ने बताया कि मगध विश्वविद्यालय से वर्ष 2015 में बीएसी मैथमैटिक्स व केमिस्ट्री से पास करने के पश्चात प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के दौरान राहुल नाम का व्यक्ति सम्पर्क में आया।

## सड़कों पर अवैध वसूली की मिली शिकायत तो संबंधित के खिलाफ होगी कठोर कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**● अपर मुख्य सचिव गृह ने पुलिस, परिवहन, भूतत्व व खनिकर्म सहित सभी विभागों के अफसरों को जारी किए कड़े निर्देश**

**मुख्यमंत्री** के कड़े तेवरों के बाद प्रदेश का गृह विभाग अतिक्रमण के खिलाफ सड़क सुरक्षा के मुद्दे पर एक्शन मूड में आ गया है। गृह विभाग की ओर से स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि पुलिस, परिवहन, भूतत्व एवं खनिकर्म के कर्मियों द्वारा अवैध वसूली का अगर कोई भी प्रकरण सामने आया तो संबंधित के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी की ओर से शुक्रवार को इस संबंध में सभी मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों, प्रदेश के चारों पुलिस कमिश्नरेट के पुलिस कमिश्नर और सभी पुलिस कप्तानों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जिसकी सूचना अन्य सभी सम्बन्धित विभागों के आला अधिकारियों को भी निर्देशों का अक्षरश: पालन करने के लिए भेज दी गई है। प्रदेश की खुशहाली और तरक्की के लिए दिन-रात मशक्कत कर रहे सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दो दिन पूर्व अतिक्रमण और जगह-जगह स्थापित अवैध वाहन स्टैंड को लेकर सख्त नाराजगी जाहिर करते हुए कड़े दिशा-निर्देश शासन के आला अधिकारियों को दिए थे। उन्होंने सड़क सुरक्षा संबंधी हर संभव प्रयास तथा यातायात नियमों का कड़ाई से अनुपालन करने के निर्देश दिए थे। उन्होंने सड़क सुरक्षा पर विशेष बल देते हुए एक्सप्रेस-वे, राष्ट्रीय राजमार्ग, लोक निर्माण विभाग की सड़कों, नगर मार्गों एवं अन्य सड़कों के किनारे अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध संघन अभियान चलाकर कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए थे। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने बताया कि मुख्यमंत्री की अपेक्षा के क्रम में गृह विभाग की ओर से सभी संबंधित अधिकारियों को सड़क के किनारे अवैध अतिक्रमण, पार्किंग तथा अवैध रूप से संचालित ऑटो, टैक्सी, बस स्टैंड के विरुद्ध विशेष ध्यान देते हुए प्रभावी प्रर्वतन कार्रवाई कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि सार्वजनिक मार्गों पर आवागमन बाधित न होने पाए। गृह विभाग की ओर से जारी निर्देशों में कहा गया है कि फि टनेस प्रमाण-पत्र के बिना कोई भी वाहन यथा स्कूल बस, प्राइवेट बस, परिवहन विभाग की बसें, प्राइवेट कान्ट्रेक्ट बसें, ट्रक, दो पहिया व चार पहिया इत्यादि वाहनों का संचालन न होने पाए।

## आजम की रिहाई से बढ़ी राजनीतिक सरगर्मी

**● तीन दिन बाद शुरू हो रहे बजट सत्र में हिस्सा लेने न लेने को लेकर लगाए जा रहे हैं कयास**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पूर्व मंत्री** आजम खान की करीब 27 महीनें बाद जेल से रिहाई ने तीन दिनों बाद शुरू हो रहे विधानमंडल के बजट सत्र को काफी रोचक बना दिया है। सदन में अपनी तल्ख टिप्पणियों को लेकर आजम खां अक्सर विवादों में रहे है। आगमी 23 मई से शुरू हो रहे बजट सत्र मे हिस्सा लेते है या नही, सियासी गलियारों में हर किसी की नजर इसी पर है। चाहे सरकार के मंत्री हो या फिर सदन के अन्य सदस्य, उन्हे तीन दिनों बाद आजम खान का सीएम योगी और सपा मुखिया अखिलेश यादव का आमना-सामना और फिर उसके बाद राजनीतिक ऊंट के करवट बदलने का बेसब्री से इंतजार है।

हालांकि अभी यह साफ नही है कि बजट सत्र में आजम खान हिस्सा लेगे भी या नही। वजह विधायक निर्वाचित होने के बाद उन्होने अभी शपथ नही ली है। करीब 27 महीने बाद जेल की सलाखों से बाहर होने के बाद माना जा रहा है कि आजम खान शपथ लेने के बाद विधानसभा में राजनीतिक विरोधियों को अपने अन्दाज में जवाब दे सकते है। सूबे की विधानसभा सदन पहुंचते हैं तो सीएम योगी और सपा प्रमुख अखिलेश यादव से उनका आमना-सामना जरूर होगा। हालांकि आजम खान को उससे पहले विधानसभा अध्यक्ष से मिलकर विधायक पद की शपथ लेनी होगी क्योंकि कोर्ट ने मार्च में सीतापुर जेल में रहते हुए आजम खान को विधानसभा में शपथ लेने की अनुमति नहीं थी। सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद आजम खान जेल से बाहर आए हैं तो निश्चित तौर पर विधायक पद की शपथ और बजट सत्र में हिस्सा लेने के लिए पहुंच सकते हैं। आजम खान 26 फरवरी 2020 को जेल गए थे तो रामपुर से सांसद थे, वो लोकसभा सदस्य के तौर पर संसद सत्र में हिस्सा लिया करते थे लकिन 2022 चुनाव में रामपुर सीट से 10वीं बार विधायक बनने के बाद आजम खान ने लोकसभा सदस्य पद से इस्तीफा दे दिया था। विदित हो कि 15 साल के बाद 2017 में बीजेपी उत्तर प्रदेश की सत्ता में लौटी थी और पहली बार योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री बने थे। दिंसबर 2017 में यूपी विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन विधानसभा भवन के बाहर सीएम योगी आदित्यनाथ और आजम खान एक दूसरे का हाथ पकड़े साथ नजर आए थे। योगी और आजम एक-दूसरे के हाथों में हाथ डालकर कुछ दूर चलते नजर आए थे और हंसी मजाक करते दोनों नेताओं के चेहरे पर मुस्कान बिखेरती यह तस्वीर सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुई थी। सीएम योगी और आजम खान विधानसभा बाहर भले ही हाथ मिलाकर बातें कर रहे हों, लेकिन सदन के अंदर जाते ही दोनों अपनी ।अपनी भूमिका में आ गए थे। यह तस्वीर आने के कुछ दिन के बाद ही आजम पर कानूनी शिकंजा कसना शुरू हो गया था। एक के बाद एक 89 मामले आजम खान और उनके परिवार पर दर्ज हो गए थे।

### झूठ के लम्हे होते हैं सदियां नहीं: सपा प्रमुख

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता व पूर्व मंत्री मोहम्मद आजम खान के 27 महीने बाद जेल से रिहा होने पर शुक्रवार को प्रसपा अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव तो काफी सक्रिय दिखे लेकन समाजवादी पार्टी का कोई बड़ा नेता उनकी अगवानी में सीतापुर जेल नहीं पहुंचा। अलबत्ता सुबह सपा अखिलेश यादव ने इस संबंध में एक ट्वीट जरूर किया। अपने ट्वीट के माध्यम से अखिलेश ने कहा कि सपा के वरिष्ठ नेता व विधायक आजम खान के जमानत पर रिहा होने पर उनका हार्दिक स्वागत है। जमानत के इस फैसले से सर्वोच्च न्यायालय ने न्याय को नए मानक दिए हैं। पूरा ऐतबार है कि वो अन्य सभी झूठे मामलों-मुकदमों में बाइज्जत बरी होंगे। अखिलेश ने लिखा कि झूठ के लम्हे होते हैं, सदियां नहीं।

## चार साल पहले मुम्बई से हत्या कर फरार हुआ अपराधी वाराणसी से गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुंबई में** चार साल पहले दबंगई में एक व्यक्ति की हत्या कर फरार हो गए अपराधी सचिन उपाध्याय को एसटीएफ की टीम ने वाराणसी से गिरफ्तार किया है। 8 नवंबर 2018 को को गोराई नाका, मारुति चाल, संतोष भवन, नाला सोपारा में अजय जायसवाल के कबाड़ी के दुकान के पास राजबहादुर पटेल निवासी गोराई नाका मारुति चाल रूम नं. 31 संतोष भवन नाला सोपारा, पालघर मुम्बई की हत्या कर दी गयी थी। इस संबंध में थाना तुलिंज मीरा भायेन्दर वसई विरार पुलिस कमिश्नरेट मुम्बई पर हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ था। जिसमें वांछित अभियुक्त सचिन उपाध्याय निवासी ग्राम धारीकापुर पोस्ट प्रेमकापुरा थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर के जनपद जौनपुर, उत्तर प्रदेश में होने की सूचना भायेन्दर क्राइम ब्रान्च द्वारा यूपी एसटीएफ को देते हुए सहयोग मांगा गया। एसटीएफ की वाराणसी फील्ड इकाई को सहयोग में लगाया गया। एसटीएफ टीम ने छानबीन के दौरान मिली सटीक जानकारी के आधार पर शुक्रवार को सचिन उपाध्याय को वाराणसी जिले के कैंट थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया। पूछताछ से पता चला कि अभियुक्त बचपन से अपने माता-पिता के साथ मुम्बई में रह रहा था। 20 वर्ष की आयु में ही उसे मुम्बई में भाई गिरी करने का शौक हो गया था। जिसके कारण वह वाहन स्टैंड पर वाहन खड़ा करने वाले ड्राइवरों से पैसा वसूलने का कार्य करने लगा। उसी दौरान राजबहादुर पटेल से पैसा मांगने पर उसके द्वारा इन्कार करने के बाद दोनों के बीच विवाद हो गया। जिसके बाद अभियुक्त द्वारा राजबहादुर पटेल की हत्या कर दी गयी। हत्या करने बाद से ही अभियुक्त मुम्बई से फरार हो गया था और तभी से वह जनपद जौनपुर व आसपास के जनपदों में लुक छिपकर रह रहा था।

## सराहनीय कार्य करने वाले पुलिसजनों को मुख्यालय बुलाकर सम्मानित करेंगे डीजीपी

**● पुलिस मुखिया ने शुरू की नई परंपरा, चार आरक्षी व एक होमगार्ड को प्रदान किया प्रशस्ति पत्र व 5-5 हजार रुपए नकद**



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कार्यवाहक** डीजीपी देवेंद्र सिंह चौहान ने नई परंपरा की शुरुआत करते हुए थाना क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को अपने कार्यालय बुलाकर पुरस्कृत करने का निर्णय लिया है। इसी निर्णय के क्रम में उन्होंने शुक्रवार को चार आरक्षी व एक होमगार्ड को प्रशस्ति पत्र और पांच-पांच हजार रुपए नकद देकर सम्मानित किया।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि डीजीपी द्वारा जिन पुलिसजनों को सम्मानित किया गया है उन्होंने अपने कर्तव्यपालन में ईमानदारी, लगन, मेहनत और बहादुरी का परिचय दिया है। उत्तर प्रदेश पुलिस का हर सदस्य जनसेवा के लिए सदैव तत्पर है। सम्मानित किए जाने के मौके पर एडीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार और डीजीपी के जीएसओ व एडीजी एन. रविन्दर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जिला मैनपुरी में नियुक्त आरक्षी सुशील कुमार अवकाश पर सपरिवार मां चामुंडा देवी दर्शन के लिए कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश गए थे। जहां पर 18 अपैगल को मंदिर परिसर में उन्हें रुपए एवं जेवरात से भरा लेडीज पर्स मिला, जिसमें लगभग 8.9 लाख रुपए के जेवरात थे। आरक्षी द्वारा पर्स में रखे गहनों की पर्ची पर लिखे स्वर्णकार के मोबाइल नम्बर पर सम्पर्क कर अथक प्रयास से दिल्ली निवासी पर्स के मालिक का पता लगा कर पर्स उनकी सुपुर्दगी में दिया गया।

## सीरियल किलर भाइयों के गैंग का सक्रिय सदस्य व जिला बदर अपराधी गिरफ्तार

**लखनऊ।** राजधानी के कुख्यात सीरियल किलर भाइयों सलीम, रुस्तम व शोहराब गैंग के सक्रिय सदस्य और जिला बदर अपराधी रिषभ सोनकर को एसटीएफ ने हुसनैगंज थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से दो तमंचे और कारतूस बरामद हुए हैं। एसटीएफ को पिछले कई दिनों से सीरियल किलर सलीम, रूस्तम, शोहराब गैंग के सदस्यों के सक्रिय होने की सूचनाएं प्राप्त हो रहीं थी। इस सम्बन्ध में एसटीएफ की विभिन्न टीमों को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया। छानबीन के दौरान जानकारी प्राप्त हुई कि सीरियल किलर सलीम, रूस्तम, शोहराब गैंग का सक्रिय सदस्य रिषभ सोनकर इस गैंग को बढ़ाने व और अधिक सक्रिय करने के लिए नए-नए लड़कों को अपने साथ जोड़ता है तथा उनसे जमीनों पर अवैध कब्जा कराने, अवैध असलहों की तस्करी कराने का काम कराता है। इसके साथ ही यह भी ज्ञात हुआ कि रिषभ सोनकर जनपद लखनऊ से जिला बदर भी है, जिसके बावजूद भी यह लखनऊ में ही रहकर अवैध गतिविधियों में लिप्त है।

## आधा दर्जन से अधिक जिलों में नए पुलिस कप्तान की तैनाती का इंतजार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**● मौजूदा एसपी प्रोन्नत होकर पांच महीने पहले ही बन चुके हैं डीआईजी**

**● पुलिस की कई इकाइयों में भी प्रभारी के पद पर होनी है स्थाई तैनाती**

**पुलिस** महकमे में आईपीएस अधिकारियों की तबादला सूची जारी होने का इंतजार बढ़ता ही जा रहा है। पहले यह अनुमान लगाया जा रहा था कि नए डीजीपी की तैनाती के बाद तबादले किए जाएंगे लेकिन शासन ने स्थायी डीजीपी की तैनाती के बजाए डीजी इंटेलिजेंस डीएस चौहान को डीजीपी पद का कार्यभार सौंप दिया गया। इसके बाद भी अभी आईपीएस की लिस्ट जारी न होने से अधिकारियों में बेचैनी है। वर्तमान में यूपी के आधा दर्जन से जिलों ऐसे हैं जहां नए पुलिस कप्तानों की तैनाती होनी है। इसके अलावा पुलिस आधा दर्जन अहम इकाइयों में भी डीजी और एडीजी स्तर के प्रभारियों के पद लंबे समय से खाली है। इनका जिम्मा दूसरी इकाइयों के एडीजी को अतिरिक्त प्रभार के रूप में सौंप रखा गया है।

दूसरी बार प्रदेश की सत्ता संभालने के बाद करीब डेढ़ माह का समय गुजर चुका है लेकिन अभी तक योगी सरकार द्वारा आईपीएस अधिकारियों की तैनाती में कोई खास-फेरबदल नहीं किया गया है जबकि कई जिले ऐसे हैं जहां के पुलिस कप्तान प्रोन्नत होकर डीआईजी हो चुके हैं। वह अभी भी बतौर एसपी जिले की कमान संभाले हुए हैं। फील्ड में तैनात अधिकारियों के अलावा पुलिस की विभिन्न शाखाओं में भी एडीजी और डीजी स्तर के अधिकारियों के पदों पर तैनाती होनी है। इन इकाइयों का जिम्मा अतिरिक्त प्रभार के रूप में लंबे समय से एडीजी स्तर के अधिकारी संभाल रहे हैं।

सरकार गठन के तुरंत बाद लगातार त्योहार और स्थानीय प्राधिकार क्षेत्र के चुनाव पड़ जाने की वजह से माना जा रहा था कि पुलिस महकमे में फेरबदल टाल दिया गया है। त्योहर और एमएलसी के चुनाव निपटने के बाद एक बार फिर आईपीएस की तबादला सूची जारी होने की चर्चा ने तेजी पकड़ी लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इस बीच राज्य सरकार ने प्रदेश के डीजीपी मुकुल गोयल को गंभीर आरोपों में हटा दिया। नई तैनाती तक एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार को पुलिस महकमे की बागडोर सौंपी गई। इस घटनाक्रम के बाद यह चर्चा थी कि नए डीजीपी की नियुक्ति के बाद ही अब कोई तबादला होगा मगर सरकार ने इस पद पर कोई स्थायी नियुक्ति करने के बजाए देवेंद्र सिंह चौहान को कार्यवाहक डीजीपी बना दिया। अब एक बार फिर चर्चा है कि जल्द ही आईपीएस अधिकारियों की लिस्ट आने वाली है। दरअसल आधा दर्जन से ज्याद जिले ऐसे हैं जिनमें तैनात पुलिस कप्तान पांच माह पूर्व प्रमोशन पाकर डीआईजी बन चुके हैं। इनमें वेस्ट यूपी के बुलंदशहर के एसएसपी संतोष कुमार सिंह, आगरा के एसएसपी सुधीर कुमार सिंह, सीतापुर के एसपी आरपी सिंह, सुल्तानपुर के एसपी विपिन मिश्रा, सोनभद्र के एसपी अमरेंद्र प्रसाद सिंह, मिर्जापुर के एसपी अजय कुमार सिंह, वाराणसी ग्रामीण के एसपी अमित वर्मा और देवरिया के एसपी श्रीपति मिश्रा शामिल हैं जो डीआईजी बन चुके हैं। इनके अलावा बाराबंकी के एसपी अनुराग वत्स पारिवारिक कारणों के चलते लंबे अवकाश पर चल रहे हैं। उनके स्थान पर बाराबंकी में भी नए पुलिस कप्तान की नियुक्ति होनी है।

वहीं अगर पुलिस की विभिन्न इकाइयों की बात की जाए तो विजिलेंस इकाई का जिम्मा कार्यवाहक डीजीपी देवेंद्र सिंह चौहान के पास है। आर्थिक अपराध संगठन की जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती बोर्ड के चेयरमैन और डीजी आरके विश्वकर्मा संभाल रहे हैं। स्मारकों व महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिए गठित किए गए यूपीएसएसएफ में भी एडीजी के पद पर तैनाती होनी है। यहां का काम एडीजी पीएसी केएस प्रताप कुमार संभाल रहे हैं। इसी प्रकार विजिलेंस इकाई का जिम्मा डीजी इंटेलिजेंस डीएस चौहान के पास है। एडीजी पुलिस आवास निगम के एडीजी हरिराम शर्मा एंटी करप्शन इकाई की जिम्मेदारी अतिरिक्त प्रभार के रूप में देख रहे हैं। हरिराम शर्मा खुद भी आगामी जून माह में सेवानिवृत्त हो रहे हैं। जिसके बाद पुलिस आवास निगम और एंटी करप्शन इकाई में भी नए प्रभारी की दरकार होगी। एडीजी 112 के एडीजी अशोक कुमार को अतिरिक्त प्रभार के रूप में ट्रैफिक डायरेक्टरेट का भी जिम्मा सौप रखा गया है। पुलिस अधिकारियों के ट्रांसफर-पोस्टिंग का जिम्मा संभालने वाले एडीजी कार्मिक पद का काम एडीजी स्थापना संजय सिंघल अतिरिक्त प्रभार के रूप में देख रहे हैं। एडीजी मानवाधिकार आयोग का पद भी खाली चल रहा है। मानवाधिकार का प्रभार इस समय एडीजी रूल्स एंड मैन्युअल एसके माथुर देख रहे हैं।

## किसी भी प्रकार से अपात्रों के कार्ड सरेण्डर करने पर उनसे वसूली नहीं की जाएगी: सतीश शर्मा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**● नए राशन कार्ड से सम्बन्धित प्रकरणों को गम्भीरता से निस्तारित कराया जाय**

**प्रदेश** के खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने निर्देशित किया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के तहत आच्छादित सभी पात्रों को राशन निर्गत किया जाय और आमजन मानस में शासन के मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुसार पात्रता के मानको के आधार पर राशन कार्ड सरेण्डर किये जाने के लिए अपील की जाएए ताकि पात्र लोगों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार से अपात्रों के कार्ड सरेण्डर करने पर उनसे वसूली नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सम्बद्ध उचित दर दुकानों का व्यवस्थापन शीघ्र किया जाए और निलम्बित उचित दर दुकानों पर शीघ्र निर्णय लेते हुए रिक्त उचित दर दुकानों की नियुक्ति की जाए ताकि मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सरकार की योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाया जा सके। खाद्य एवं रसद मंत्री जवाहर भवन के सभागार में लखनऊ सम्भाग लखनऊ के जिला खाद्य विपणन अधिकारियों, आपूर्ति अधिकारियों तथा क्रय एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विभागीय कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। इस अवसर पर सिंगल स्टेज डोरस्टेप डिलिवरी के तहत परिवहन ठेकेदारों के चयन के संबंध में निर्देशित किया कि सिंगल स्टेज डोरस्टेप डिलिवरी का कार्य मण्डल के प्रत्येक जनपद में अविलम्ब प्रारम्भ कराया जाए। श्री शर्मा ने आगामी धान खरीद की तैयारियों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि ऐसी संस्थाएं जिनके विरूद्ध कोई जांच चल रही हो या वे किसी भी प्रकार से दोषी पायी गयीं हो उनके द्वारा भविष्य में खरीद नहीं की जानी चाहिए। साफ-सुथरी छवि वाली संस्थाओं से ही खरीद की जाय। उन्होंने कहा कि क्रय केन्द्रों को इस प्रकार खोला जाए कि वे समानुपातिक रूप से किसानों को अपना गेहूं या धान विक्रय के लिए अधिक दूरी न तय करनी पड़े और ऐसा भी न हो कि एक ही स्थान पर कई केन्द्र स्थापित हो जाएं। उन्होंने कहा कि केन्द्रों पर समुचित व्यवस्था की जानी चाहिए ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो। श्री शर्मा ने कहा कि बेघर एवं कचरा उठाने वाले नागरिकों का भी चिन्हीकरण करते हुए पात्रों को शीघ्र राशन कार्ड उपलब्ध कराया जायए ताकि ऐसे नागरिक जिनके पास अपना कोई आवास और पहचान पत्र नहीं है उनको भी मुफ्त राशन वितरण का लाभ मिल सकेगा। उन्होंने यह भी कहा कि खरीद व वितरण सम्बन्धी कार्यों में गुणात्मक सुधार व पारदर्शिता लाने के लिए प्रभावी कदम उठाये जाएं।

आजम खान की ज़ुबान रही खामोश, जज्बात दिखे हाई...

# आजाद हुए आजम, किसी को लगाया गले, किसी से मिलाया हाथ

**● सीतापुर में एक भी शब्द नहीं बोले आजम खान**

संवाददाता। सीतापुर



**आजम एण्ड** फैमिली के जीवन के लिए सीतापुर कभी भुलाया नहीं जाएगा। वर्ष 2020 की 27 फरवरी को वह मनहूस रात जब सपा के वरिष्ठ नेता आजम खान उनकी पत्नी तंजीम फातिमा बेटे अब्दुल्ला को रामपुर से सीतापुर जेल लाया गया था। सुप्रीम कोर्ट से मिली अंतरिम जमानत के मुताबिक आजम खान को 88वें मामले में जमानत मिली है। जेल रिकार्ड की माने तो आजम खान पर कुल 81 मामले दर्ज है, बेटे अब्दुल्ला पर 43, पत्नी तंजीम फातिमा पर 34 मामले दर्ज है। सीतापुर की जेल में रहते हुए सबसे पहले आजम खान की पत्नी तंजीम फातिमा को जमानत मिली, उसके बाद बेटा अब्दुल्ला जेल से बाहर आया लेकिन आजम खान को अपनी जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा। सुप्रीम पावर के बाद आजम खान सीतापुर जिला जेल से शुक्रवार को 2 साल 2 माह और 23 दिन बाद बाहर आए। आजम खान अपने बयानों और अंदाज के लिए जाने जाते है, रिहाई के दौरान आजम खान से मिलने के लिए उनके दोनो बेटे और प्रसपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव जेल जरूर पहुंचे लेकिन आजम खान ने जेल के अंदर किसी से मिलाई नहीं की। आजम खान अपने बैरक से सीधे बाहर आते है और मुख्य गेट के अंदर शिवपाल यादव और अपने दोनों बेटों से नजरें मिलाते हैं, फूलों की माला शिवपाल यादव आजम खान को देते है, फिर सभी बाहर आ जाते है। इनोवा कार पर सवार होकर आजम खान जेल परिसर से निकलते है, आगे-आगे अपर पुलिस अधीक्षक, सिटी मजिस्ट्रेट, एसडीएम, सीओ की गाड़ी चलती है, आजम खान की गाड़ी भारी पुलिस बल के बीच रेंगती हुई, निकलती है, दर्जनों मीडिया के कैमरे उनके हर गतिविधि को कैद करने के लिए लग जाते है, भारी पुलिस बल इस प्रयास में जुट जाता है कि किसी प्रकार से आजम खान की मीडिया से बात न हो पाए। आजम खान गाड़ी के अंदर से मीडिया कर्मियों और समर्थकों से हाथ उठाकर अभिवादन तो करते है, लेकिन उनके होंठ सिले रहते है। सीतापुर जिला जेल से रेंगते हुए गाड़ी आजम खान की 500 मीटर दूर सपा के पूर्व विधायक अनूप गुप्ता के आवास पहुंचती है। जहां पहले से ही पुलिस छावनी बनी हुई नजर आती है, यह कोई पहला मौका नहीं था जब तंजीम फातिमा की रिहाई हुई थी, तब भी वह अनूप गुप्ता के आवास पर पहुंची थी और अब्दुल्ला की जब रिहाई हुई थी, वह भी अनूप गुप्ता के यहां भोजन करने के बाद ही रामपुर के लिए रवाना हुए थे। तब सीआरपीएफ को अनूप गुप्ता के आवास पर तैनात किया गया था, आज भारी पुलिस बल लगाया गया था। मीडिया कर्मियों को इस बात की उम्मीद थी कि आजम खान अनूप गुप्ता के आवास पर कुछ तो बोलेंगे। लेकिन अपने बोलने के अंदाज के लिए जाने जाने वाले आजम खान की जुबान यहां भी नहीं खुली पर जज्बात हाई रहे। अनूप गुप्ता के आवास पर पहुंचे आजम खान अपने समर्थकों को गले लगाते रहे, समर्थकों की आंखों से आंसू निकलते दिखाई दिए, आजम खान किसी से हांथ मिलाए, तो किसी को गले लगाए, समर्थक उन्हें छूने और मिलने के लिए इस कदर बेताब थे, कि आजम खान के दोनों बेटों को संभालना मुष्किल हो रहा था, लेकिन सभी समर्थकों से आजम खान मिलते हुए नजर आए।

## आजम खान की रिहाई पर विधायकों से हुई पुलिस की झड़प, अनूप गुप्ता का घर बना पुलिस छावनी

**● आदाब के बाद विधायक को पुलिस ने बैठाया विजिटर कक्ष में, पुलिस से झड़प के बाद सपा विधायक फहीम को जेल परिसर में जाने की मिली इजाजत, विधायक फहीम की गाड़ी से आजम खान रामपुर गए**

**सीतापुर।** जिला कारागार से आजम खान की रिहाई के दौरान उनसे मिलने पहुंचे बिलारी के सपा विधायक फहीम की पुलिस से जमकर नोंक-झोंक हुई, दरअसल विधायक लिखी जिस इनोवा कार से विधायक फहीम जिला जेल परिसर के मुख्य गेट पर पहुंचे थे, उसी इनोवा पर बैठकर आजम खान को जेल से छूटने के बाद रामपुर जाना था, विधायक फहीम चाहते थे कि वह इनोवा पर बैठ कर जेल परिसर के अंदर दाखिल हो जाए, लेकिन पुलिस ने उन्हें जब जाने की इजाजत नहीं दी तो वह खुद कार चलाकर जाने का प्रयास करने लगे, लेकिन शहर कोतवाल टीपी सिंह ने यह कहते हुए बलपूर्वक रोक दिया कि यदि आप गाड़ी चलाएंगे तो गाड़ी अंदर नहीं जाएगी, इस बीच झड़प हुई विधायक फहीम ने कुछ देर बाद जेल परिसर गेट के अंदर मौजूद सीओ सीटी पीयूष कुमार सिंह को जब आदाब बोला तब उन्हें पुलिस ने जेल परिसर के अंदर जाने की परमिशन दी और जेल के विजीटर कक्ष में ले जाकर बैठा दिया। सीतापुर से एक मात्र सपा विधायक अनिल वर्मा भी आजम खान की रिहाई पर सीतापुर जिला कारागार पहुंचे लेकिन उन्हें परिसर के अंदर पुलिस ने जाने नहीं दिया और जब वह जाने का प्रयास करने लगे तो रामपुर मथुरा कोतवाल ओपी तिवारी ने कहा कि आप यहां इनलीगल खड़े है, कोतवाल का पारा देख सपा विधायक अंदर जाने की हिम्मत नहीं जुटा पाए। सीतापुर जिला जेल में 2 साल 2 माह 23 दिन बंद रहे आजम खान जेल से छूटने के बाद सपा के पूर्व विधायक अनूप गुप्ता के घर पहुंचे। आजम खान अनूप गुप्ता के घर न पहुंचे पुलिस प्रशासन ने तमाम इंतेजामात किए लेकिन वह सब धरे के धरे रह गए। भारी पुलिस फोर्स के साथ पुलिस के आला अधिकारियों की सारी मेहनत पर तब पानी फिर गया जब सपा के पूर्व विधायक अनूप गुप्ता के आवास पर आजम खान सीधे दाखिल हो गए उनके साथ बड़े पैमाने पर समर्थक भी पहुंचे।

## दो डिग्री कॉलेज की बाउंड्री पर चला प्रशासन का बुलडोजर

**मोहम्मदी-खीरी।** प्राप्त जानकारी के अनुसार डिग्री कॉलेज संगठन के कार्यवाहक अध्यक्ष अरविंद कुमार यादव ने लेखपाल पर आरोप लगाते हुए कहा कि बगैर किसी नोटिस के लेखपाल और पुलिस के माध्यम से अमर निशा डिग्री कॉलेज और भज्जा लाल फूलमती डिग्री कॉलेज पर बुलडोजर के माध्यम से बाउंड्री बाल गिरा दी गई। उन्होंने कहा कि दोषी लेखपाल को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड किया जाए तथा नुकसान की भरपाई भी लेखपाल के माध्यम से कराई जाए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि लेखपाल द्वारा रिश्वत के तौर पर प्रधानाचार्य से धनराशि मांगी और अभद्रता भी की गई।

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform to the public at large that **Mr. Rajender** S/o Mr. Deshraj Singh, who is purchasing the **Property No. 77A, area measuring 50 Sq. yds. Carved Out of Khasra No. 217/1, Situated abadi Shiv Shanker Colony, Village Vehta, Hajipur Loni, Pargna Loni, & Tehsil Loni, Distt. Ghaziabad U.P.** from Mr. Brahmpal S/o Sh. Harish Chand, who had purchased the subject property through **Sale Deed Dated** 25.10.2021, Vide Doc. No.13289, and same to be financed & mortgaged by **Roha Housing Finance Pvt. Ltd.** However, Original Sale Deed Dated 10.03.2016 (Doc. No.4410) executed by Mr. Ankur Tyagi S/o Mr. Pradeep Kumar in favour of Mrs. Shrilata w/o Sh. Vinod Kumar, has been lost and not available and an FIR has lodged on dated 20.05.2022 with LR No.418295/2022 for loss of document. If any Person having any type of claim/right/title/interest over the said property may inform in writing at the address mentioned below, about his objections **within 7 days** from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien, Charge, disputes etc.

**Lucem Legal LLP**
**Office No. G-03, at Ground Floor, on Plot No. D-61, Sector-2, Noida, UP - 201301**
**Contact # 0120-4130438**

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given on behalf of **Mrs. Pooja Yadav** W/o Mr. Sanjeev Yadav who is owner of House Property ID No. 237C830U263A, area measuring 40 Sq. Yards., under Lal Dora Abadi, Mauza Kanhai, Tehsil Wazirabad, Distt. Gurgaon, Haryana, vide Transfer Deed in Blood Relation dated 04.04.2022 (vide Document No.148) and intend to mortgage against the financial assistance from **Vastu Housing Finance Corporation Ltd.** To comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any person(s) having any objection regarding ownership and/ or creating mortgage of the said property is/are hereby requested to intimate in writing to the undersigned within **7 days** at below address.

**Lucem Legal LLP**
269, Rama House, Ground Floor, Masjid Moth, Opp. Uday Park, South Ext.-II, New Delhi-49; Contact # 011-40046316

**पशु आहार निर्माण शाला, रूद्रपुर**
आंचल AANCHAL
किच्छा बाईपास रोड, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर)
फोन नं: 05944–242552 ई–मेल: aanchalcattlefeed@gmail.com

पत्रांक : 372–73/निविदा सूचना/2022–23 दिनांक: 20 मई, 2022

**ई–प्रोक्योरमैन्ट नोटिस सूचना**

इस कार्यालय की निविदा सूचना संख्या 19 Raw Material/Bhusa/CFP/2022-23 date 02.05.2022 के द्वारा पशुआहार निर्माणशाला के उत्पादित पशु–पक्षी आहार में प्रयुक्त होने वाले कच्चे माल (डी०ओ०एम०सी० एम०ओ०सी०, मक्का, नमक, एस०आर०एन०, कैल्साईट पाउडर) के क्रय करने हेतु ई–निविदा को प्रबन्ध निदेशक, यू०सी०डी०एफ० लि०, मंगलपड़ाव हल्द्वानी (नैनीताल) के कार्यालय पत्र संख्या सी–565 दिनांक 19.05.2022 के क्रम में निरस्त किया जाता है।

**सामान्य प्रबन्धक**

# सीतापुर प्रशासन ने बनाई फर्जी पत्रकारों पर शिकंजा कसने की रणनीति

**● पन्द्रह दिन में छह महीने की प्रतियां न जमा करने पर कार्रवाई की दी गई चेतावनी, तथाकथित संवाददाताओं को नोटिस देते हुये पीआरबी एक्ट में कार्रवाई की चेतावनी**

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर में** सक्रिय फर्जी पत्रकारों पर जिला प्रशासन ने शिकंजा कसने की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए बाकायदा फुल प्रूफ प्लान बनाया गया है। मानक तय किए गए हैं। कसौटी पर खरा न उतरने वाले कथित पत्रकारों को कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। दरअसल, पिछले कुछ अरसे में सीतापुर जनपद के कई इलाकों से पत्रकारों और सरकारी अफसर–कर्मियों, जनप्रतिनिधियों तथा आम नागरिकों से नोंक झोंक के मामले सामने आए। कई बार फर्जी पत्रकारों की कारगुजारी का खामियाजा वास्तविक मीडिया कर्मियों को भुगतना पड़ा। इससे प्रशासन के साथ सरकार की छवि भी धूमिल हुई। लिहाजा, अब फर्जी पत्रकारों से निपटने के लिए सीतापुर प्रशासन ने योजना तैयार की है। जिला सूचना अधिकारी लाल कमल की ओर से शुक्रवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में इससे संबंधित जानकारी दी गई है। जिला सूचना अधिकारी ने कहा है कि ऐसे संवाददाता जो पीडीएफ के माध्यम से अपना अखबार सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेट फार्मों पर संचालित कर रहे हैं, परन्तु जिला सूचना कार्यालय में उन अखबारों की मूल प्रति नही भेजी जा रही है। उनसे अनुरोध है कि गत छह महीने के अखबार सूचना कार्यालय में 15 दिन की अवधि में जमा करा दें। यदि इस अवधि में जो अखबार जिला सूचना कार्यालय में नही जमा किये जाते हैं तो उन संवाददाताओं को नोटिस देते हुये पीआरबी एक्ट के तहत कार्यवाही सुनिश्चित की जा सकती है। अधिकारियों एवं कर्मचारियों साथ ही जनमानस से भी अनुरोध किया है कि ऐसे तथाकथित पत्रकारों की शिकायत जिला सूचना कार्यालय में लिखित रूप में कर सकते हैं ताकि तथाकथित पत्रकारों को चिन्हित कर पीआरबी एक्ट के तहत कार्यवाही की जा सके। इसके अलावा सम्मानित पत्रकार बन्धुओं से अनुरोध भी किया गया है कि समाचार संकलन में समाचार क्रियेट न करने के बजाय समाचारों को कवरेज किया जाये। जिससे मीडिया के प्रति प्रशासन एवं आम जनमानस का अटूट विश्वास बना रहे।

# मधुमक्खियां सबसे बड़ी परागणकर्ता: डॉ. डीएस श्रीवास्तव

**● केवीके कटिया में हुआ मधुमक्खी के सामाजिक एवं आर्थिक महत्व पर जागरूकता कार्यक्रम**

संवाददाता। सीतापुर



**विश्व मधुमक्खी** दिवस पर कृषि विज्ञान केंद्र कटिया सीतापुर में मधुमक्खी के सामाजिक एवं आर्थिक महत्व पर एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। केंद्र प्रभारी व अध्यक्ष डॉ. डीएस श्रीवास्तव ने कहा मधुमक्खियां सबसे बड़ी परागणकर्ता हैं। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, विश्व की लगभग 35 फीसदी कृषि अभी भी परागणकों पर निर्भर है। पारिस्थितिकी तंत्र को बचाने एवं कृषकों की आय बढ़ाने हेतु मधुमक्खी पालन को अधिक से अधिक बढ़ावा देना होगा। प्रसार वैज्ञानिक शैलेन्द्र सिंह, पशुपालन वैज्ञानिक डॉ. आनंद सिंह, वैज्ञानिक डॉ. शिशिर कांत सिंह, मृदा वैज्ञानिक सचिन प्रताप तोमर व प्रगतिशील मौन पालक अचल वर्मा ने किसानों से अहम जानकारियां साझा कीं। इस मौके पर विश्वनाथ, रमेश मिश्रा, वीरेन्द्र कुमार, आदित्य, अमित वर्मा, आशीष, सुशील कुमार, रामचंद्र, सतीश कुमार, श्रवण कुमार सहित 33 कृषक व महिलाओं ने प्रतिभाग किया। संचालन व धन्यवाद ज्ञापन डॉ योगेंद्र प्रताप सिंह ने किया।

## पुलिस का लूट की रकम व असलहे सहित दो अपराधियों को पकड़ने का दावा

**लखीमपुर खीरी।** पुलिस अधीक्षक महोदय संजीव सुमन के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में जनपद खीरी में अपराध की रोकथाम एवं वांछितध्वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत क्षेत्राधिकारी मोहम्मदी महोदय के कुशल मार्गदर्शन में थाना मोहम्मदी पुलिस द्वारा 19 मई की रात्रि गस्त व चेकिंग के दौरान दो नफर अभियुक्तों शिवम मिश्रा पुत्र विनीत मिश्रा निवासी ग्राम कटका थाना पुवायां जनपद शाहजहांपुर व रामजीत पाण्डेय पुत्र राजेश पाण्डेय निवासी ग्राम अमेठिया थाना टडियावां जनपद हरदोई को कुतुबापुर शारदा नहर पुल के मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से दो अवैध देशी तमंचा व चार जिंदा कारतूस तथा 21190, एक मोबाइल, एक मोटर साइकिल पल्सर बरामद हुई। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण से पूछताछ करने पर अभियुक्तगण ने बताया कि उनके द्वारा 18 मई की रात्रि बरवर मोहम्मदी मार्ग बहद ग्राम शाहपुर से एक व्यक्ति से 22000 रुपये छीन लिया गया था। जो इन लोगों के पास से बरामद हुए है व शेष रुपये खाने पीने में खर्च हो गये है।

## विधायक ने किया अमृत सरोवर के कार्य का शुभारंभ

**बेहजम खीरी।** केंद्र सरकार के द्वारा गांवों में तालाबों के संरक्षण व जल संचय को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तालाब सरोवर व उनके सुंदरीकरण के लिए वृहद स्तर पर राज्य की योगी सरकार ने बीड़ा उठाया है। जिसके अन्तर्गत ग्राम पंचायत बेहजम ब्लॉक बेहजम के गौरी शंकर मंदिर के प्रांगण में अमृत सरोवर बनाने के लिए कार्य का शुभारंभ किया गया। इसका उद्घाटन खंड विकास अधिकारी शिखर की मौजूदगी में बेहजम ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राम शंकर राज जिला पंचायत सदस्य के कर कमलों द्वारा किया गया। खंड विकास अधिकारी शिखर श्रीवास्तव ने बताया कि सरकार के दिशानिर्देश में गांव गांव तालाबों का सुंदरीकरण किया जा रहा है जिससे जल संचय को बढ़ावा मिलेगा। लोगों को अमृत सरोवर के किनारे बैठ कर आराम करने का अवसर प्राप्त होगा। गांव में मनरेगा योजना के अन्तर्गत सभी विलुप्त तालाबों में युद्धस्तर पर सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है जिसके अन्तर्गत ग्राम पंचायत बरतेर में सदर विधायक योगेश वर्मा ने अमृत सरोवर के कार्य का शुभारंभ किया।

## एसडीएम, सीओ व एआरटीओ ने पलिया में चलाया अभियान, मचा हड़कंप

**लखीमपुर खीरी।** खीरी जिले में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह एवं एसपी संजीव सुमन के नेतृत्व में आमजन को आवागमन में सुविधा उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा। इसी क्रम में शुक्रवार को पलिया में एसडीएमए सीओ एवं एआरटीओ की अगुवाई में अवैध पार्किंगए रोडसाइड खड़े वाहनों के विरुद्ध अभियान चला।

**PUBLIC NOTICE**

Public at large is hereby informed that my client Smt. Kusum Singh Widow of Raghu Nath Singh R/o. B-28, Shakti Vihar, Mohan Garden, Uttam Nagar, New Delhi-59, hereby disown, debar and sever all relations with her son Manish Kumar and his wife Smt. Jyoti Singh from all her movable and immovable properties due to their insulting, derogatory and cruel behavior with my client and other family members. Anybody dealing with them in any manner shall do so at their own risks and costs. My client shall not be responsible for the same.

**Krishan Kumar -Advocate**
**Ch. No. B-108, B.G.S. Block,**
**Tis Hazari Court, Delhi -110054**

**PUBLIC NOTICE**

My Clients **VISHNU KUMAR MISHRA son of SHRI DURGA PRASAD MISHRA, AND NIRMALA MISHRA wife of SHRI VISHNU KUMAR MISHRA,** both resident of J-66, GALI NO. 2, MISHRA MARKET, KARTAR NAGAR, SEELAM PUR, DELHI-110053, have severed all relations from their SON MR. DEEPANSHU MISHRA aged 24 years, debar him from all their moveable and immoveable properties because of his misbehaviour. My client will not be responsible for any act/transactions/deal done by him.

**Raj Kumar and Associates (Advocate)**
**Delhi High Court**
**33A, Krishan Kunj, Extn.-II, Laxmi Nagar, Delhi-92**

**सार्वजनिक सूचना**

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती संजू जांगिड पत्नी श्री मुकेश जांगिड़ फ्रीहोल्ड सम्पूर्ण संपत्ति एम.पी.एल. संख्या 1878–ए/140, (संपत्ति संख्या 1878–ए, गली संख्या 140), क्षेत्रफल 68 वर्ग गज यानी 56.9 वर्ग मीटर, पुराने प्लॉट नंबर 244 का हिस्सा, खसरा नंबर 621/552/243, जो की ग्राम घौकरी मुबारकबाद, कॉलोनी गणेश पुरा–ए, त्रिनगर, दिल्ली–110035 में स्थित है, जिसका पंजीकृत बिक्री विलेख दिनांक 21.02.2022 के क्रमांक 1754 द्वारा मालिक है। उपरोक्त संपत्ति डी एम आई हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड शाखा देवली दिल्ली द्वारा बंधक प्रस्तावित है। उपरोक्त संपत्ति के स्वामित्व सम्बंधित दस्तावेज़ विलेख रजि. संख्या 2977, पुस्तक संख्या 1, खंडसंख्या 7178, पृष्ठ 143–148, दिनांक 29.03.1996, एसआरओ–I, दिल्ली कहीं खो गए है। जिसकी एफआईआर एल.आर. संख्या: 365888/2022 (प्राथमिकी) दिनांक 02.05.2022 को श्रीमती संतोष जैन पत्नी श्री विनय कुमार जैन के द्वारा अपराध शाखा में दर्ज की गई है।
यदि किसी मूल बिक्री विलेख किसी भी व्यक्ति के कब्जे में पाया जाता है तो कृपया मूल संपत्ति दस्तावेजों के साथ हमे इस नोटिस की तारीख से 14 दिनों के भीतर निम्न पते पर संपर्क करें। ऐसा न करने पर, उपरोक्त बिक्री विलेख के अनुसार विषय संपत्ति के संबंध में शून्य और शून्य के रूप में दावा माना जाएगा।

**राघव तिवारी (अधिवक्ता)**
**830, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली 110001**
**Mob.: +91-8076188328**

**PUBLIC NOTICE**

**To whom so ever it may concern**

This is to inform that Mr Sushil Kumar having Aadhar Card No. 5690 2984 8012 Resident of Jahangirpuri is no longer employee of M/s RAJU ELECTRICALS, J-1 Udyog Nagar Rohtak Road Peera Garhi NEW DELHI 11004.Please don't deal with Mr Sushil Kumar, if he tries to sell any product in the name of M/s Raju Electricals then M/s Raju Electricals will not be responsible for any of the dealings done with Mr Sushil Kumar or any financial loss.

THANKS IN ADVANCE
MANJEET SINGH Proprietor
M/s Raju Electricals.
M : 9212512914

# पेज एक का शेष

### ज्ञानवापी दीवानी...

को संभालें। साथ ही पीठ ने स्पष्ट किया कि वह सिविल जज (सीनियर डिवीजन) पर कोई आक्षेप नहीं लगा रही है, जो पहले मुकदमे की सुनवाई कर रहे थे। पीठ ने कहा, दीवानी मुकदमे की जटिलताओं और उनकी संवेदनशीलता को देखते हुए, हमारा विचार है कि सिविल जज (सीनियर डिवीजन) वाराणसी के पास से वाद की सुनवाई उत्तर प्रदेश उच्च न्यायिक सेवा के एक वरिष्ठ व अनुभवी न्यायिक अधिकारी के समक्ष जानी चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय ने जिला न्यायाधीश को सीपीसी के आदेश 7 के नियम 11 के तहत, मस्जिद समिति द्वारा दायर आवेदन पर पहले फैसला करने का निर्देश दिया है।

### इलाहाबाद हाई...

कर सदियों पुरानी ज्ञानवापी मस्जिद का समग्र भौतिक सर्वेक्षण कराने का आदेश दिया था। याचिकाकर्ताओं ने आठ अप्रैल के इस आदेश को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में यह कहते हुए चुनौती दी कि वाराणसी की अदालत का यह आदेश अवैध और उसके अधिकार क्षेत्र से बाहर का है। याचिका में कहा गया कि वाराणसी की अदालत में यह विवाद सुनवाई योग्य है या नहीं, यह इलाहाबाद उच्च न्यायालय में विचाराधीन है।

### कड़ी सुरक्षा...

लिए आने से परहेज करने और पहले की तरह अपने ही इलाकों की मस्जिदों में नमाज अदा करने की अपील की। पत्र में कहा गया था कि ज्ञानवापी में जो लोग जुमे की नमाज के लिए आते हैं, वे वजू करके आएं ताकि उन्हें किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### चार संदिग्धों...

दावा किया था कि चारों आरोपी पुलिस की जवाबी कार्रवाई में मारे गए हैं। एनकाउंटर शाम को साढ़े छह बजे उस समय हुआ था जब पुलिस आरोपियों को जांच के लिए अपराध वाली जगह लेकर जा रही थी। पुलिस के अनुसार 27 नवंबर 2019 को पशु चिकित्सक का अपहरण किया गया था और बलात्कार के बाद उनकी हत्या कर दी गई थी।

### यूनएन में...

एवं दुर्भावनापूर्ण दुष्प्रचार फैलाने के लिए किसी भी मंच का और हर विषय का दुरुपयोग करना है। भारत ने अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा की स्थापना: संघर्ष एवं खाद्य सुरक्षा विषय पर अमेरिका द्वारा आयोजित सुरक्षा परिषद की खुली चर्चा में जवाब देने के अपने अधिकार का इस्तेमाल किया। परिहार ने कहा, केंद्र–शासित प्रदेश जम्मू–कश्मीर और लद्दाख हमेशा भारत का अभिन्न एवं अविभाज्य हिस्सा थे, हैं और रहेंगे। इनमें वे इलाके भी शामिल हैं, जो पाकिस्तान के अवैध कब्जे में हैं। किसी भी देश की ओर से की गई कोई भी बयानबाजी या दुष्प्रचार इस तथ्य को नकार नहीं सकता। उन्होंने कहा, पाकिस्तान सिर्फ एक योगदान दे सकता है और वह है राष्ट्र प्रायोजित आतंकवाद पर लगाम लगाना।

### लालू के...

जमीन के बदले नौकरी मामले में 23 सितंबर 2021 को प्रारंभिक जांच दर्ज की थी। रेलवे अधिकारियों द्वारा, अनुचित जल्दबाजी में आवेदन करने के तीन दिनों के भीतर उम्मीदवारों को ग्रुप डी पदों पर वैकल्पिक तौर पर नियुक्त किया गया था और बाद में इसके बदले में व्यक्तियों या उनके परिवार के सदस्यों द्वारा अपनी भूमि हस्तांतरित करने पर उन्हें नियमित कर दिया गया। जमीन का यह हस्तांतरण राबड़ी देवी के नाम पर तीन विक्रय विलेख, मीसा भारती के नाम पर एक विक्रय विलेख और हेमा यादव के नाम पर दो उपहार विलेख के जरिए किया गया। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि एक बिक्री विलेख एक कंपनी एके इंफोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर निष्पादित किया गया था, जिसमें राबड़ी देवी 2014 में बहुसंख्यक शेयरधारक बन गईं और वर्तमान में कंपनी के निदेशकों में से एक हैं। सीबीआई ने आरोप लगाया कि लालू प्रसाद के परिवार ने कथित तौर पर उनके द्वारा ली गई जमीनों के बदले 3.75 से 13 लाख रुपए की रकम अदा की जबकि सर्कल दर के मुताबिक उनकी कीमत करीब 4.39 करोड़ रुपए थी।

### राजनीति में...

को ढूंढ–ढूंढकर समाज में जहर बो रहे हैं और कभी जाति तो कभी क्षेत्रवाद के नाम पर लोगों को भड़का रहे हैं। मोदी ने कहा कि आजादी के बाद से ही वंशवाद और परिवारवाद ने देश का भीषण नुकसान किया है और परिवारवादी पार्टियों ने भ्रष्टाचार, धांधली और भाई–भतीजावाद को आधार बनाकर देश का बहुत मूल्यवान समय बर्बाद किया है।उन्होंने आरोप लगाया कि आज भी ए परिवारवादी पार्टियां देश को पीछे ले जाने पर तुली हुई हैं।मालूम हो कि पिछले कुछ दिनों में प्रधानमंत्री ने वंशवाद के मुद्दे पर कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों पर लगातार निशाना साधा है। भाजपा के स्थापना दिवस पर भी वह परिवारवादी पार्टियों पर जमकर बरसे थे। उन्होंने कहा कि इनका, सार्वजनिक जीवन परिवार से शुरू होता है, परिवार के लिए चलता है, परिवार की खातिर ही आगे बढ़ता है।

### नवजोत सिद्धू...

समर्थकों को एक संदेश में कहा था कि सिद्धू सुबह 10 बजे अदालत पहुंचेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सुबह करीब साढ़े नौ बजे अदालत परिसर पहुंचने का आग्रह किया था। सिद्धू की पत्नी नवजोत कौर सिद्धू भी गुरुवार रात पटियाला स्थित आवास पर पहुंच गई थीं। उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को 34 साल पुराने रोड रेज मामले में सिद्धू को एक साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई थी और कहा था कि अपर्याप्त सजा देकर किसी भी तरह की अनुचित सहानुभूति से न्याय प्रणाली को अधिक नुकसान होगा तथा इससे कानून पर जनता का भरोसा कम होगा। रोड रेज की घटना में 65 वर्षीय बुजुर्ग गुरनाम सिंह की मौत हो गई थी।

### आजम खां...

रिहा होने पर उनका हार्दिक स्वागत है। जमानत के इस फैसले से सर्वोच्च न्यायालय ने न्याय को नए मानक दिए हैं। पूरा ऐतबार है कि वे अन्य सभी झूठे मामलों–मुकदमों में बाइज्जत बरी होंगे। झूठ के लम्हे होते हैं, सदियां नहींउ सीतापुर कारागार के जेलर आरएस यादव ने बताया कि रिहाई आदेश बृहस्पतिवार देर रात 11 बजे प्राप्त हुए, जिसके बाद सभी प्रक्रियाएं पूरी होने पर आजम खान को शुक्रवार सुबह आठ बजे जमानत पर सीतापुर जेल से रिहा कर दिया गया। सुबह जेल से रिहा होने के बाद खान अपने पैतृक आवास रामपुर के लिए रवाना होने से पहले समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक अनूप गुप्ता के घर गए। सीतापुर जेल में बंद होने के बाद से ही गुप्ता खान के लगातार संपर्क में थे।

**OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER-II**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL-II, DELHI**
**4th Floor, Jeevan Tara Building, Parliament Street,**
**New Delhi-110001**

**PROCLAMATION OF SALE**

Notice Under Rule 38 of the Second Schedule to the Income Tax Act, 1961 Read with Section 25(a) the Recovery of Debts due to Banks & Financial Institutions Act, 1993.

**RC No. 312/2014** **Dated:.04.05.2022**

**In the matter of: ICICI BANK V/S. BHARAT SOMASTAMB**

**To,**
**CD#**
Bharat Somastamb S/o. Sh. Krishan Gopal Somastamb
R/o. House No. 523, Sector-21C, Faridabad, Haryana- 121001.
**Also at:-** Bharat Enterprises, G1/203A, Indera Enclave, Sector-21-D, Faridabad- 121002.

Whereas in execution of ibid **RC No.312/2014** dated **28.08.2014** in **OA No.308/2013** drawn up by the Hon'ble Presiding Officer, Debts Recovery Tribunal-II, Delhi, the CD is to pay to the applicant **Rs.12,16,823/- (Rs. Twelve Lacs Sixteen Thousand Eight Hundred and Twenty Three Only)** has become due from you as per the ibid Recovery Certificate drawn in **OA No. 308/2013** by the Presiding Officer, Debts Recovery Tribunal- II, Delhi. The applicant is entitled to recover a sum of Rs. **Rs.12,01,823/- (Rs. Twelve Lacs One Thousand Eight Hundred and Twenty Three Only)** alongwith pendentelite and future interest @15.01% per annum w.e.f. **18.10.2013** till realization with cost of **Rs.15,000/-** and costs from the Certificate Debtor (CD), failing which the amount shall be recovered by sale of the hypothecated vehicles. In case of any shortfall, the same shall be recovered from the personal movable and immovable assets of the CD.

2. And whereas the undersigned has ordered the sale of the hypothecated vehicel mentioned in scheduled property for satisfaction of the said Recovery Certificate.

3. Notice is hereby given that in the absence of any order of postponement, the said hypothecated vehicle (mentioned under the schedule of property below) shall be sold through e-auction through **https://auctions.cardekho.com/ auctions@cardekho.com,** by e-auction at **11:00 AM on 14.06.2022.**

4. The CH bank shall ensure that prospective bidders are allowed inspection of the said hypothecated vehicle (mentioned under the schedule of property below) before day of auction for which interested individuals may contact the concerned officer of CH **Ms. Kalayani Preeti (MOB: 9599281817).**

5. The sale shall be of the movable property of the above named Certificate Defaulters (CD), subject to the liabilities and claims attaching to the said hypothecated vehicle, if any.

6. The sale shall be stopped if, before lot is knocked down, the arrears mentioned in the said certificate, interest costs (including cost of sale) are tendered to the officer conducting the sale or proof is given to his satisfaction that the amount of such certificate alongwith the interest and costs has been paid to the undersigned.

7. At the sale the public generally are invited to bid either personally or by duly authorized agent. No officer or other person, having any duty to perform in connection with this sale shall, however, either directly or indirectly bid for, acquire or attempt to acquire any interest in the property sold.

8. The property is being sold on **"AS IS WHERE IS" BASIS and "AS IS WHAT IS" BASIS.** The sale shall be subject to the conditions prescribed in the Second Scheduled to the Income Tax Act, 1961 and the rules made thereunder and to the following further conditions.

9. The particulars specified in the Schedule have been stated to the best of the information of the undersigned, but the undersigned shall not be answerable for any error, mis-statement or omission in this proclamation.

10. The Reserve Price and Earnest Money Deposit (EMD) be fixed as follows:-

| S. No. | Details of property | Reserve Price (in Rs.) | Earnest Money Deposit (EMD) (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1. | Mercedes Benz/ E280CDI, bearing Registration No. HR- 51Y-0945. | 1,00,000/- | 10,000/- |

11. The amount by which the biddings are to be increased shall be determined by the Officer conducting the sale. In the event of any dispute arising as to the amount of bid, or as to the bidder, the lot shall at once be again put to auction.

**12. Intending bidders shall be required to pay Earnest Money Deposit (EMD)** by way of pay order/demand draft payable at New Delhi and in favour of Recovery Officer-II, DRT-II, Delhi before the start of bidding and identity proofs, address proofs etc. The said deposit shall be adjusted in the case of successful bidders; and in the case of unsuccessful bidders the same shall be refunded without interest, on the date of sale.

**13. Successful highest bidder shall have to deposit 25% of the sale proceeds by way of pay** order/demand draft favoring the Recovery Officer-II, DRT-II, Delhi, within 24 hours (next working day) by way of bank draft, after adjusting the EMD stated above, failing which the EMD shall be forfeited.

**14. The purchaser shall deposit the balance 75% of the sale proceeds alongwith poundage fee @ 2% upto Rupees 1,000/- @ 1% of the sale price exceeding Rupees 1,000/ within 15 days from the date of auction. The Poundage fees shall be deposited through a demand draft payable in favor of the Registrar, DRT-II, Delhi.**

15. In case of default, the amount earlier deposited by the bidder, if the undersigned considers fit, after defraying the expenses of the sale shall be forfeited and the property shall be resold, and the defaulting purchaser shall forfeit all claims to the property or to any part thereof or of any part of the sum for which it may subsequently be sold.

16. The undersigned reserves the right to accept or reject any or all bids if found unreasonable or postpone the auction at any time without assigning any reason.

**Schedule of Property**

| S. No. lot-s | Description of property to be sold with names co-owners where the property belongs to the defaulter and any other persons is co-owners | Revenue assessed upon the property or any part thereof | Details of any encumbrances to which the property is liable | Claims, if any, which have been put forward to the property and other known particulars bearing on its nature and value. |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Mercedes Benz/ E280CDI, bearing Registration No. HR- 51Y-0945. | No information | No information | No information |

Given under my hand and seal of this Tribunal at New Delhi on this **04.05.2022.**

**(Dattatrey Bajpayee)**
**Recovery Officer-II**
**DRT-II, Delhi**

# आतंकवाद की कई घटनाओं में शिक्षित युवा शामिल हैं

**पुणे।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि भारत में आतंकवाद की ऐसी कई घटनाएं हुई हैं जिनमें शिक्षित युवा शामिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2001 में न्यूयॉर्क में स्थित वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में हुए आतंकवादी हमले को अंजाम देने वालों ने पायलट का प्रशिक्षण लिया था। पुणे स्थित डॉक्टर डी. वाई. पाटिल विद्यापीठ के दीक्षांत समारोह में राजनाथ सिंह ने कहा कि किसी भी देश का भविष्य उसके युवाओं पर निर्भर है क्योंकि वही उसकी सबसे बड़ी ताकत, उत्प्रेरक और बदलाव का स्रोत हैं। सिंह ने कहा, आपने दुनिया में (इसके) कई उदाहरण देखे होंगे। आपने दुनिया के सबसे विकसित देश, अमेरिका को भी देखा होगा। कठिन पायलट प्रशिक्षण लेने वाले कई युवाओं ने विमान को वर्ल्ड ट्रेड सेंटर से टकरा दिया और यह 9111 का हादसा बन गया। भारत में एक नहीं बल्कि कई घटनाएं हैं जहां शिक्षित युवा आतंकवादी घटनाओं में लिप्त रहे हैं।

राजनाथ सिंह ने प्रख्यात स्तंभकार थॉमस फ्रीडमैन द्वारा लिखे लेख का भी



जिक्र किया जिसमें आतंकवादी संगठन अल-कायदा और भारत की सॉफ्टवेयर कंपनी इंफोसिस की तुलना की गई है। रक्षा मंत्री ने कहा कि दोनों के लिए शिक्षित युवा काम कर रहे हैं और वे मिशन और प्रतिबद्धता के साथ काम कर रहे हैं। अल-कायदा से जुड़े युवा जहां हत्याहिंसा में जुटे हुए हैं वहीं इंफोसिस में काम करने वाले युवा मानवता की बेहतरी के लिए काम कर रहे हैं। सिंह ने कहा, बहुत पढ़ने-लिखने के बाद भी, अमेरिका में एक प्रशिक्षित पायलट होने के बावजूद कोई खालिद शेख या मोहम्मद अता (9/11 हमलों के लिए जिम्मेदार) बन सकता है, अरबपति होने के बावजूद कोई ओसामा बिन लादेन बन सकता है। लेकिन एक अखबार बेचने वाला तमाम संघर्षों के बावजूद, एपीजे अब्दुल कलाम (भारत के प्रसिद्ध वैज्ञानिक और पूर्व राष्ट्रपति) बन सकता है। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि प्रत्एक समाज और राष्ट्र की अपनी मूल प्रकृति होती है और केवल उसका विकास करके ही वह आगे बढ़ सकता है।

## महंगाई से कई देश प्रभावित, आप अपराधबोध न महसूस करें : राजनाथ ने भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा

**पुणे।** महंगाई से अमेरिका जैसे अमीर देशों तक के प्रभावित होने का जिक्र करते हुए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि भाजपा के कार्यकर्ताओं को इस बारे में अपराधबोध नहीं महसूस करना चाहिए। उन्होंने यहां एकत्र पार्टी कार्यकर्ताओं से यह कहा। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा, बढ़ती महंगाई के बारे में बहस जारी है...कोविड-19 महामारी के दौरान समूचा देश ठहर गया था। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अर्थव्यवस्था की हालत खराब नहीं होने दी और हमें इसकी सराहना करनी चाहिए। सिंह ने कहा, रूस-यूक्रेन संकट के चलते वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला बाधित हो गई है और आयात-निर्यात प्रभावित हुआ है। इस स्थिति में, यह स्पष्ट है कि इसका किसी भी देश पर प्रभाव पड़ेगा। आप यह जानकर हैरान होंगे कि अमेरिका, जो सबसे धनी देश है, वहां मुद्रास्फीति पिछले 40 वर्षों में अपने चरम पर है। हमें अपराधबोध नहीं महसूस करना चाहिए। भारत में खुदरा मुद्रास्फीति अप्रैल में आठ साल के सर्वोच्च स्तर 7.8 पर पहुंच गई जबकि थोक मुद्रास्फीति 15.1 पर पहुंच गई है, जो नौ साल में सर्वाधिक है।

## कांग्रेस गुजरात और हिमाचल में चुनावी हार का सामना कर रही है : प्रशांत किशोर

**पटना।** राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने शुक्रवार को जोर देते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी गुजरात और हिमाचल प्रदेश में आसन्न चुनावी हार का सामना कर रही है। भाजपा शासित इन दोनों राज्यों में साल के अंत में विस चुनाव होने हैं। आई-पैक के संस्थापक ने यह विचार भी प्रकट किया कि कांग्रेस का हालिया चिंतन शिविर कोई सार्थक चीज हासिल नहीं कर सका। कांग्रेस में नई जान फूंकने के लिए हाल में किशोर को कांग्रेस में शामिल किए जाने का प्रस्ताव था, लेकिन यह योजना आगे नहीं बढ़ सकी। मुझसे उदयपुर चिंतन शिविर के नतीजे पर टिप्पणी करने के लिए बार-बार कहा गया है...मेरे विचार से, यह यथास्थिति को और लंबा खींचने तथा कांग्रेस नेतृत्व को कुछ समय देने के अलावा कुछ भी सार्थक चीज हासिल कर पाने में नाकाम रहा, कम से कम गुजरात और हिप्र में आसन्न चुनावी हार तकउ आई-पैक के संस्थापक, 2014 में नरेंद्र मोदी के सफल चुनाव अभियान का प्रबंधन करने के बाद मशहूर हुए।

# मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाना प्राथमिकताः नड्डा

**जयपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने शुक्रवार को कहा कि आने वाले दिनों में पार्टी, संगठन को मजबूत करने और केंद्र में सत्तारूढ़ नरेंद्र मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की अंतिम छोर तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए काम करेगी। नड्डा यहां भाजपा के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की तीन दिवसीय बैठक के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। इसके साथ ही नड्डा ने राज्य की अशोक गहलोत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि उसने अपने कुशासन से वीरों की इस भूमि को बदनाम किया है।

बैठक के लिए एजेंडे की बात करते हुए नड्डा ने कहा, आज चार सत्रों में हम पार्टी की आगामी योजना की चर्चा करेंगे। संगठनात्मक, कार्यक्रमात्मक विषयों पर, पार्टी के आंतरिक संगठन को मजबूत करने पर हम चर्चा करेंगे। इसके साथ ही पार्टी किस तरीके से आम आदमी के लिए



एक अच्छा उपकरण बन सके और केंद्र सरकार के कार्यक्रमों को अंतिम छोर तक पहुंचाने में पार्टी कैसे योगदान कर सकती है, इस पर भी विस्तृत चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि पार्टी को मजबूती देने पर भी चर्चा होगी। हम बूथ सशक्तिकरण की ओर बढ़े हैं। हमने सशक्त मंडल, सक्रिय बूथ पन्ना प्रमुख पहुंचने तक के अपने कार्यक्रम को बल दिया है और उसी को आगे बढ़ाते हुए बूथ सशक्तिकरण की बारीकियों पर चर्चा होगी। नड्डा ने कहा कि बैठक के दौरान पार्टी तीन वक्तव्य जारी करेगी। एक वक्तव्य प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में बीते आठ साल में देश को मजबूत करने के लिए चलाए गए कार्यक्रमों पर होगा। विभिन्न चुनावों में भाजपा की जीत का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भारत की जनता ने प्रधानमंत्री मोदी पर अटूट विश्वास जताते हुए बारंबार उनके कार्यक्रमों पर मोहर लगाई है जिसके लिए भी जनता का आभार जताया जाएगा। राज्य की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि राजस्थान का अपना गौरव है और यह धर्म भूमि व कर्म व वीरों की भूमि है। उन्होंने कहा, आज जिस तरह से गहलोत सरकार का कुशासन चल रहा है और जिस तरीके से राजस्थान का नाम गहलोत सरकार के कुशासन के कारण बदनाम हो रहा है इस पर भी भाजपा एक वक्तव्य लाएगी ताकि विपक्ष की भूमिका निभाते हुए ऐसी सरकार के कारनामों को उजागर किया जा सके।

## कर्नाटक के मुख्यमंत्री बोम्मई की औचक नई दिल्ली यात्रा से अटकलें शुरू

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई की औचक नई दिल्ली यात्रा को लेकर राजनीतिक हलकों, खास तौर से सत्तारूढ़ भाजपा में अटकलें लगनी शुरू हो गई हैं। पिछले 10 दिनों में यह बोम्मई की दिल्ली की दूसरी यात्रा है। इस यात्रा से मंत्रिमंडल में विस्तार के बाद मंत्री पद पाने के इच्छुकों को आशा की किरण नजर आने लगी है, वहीं कुछ लोगों का मानना है कि इस यात्रा का मकसद राज्यसभा, विधान परिषद और स्थानीय निकाय चुनावों पर चर्चा करना है। भाजपा द्वारा बार-बार बोम्मई के पद पर बने रहने की बात स्पष्ट किए जाने के बावजूद त्रिपुरा के हालिया घटनाक्रम की पृष्ठभूमि में कर्नाटक में भी नेतृत्व परिवर्तन को लेकर अटकलें शुरू हो गई हैं। मुख्यमंत्री आज दोपहर नई दिल्ली रवाना हुए हैं और फिलहाल उनकी बेंगलुरु वापसी का कार्यक्रम तय नहीं है। बोम्मई के आधिकारिक कार्यक्रम में उनके और भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के बीच मुलाकात का कोई जिक्र नहीं है, कुछ पार्टी सूत्रों का कहना है कि उनके बीच मुलाकात और चर्चा होने की संभावना है। बोम्मई के केन्द्रीय मंत्रियों से मिलने की योजना है। बोम्मई इससे पहले 10-11 मई को भी नई दिल्ली गए थे और उस दौरान वह केन्द्रीय गृहमंत्री अतिम शाह से मिले थे।

## कुलदीप एसएससी सीएचएसएल के लिये क्वालीफाई

**झांसी।** एडटेक कंपनी बायजूस की पेशकश बायजूस एक्ज़ाम प्रेप ने एसएससी सीएचएसएल 2019 परीक्षाओं में सफ्ल अपने अभ्य र्थियों के परिणाम गर्व से घोषित किये हैं। झांसी के बायजूस एक्जाजम प्रेप के विद्यार्थी कुलदीप कुमार ने एसएससी सीएचएसएल स्टोफ सिलेक्शचन कमीशन कम्बासइंड हायर सेकंडरी लेवल 2019 परीक्षा को 3,531 की रैंक के साथ क्वाकलिफाई किया है और उन्हें पोस्टसल असिस्टेन्ट सॉर्टिंग के प्रतिष्ठित पद के लिये चुना गया है। बायजूस एक्जााम प्रेप से 100 से अधिक आकांक्षी विद्यार्थियों ने एसएससी सीएचएसएल को क्वा लिफाई किया है। कई विद्यार्थियों ने अपने उत्कृष्टि परिणामों का श्रेय इस प्लेटफॉर्म से की गई पढ़ाई को दिया है।

# चीन के पुल बनाने पर सरकार की प्रतिक्रिया विरोधाभासी, राष्ट्र की रक्षा करें प्रधानमंत्रीः कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने पैंगोंग झील के निकट चीन द्वारा दूसरा पुल बनाए जाने संबंधी खबरों पर भारत सरकार की प्रतिक्रिया को विरोधाभासी करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि इस तरह के बयान से कुछ नहीं होगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राष्ट्र की रक्षा करनी चाहिए। पार्टी ने सरकार से यह सवाल भी किया कि क्या चीन द्वारा पैंगोंग झील के निकट अवैध निर्माण किया जाना भारत की भौगोलिक अखंडता पर हमला नहीं है? पूर्वी लद्दाख में पैंगोंग सो के पास चीन के दूसरा पुल बनाने की खबरें आने के एक दिन बाद विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा था कि खबरों के अनुसार जिस स्थान पर निर्माण कार्य किया जा रहा है, वह क्षेत्र दशकों से उस देश के कब्जे में है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने साप्ताहिक प्रेस वार्ता में यह भी कहा था कि भारत की ऐसे घटनाक्रम पर नज़र है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने ट्वीट किया, चीन पैंगोंग पर पहला पुल बनाता है। भारत सरकार कहती है कि हम हालात पर नजर बनाए हुए हैं। चीन पैंगोंग पर दूसरा पुल बनाता है। भारत सरकार कहती है कि हम हालात पर नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने कहा, भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा और क्षेत्रीय अखंडता से कोई समझौता नहीं हो सकता। डरे हुए अंदाज में प्रतिक्रिया करने से कुछ नहीं होगा। प्रधानमंत्री को राष्ट्र की रक्षा करनी चाहिए। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने संवाददाताओं से कहा, पैंगोंग झील पर चीन द्वारा दूसरे पुल के निर्माण पर विदेश मंत्रालय का बयान बिरोधाभासी है। विदेश मंत्रालय को सही जानकारी नहीं है तो रक्षा मंत्रालय स्थिति को स्पष्ट क्यों नहीं करता, आखिर देश को अंधेरे में क्यों रखा जा रहा है ?

उन्होंने सवाल किया, क्या यह सही नहीं है कि चीन पूर्वी लद्दाख के पैंगोंग झील वाले जिस इलाके में पुल का निर्माण कर रहा है उसे भारत दशकों से चीन द्वारा अनधिकृत कब्जे वाला क्षेत्र मानता है? ऐसे में विदेश मंत्रालय की ताजा टिप्पणी से असमंजस की स्थिति पैदा होती है। खेड़ा ने दावा किया, कूटनीति में भाषा की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। जहां हमारी वीर सेना दुश्मन को मुंह तोड़ जवाब देती है, वहीं सरकार की ऐसी ढुलमुल टिप्पणी देश के हौसले का मज़ाक़ उड़ाती है। इस साल जनवरी में जब चीन द्वारा पैंगोंग झील पर पहला पुल बनाने की खबरें सामने आईं तो विदेश मंत्रालय ने कहा था कि यह उस क्षेत्र में स्थित है जो 60 वर्षों से चीन के अवैध कब्जे में है। क्या पुल का अवैध निर्माण हमारी भौगोलिक अखंडता पर हमला नहीं है? कांग्रेस प्रवक्ता ने सवाल किया, क्या यह निर्माण उस संघर्ष विराम का खुला उल्लंघन नहीं है जिसके चलते भारत ने सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण इलाक़ों से अपना क़ब्ज़ा छोड़ दिया था?

## मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्त ने आयकर में छूट और दो एलटीसी नही लेने का फैसला लिया

**नई दिल्ली।** मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार और निर्वाचन आयुक्त अनूप चंद्र पांडेय ने सरकार पर आर्थिक बोझ कम करने के उद्देश्य से शुक्रवार को स्वतः विशेष भत्ते छोड़ने का निर्णय लिया। निर्वाचन आयोग की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, कुमार और पांडेय ने निर्णय लिया है कि वे सरकार से भत्ते पर आयकर में मिली छूट नहीं लेंगे और प्रतिवर्ष मिलने वाली तीन अवकाश यात्रा छूट (एलटीसी) में से दो एलटीसी नहीं लेंगे। गत सप्ताह मुख्य निर्वाचन आयुक्त का पदभार ग्रहण करने के बाद कुमार ने पांडेय के साथ शुक्रवार को निर्वाचन आयोग की पहली बैठक की। भारत निर्वाचन आयोग में 1993 से तीन निर्वाचन आयुक्त होते हैं और इस समय एक पद खाली है। बयान में कहा गया कि आयोग ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) और निर्वाचन आयुक्तों (ईसी) को दिए जाने वाले विशेष भत्तों की समीक्षा की जिसमें सत्कार भत्ते पर आयकर में मिलने वाली छूट शामिल है। सीईसी और ईसी को निर्वाचन आयोग (निर्वाचन आयुक्त सेवा शर्त और कार्य का संव्यवहार) अधिनियम 1991 के खंड तीन के तहत वेतन और भत्ते दिए जाते हैं। उन्हें 34 हजार रुपए सत्कार भत्ते के तौर पर दे ने का प्रावधान है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्त को इस भत्ते पर आयकर नहीं देना होता। उन्हें एक साल के तीन एलटीसी मिलती है। बयान में कहा गया, आयोग को व्यक्तिगत भत्तों में कटौती करने की जरूरत महसूस हुई। आयोग ने सर्वसम्मति से फैसला लिया है कि सीईसी और ईसी आयकर में कोई छूट नहीं लेंगे।

## कश्मीर में नाबालिग लड़की के यौन शोषण के आरोप में दो नाबालिग समेत तीन लोग पकड़े गए

**श्रीनगर।** पुलिस ने यहां एक नाबालिग लड़की से यौन शोषण के आरोप में दो नाबालिगों को पकड़ने के साथ ही एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि तीनों आरोपियों को नशे की लत है और उन्होंने लड़की का तब यौन शोषण किया जब वह बदामीबाग छावनी इलाके में स्कूल से वापस आ रही थी। पुलिस ने बताया कि लड़की का यौन शोषण करने वाले तीनों लोगों को पकड़ने के साथ ही संबंधित धाराओं के तहत एक मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि लड़की का बृहस्पतिवार को कथित तौर पर यौन शोषण किया गया। लड़की के शोर मचाने के बाद आरोपी भाग गए। नाबालिग आरोपी बटवारा का जबकि 20 वर्षीय अन्य आरोपी राजबाग इलाके का रहने वाला है। अधिकारियों ने बताया कि एक अन्य घटना में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया और उनके पास से एक करोड़ रुपए की 100 ग्राम हेरोइन बरामद की। उन्हें बृहस्पतिवार को शहर के नगीन इलाके में अशैबाग पुल पर तलाशी के दौरान पकड़ा गया।

## चित्रकोट जलप्रपात से महिला ने लगाई छलांग, वीडियो वायरल

**भाषा।** जगदलपुर

**छत्तीसगढ़ के** बस्तर जिले में शुक्रवार को एक महिला ने 96 फीट उंचे प्रसिध्द चित्रकोट जलप्रपात से छलांग लगा दी। बस्तर जिले की पुलिस ने यह जानकारी दी है।

जलप्रपात से महिला का नीचे छलांग लगाने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो गया है। सोशल मीडिया में वायरल हुए वीडियो में देखा जा सकता है कि एक महिला जलप्रपात के ऊपर पहुंचती है और कुछ देर बाद वह नीचे नदी की धारा के साथ छलांग लगा देती है। इस दौरान वहां मौजूद लोग उसे रोकने के लिए आवाज लगाते रह जाते हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार दोपहर दो बजे एक महिला चित्रकोट जलप्रपात के ऊपर पहुंची और छलांग लगा दी। अधिकारियों ने बताया कि वहां मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक महिला करीब 300 मीटर चौड़े झरने के उस हिस्से में गई जहां पानी बह रहा है।

## न्यायमूर्ति राव का अवकाश प्राप्त करना पीठ के लिए बड़ी क्षति : सीजेआई रमण

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत के प्रधान** न्यायाधीश (सीजेआई) एन.वी.रमण ने शुक्रवार को कहा कि न्यायमूर्ति एल.नागेश्वर राव का अवकाश प्राप्त करना पीठ के लिए बड़ी क्षति है।

उन्होंने कहा कि उनकी विश्लेषण करने की कुशलता और न्याय के प्रति जुनून की कमी हर कोई महसूस करेगा। न्यायमूर्ति राव उच्चतम न्यायालय के इतिहास में सातवें व्यक्ति हैं जिन्हें बार से सीधे शीर्ष अदालत का न्यायाधीश नियुक्त किया गया। वह सात जून को अवकाश प्राप्त कर रहे हैं। न्यायमूर्ति राव के लिए सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) द्वारा आयोजित विदाई समारोह को संबोधित करते हुए न्यायमूर्ति रमण ने कहा कि उन्होंने कानून को प्रतिपादित करने और संविधान की व्याख्या करने में अहम भूमिका निभाई है। सीजेआई ने कहा कि न्यायमूर्ति राव का आंध्र प्रदेश के एक किसान परिवार से देश की शीर्ष अदालत तक का सफर और वह भी बिना किसी गॉडफादर के, वाकई कई युवा वकीलों और न्यायाधीशों को प्रेरित करेगा। जब उन्होंने दिल्ली में वकालत शुरू की तो उनके पीछे मदद करने वाला कोई नहीं था। केवल अपनी अभूतपूर्व प्रतिभा की वजह से उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली। उन्हें दो कार्यकाल के लिए भारत का अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल (एएसजी) नियुक्त किया गया। उन वर्षों में उन्होंने मेहनती और प्रतिबद्ध एएसजी के तौर अपनी छाप छोड़ी।एएसजी के तौर पर उन्होंने कई महत्वपूर्ण मामलों में जिरह की। वह (न्यायमूर्ति राव) हैदर कंसल्टिंग के मामले में पेश हुए जिसमें उच्चतम न्यायालय ने मध्यस्थता कानून की धारा-31 (7) की व्याख्या की। उन्होंने चर्चित सुब्रमण्यम स्वामी बनाम भारत संघ के मामले में भी जिरह की जो आपराधिक मानहानि की संवैधानिकता से जुड़ा मामला था। वह कई चर्चित मामलों में पेश हुए और देश के सबसे अधिक चर्चित वकीलों में शुमार रहे। न्यायाधीश के तौर पर न्यायमूर्ति राव ने कानून को प्रतिपादित करने और संविधान के कई अहम विचारों में व्याख्या करने में अहम भूमिका निभाई।

# सनदी लेखाकारों की गिरफ्तारी पर आईसीएआई सदस्यों ने जीएसटी कार्यालय पर ताला जड़ा

**भाषा।** गुरुग्राम

**सनदी लेखाकारों** ने यहां 15 करोड़ रुपए के कथित जीएसटी धन वापसी घोटाले में अपने दो साथियों की गिरफ्तारी के विरोध में केंद्रीय जीएसटी कार्यालय पर बीती रात ताला जड़ दिया। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को भी सनदी लेखाकारों (चार्टर्ड एकाउंटेंट) का विरोध जारी रहा, लेकिन वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) कार्यालय को काम करने दिया जा रहा है।

भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई), गुरुग्राम शाखा के सदस्यों ने कहा कि उन्होंने कथित जीएसटी धन वापसी घोटाले में दो सनदी लेखाकारों की गिरफ्तारी के विरोध में कार्यालय को कई घंटों तक बंद रखा। आईसीएआई के सदस्यों ने कहा कि मामले में अधिकारियों की मिलीभगत थी और सनदी



लेखाकरों की गिरफ्तारी पूरी तरह गलत है।

उन्होंने कहा कि सनदी लेखाकारों को दंडित करने के बजाय मामले में लाभ प्राप्त करने वाले व्यापारी और गड़बड़ी के लिए जिम्मेदार जीएसटी अधिकारी के खिलाफ कार्वाई की जानी चाहिए थी। पुलिस के मुताबिक, कुछ दिन पहले कुछ लोगों ने 15 करोड़ रुपए का जीएसटी धन वापसी घोटाला किया था और गिरफ्तार किए गए सनदी लेखाकरों ने उनके दस्तावेजों का सत्यापन किया था।

## क्विक न्यूज

### जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा हालात दिनों-दिन खराब हो रहे हैं : उमर

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में दिनों-दिन सुरक्षा हालात खराब होने का आरोप लगाते हुए पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को कहा कि पर्यटन गतिविधियों और श्रीनगर के लिए उड़ानों की संख्या को संघ शासित प्रदेश में हालात सामान्य होने से जोड़कर नही देखा जा सकता है। नेशनल कांफ्रेंस के उपाध्यक्ष अब्दुल्ला ने कहा कि डर की स्थिति ऐसी है कि कश्मीरी पंडित कर्मचारी अपनी नौकरी छोड़कर कश्मीर से भागने को तैयार है। कश्मीरी पंडित राहुल भट की बडगाम के चादूरा में 12 मई को आतंकवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी थी, जिसके बाद से जम्मू-कश्मीर में समुदाय के लोग प्रदर्शन कर रहे है। यहां पार्टी कार्यालय मे अब्दुल्ला ने कहा, उड़ाने और पर्यटन हालात सामान्य होने का संकेत नही है। हालात सामान्य होने का मतलब है कि डर और आतंक नही होना चाहिए। कश्मीरी पंडितों को नही भागना चाहिए। वे अपनी नौकरियां छोड़ने को तैयार हैं। क्या यह सामान्य हालात है? कश्मीरी पंडित कर्मचारियो ने न्याय पाने के उद्देश्य से गुपकर नेताओ से मुलाकात की। उन्होने कहा, गुपकर नेताओ ने उपराज्यपाल से भेंट कर यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया कि वे (कश्मीरी पंडित) घाटी ना छोड़ें। यह सामान्य हालात नही है।

### फिल्म निर्माता-अभिनेता विजय बाबू का पासपोर्ट जब्त

**कोच्चि।** बलात्कार का आरोप लगने के बाद कथित रूप से देश से भागे मलयालम फिल्म निर्माता और अभिनेता विजय बाबू का पासपोर्ट जब्त कर लिया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यहां यह जानकारी दी। ऐसे संकेत मिलने के बाद यह कदम उठाया गया है कि बाबू दुबई से किसी और देश मे चले गए है। बाबू एक महिला की शिकायत के आधार पर पुलिस द्वारा आरोप लगाए जाने के बाद से दुबई मे छिपे हुए थे। कोच्चि सिटी पुलिस आयुक्त नागराजू चाक्लिम ने यहा पत्रकारो को बताया कि यदि वह 24 मई को जांच दल के सामने पेश नही हुए तो उनके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया जाएगा। इस बात का संकेत मिला है कि वह दुबई से दूसरे देश चले गए है। हम इसकी पुष्टि करने की कोशिश कर रहे है। भारतीय दूतावास के माध्यम से उस देश को उनकी आवाजाही की सूचना दी जाएगी, जहां वह गए है। आयुक्त ने कहा कि बाबू को पूछताछ के वास्ते उपस्थित होने के लिए एक नोटिस दिया गया था, लेकिन वह संतोषजनक जवाब देने में विफल रहे, यही वजह है कि क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी ने उनका पासपोर्ट जब्त कर लिया।

### गुजरात के आईएएस अधिकारी के परिसरों पर छापे मारे

**अहमदाबाद।** सीबीआई ने रिश्वत लेने के मामले मे आरोपी, गुजरात कैडर के आईएएस अधिकारी के. राजेश के आवास और अन्य परिसरो की तलाशी ली। एजेंसी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सीबीआई ने एक बयान मे कहा कि बृहस्पतिवार रात नौकरशाह के गांधीनगर स्थित आवास तथा सूरत मे कुछ अन्य परिसरो पर छापे मारे गए। इसके अलावा राजेश के आंध्र प्रदेश स्थित घर की भी तलाशी ली गई। आईएएस अधिकारी के बिचौलिए के तौर पर काम करने वाले और उनकी ओर से रिश्वत का पैसा लेने वाले मोहम्मद रफीक मेमन को सूरत से गिरफ्तार किया गया है।

### ओडिशा : ट्रेन से टकराकर तीन हाथियों की मौत

**क्योंझर (ओडिशा)।** ओडिशा के क्योंझर जिले मे मालगाड़ी से टकराकर कम से कम तीन हाथियो की मौत हो गई जिनमे से दो हस्ति शावक भी शामिल है। वन विभाग के अधिकारियो ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। घटना चम्पुआ वन रेंज के जोडा वन सेक्शन के अंतर्गत बंसापानी के पास बृहस्पतिवार को शाम करीब साढ़े सात बजे हुई। अधिकारियों ने बताया कि हादसे के समय करीब 20 हाथी पटरी पार कर रहे थे। एक वन अधिकारी ने बताया कि एक हस्ति शावक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक हथिनी और एक अन्य हस्ति शावक ने आज सुबह दम तोड़ा। उन्होंने बताया कि हादसे के बाद हाथियों के झुंड ने वन अधिकारियो को बचाव अभियान चलाने से रोका।

### पेगासस मामला : कोर्ट ने जांच रिपोर्ट सौंपने की समय-सीमा बढ़ाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कथित पेगासस जासूसी मामले की जांच की खातिर उसके द्वारा नियुक्त तकनीकी एवं पर्यवेक्षी समितियो के लिए रिपोर्ट सौंपने की समय-सीमा शुक्रवार को बढ़ा दी। शीर्ष अदालत ने कहा कि इजराइली स्पाईवेयर को लेकर 29 प्रभावित मोबाइल फोन की जांच की जा रही है और यह प्रक्रिया चार हफ्ते मे पूरी कर ली जानी चाहिए। भारत के प्रधान न्यायाधीश एन. वी. रमण की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि तकनीकी समिति स्पाइवेयर के लिए प्रभावित मोबाइल फोन की जांच कर रही है और उसने पत्रकारो समेत कुछ लोगो के बयान भी दर्ज किए है। पीठ ने कहा कि प्रभावित उपकरणों की जांच के लिए मानक संचालन प्रक्रिया को भी अंतिम रूप दिया जाएगा। उसने कहा कि तकनीकी समिति की जांच मई के अंत तक पूरी की जा सकती है और फिर पर्यवेक्षी न्यायाधीश पीठ के विचार के लिए एक रिपोर्ट तैयार करेंगे। न्यायमूर्ति रमण ने कहा, तकनीकी समिति द्वारा प्रक्रिया चार हफ्ते मे पूरी कर पर्यवेक्षी न्यायाधीश को सूचित किया जाना चाहिए। इसके बाद पर्यवेक्षी न्यायाधीश अपनी रिपोर्ट सौंपेंगे। मामले को जुलाई मे सूचीबद्ध करें।

# स्कूल ऑफ लॉ वीआईटी-एपी विवि ने पहली इंट्रा मूट कोर्ट का आयोजन किया

**नई दिल्ली।** वीआईटी-एपी विवि में स्कूल ऑफ लॉ द्वारा 17-18 मई 2022 को दो दिवसीय इंट्रा मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें मंतेना भव्य श्रीए पेनुमाका निखी और पिल्ला मौनीषा साई की टीम को विजेता घोषित किया गया। प्रतिभागी बीए एलएलबी, बीबीए एलएलबी (ऑनस.) के प्रथम और द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी थे। 18 प्रतिभागी टीमों में से आठ टीमों ने क्वीर्टर फ़ाइनल के लिए क्वाऔलीफाई किया। वीआईटी एपी स्कूल ऑफ लॉ के डीन डॉ. बेनर्जी चक्कास ने अपने उद्घाटन भाषण में बताया कि मूट कोर्ट वास्तविक अदालत कक्ष का नकल होता है, जहां कानूनी कार्यवाही और मुकदमे होते हैं। इसे मॉक कोर्ट के रूप में भी जाना जाता है, जिसमें कानून के छात्र वकील के रूप में न्यायशास्त्रवत रूप से सोचने और उनके क्षमता का प्रदर्शन करने के लिए उन्हें सौंपी गई सारी जिम्मेदारियों का पालन करते हुए पेश आते हैं। सवाल किए जाने पर दृढ़ता से जवाब देते हैं,



और अपने वाक.चातुर्य, लेखन और प्रबोधन कौशल का प्रदर्शन करते हैं। कार्यक्रम समन्वयक प्रो. मुला स्नेहा गौड़ ने बताया कि प्रतियोगिता के लिए एक सिविल केस का चयन किया गया था। अभियोगी और प्रत्यर्थी का चयन ड्रॉ के माध्यम से किया गया। एन जे रत्नकुमारए प्रिंसिपल जूनियर सिविल जज सह मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट, नंदीगामा, वाईवी अनिल कुमार, एड्वोकेट, आंध्रप्रदेश उच्च न्यायालय, एवी पार्थसारथी, सेवानिवृत्त जिला एवं सेशन्सके न्यायाधीश सहित बेंच के समक्ष टीमों द्वारा मामले की दलील दी गई।

मेंतेना भव्या, पेनुमाका श्री निक्की, पिल्ला मौनीषा साई और बीड़ा रश्मिता रानी यादव, चिंताला श्रीवानी, अनाघा प्रोमोद सहित टीमें बेंच के सामने फाइनल राउंड में दिखाई दीं। पेनुमका निखी को सर्वश्रेष्ठ वक्ता का पुरस्कार, अनघा प्रमोद को सर्वश्रेष्ठ शोधकर्ता का पुरस्कार और सर्वश्रेष्ठ स्मृति का पुरस्कार बीड़ा रश्मिता रानी यादव, चिंताला श्रीवानी, अनघा प्रोमोद को दिया गया। वीआईटी-एपी विवि के कुलपति डॉ. एसवी कोटा रेड्डी समापन और पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि थे। कुलपति ने मूट कोर्ट में भाग लेने वाली टीमों के साथ अपने विचार साझा किए और छात्रों को ऐसी गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किये, उन्होंने कहा मूट कोर्ट प्रतियोगिता से छात्रों को कानूनी मुद्दों को समझने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा ऐसी गतिविधियों से कानूनी मुद्दों, कानूनी विषयों का विश्लेमषण और उनसे जुड़े शोध कार्य करने का अभ्यास भी होगा। डॉ. सीएलवी शिवकुमार, रजिस्ट्रार, वी आईटी एपी विवि ने कहा कि वीआई टी. एपी स्कूल ऑफ लॉ मूट कोर्ट प्रतियोगिता प्रथम और द्वितीय वर्ष के छात्रों को इस प्रतिस्पर्धी क्षेत्र में उनके लिखित और मौखिक वकालत कौशल दोनों को सुधारने का एक मूल्यवान अवसर प्रदान करती है।

## अधिक तापमान से वसंत कालीन मक्के को रखें सुरक्षित : डा सचान

**अलीगढ़।** उच्च तापमान जायद फसलों के लिए भी घातक है, इस क्षेत्र में बढ़ते तापमान से मक्का की फसल को सुरक्षित रखने हेतु किसानों के लिए डा. वी के सचान उप कृषि निदेशक, शोध अलीगढ़ ने बताया कि ऐसी दशा में फसल को उच्च तापमान से बचाने के लिए किसान भाइयों को चाहिए कि खेत मे 25 प्रतिशत नमी बनाए रखें क्योंकि भूमि में पर्याप्त नमी रहने पर खेत की जलवायु में नमी बनी रहती है और फसलों पर गर्मी का कुप्रभाव कम पड़ता है। किसान भाइयों से अनुरोध है कि मई और जून के प्रथम सप्ताह के दौरान यदि मक्का में पुष्पन की शुरुआती होती है तो ध्यान रखे कि पुष्पन से लेकर अगले चार सप्ताह तक खेत मे सिचाई करके खेत मे सदैव 25 प्रतिशत नमी बनाये रखे और सुनिश्चित्त करे कि खेत को एक भी दिन सूखा न छोड़े। परागण प्रक्रिया के दौरान परागकण पौधे के ऊपर स्थित बाली से हवा में लहराते हुए भुट्टे के रेशम में जा बैठता है और बाद में इसी रेशम के माध्यम से दानो का निर्माण होता है,परंतु जब तापमान अधिक हो जाता है, जिससे गरम हवायें चलने लगती है जो कि खेत में नमी कम होने के कारण यही गरम हवाएं भुट्टे में दाने बनने की प्रक्रिया बाधित करती है।

## यमुनोत्री राजमार्ग फिर बंद

**उत्तरकाशी। करीब** 24 घंटे बंद रहने के बाद बृहस्पतिवार को वाहनों की आवाजाही के लिए खुला ऋषिकेश-यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग शुक्रवार को सड़क धंसने से फिर बंद हो गया। राजमार्ग बंद होने से कई बड़े वाहन तथा दर्जनों अन्य छोटे वाहन जानकीचट्टी में फंसे रहे। मार्ग खोले जाने की कार्यवाही लगातार जारी है। बुधवार शाम बारिश के कारण यमुनोत्री राजमार्ग पर स्यानाचट्टी और रानाचट्टी के बीच सड़क किनारे की दीवार धंस गई थी जिससे वाहनों की आवाजाही बंद हो गई थी।

# अमेरिका ने रूस पर यूक्रेन युद्ध में भोजन को हथियार बनाने का आरोप लगाया

भाषा। संयुक्त राष्ट्र



**अमेरिका के** विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने बृहस्पतिवार को रूस पर यूक्रेन पर आक्रमण से जुड़े अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए भोजन को हथियार बनाने और दुनियाभर के लाखों लोगों को अनाज की आपूर्ति रोकने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि मॉस्को ऐसा करके रूसी बलों से निपटने के यूक्रेनी अवाम के हौसले को तोड़ना चाहता है , जो कीव पर उसका आक्रमण नहीं कर सका। ब्लिंकन ने अमेरिका द्वारा बुलाई संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में कहा कि युद्ध से काला सागर के कई इलाकों में समुद्री व्यापार रुक गया है और यह क्षेत्र नौवहन के लिए असुरक्षित हो गया है, जिससे यूक्रेन के कृषि उत्पादों का निर्यात बाधित हो गया है और वैश्विक खाद्य आपूर्ति अस्थिर हो गई है। अमेरिकी विदेश मंत्री ने कहा कि यह बैठक ऐसे समय में हो रही है, जब जलवायु परिवर्तन और कोविड-19 के कारण वैश्विक स्तर पर भूख की अभूतपूर्व समस्या पैदा हो गई है तथा इस युद्ध ने स्थिति को और बदतर बना दिया है। उन्होंने कहा कि 24 फरवरी को यूक्रेन पर आक्रमण के बाद से रूसी नौसेना उत्तर-पश्चिमी काला सागर और अजोव सागर को नियंत्रित करने तथा यूक्रेनी बंदरगाहों को अवरुद्ध करने की कोशिश कर रही है, जिसे अमेरिका सामान की आवाजाही को बाधित करने के सोचे-समझे प्रयास के तौर पर देखता है। ब्लिंकन ने कहा, रूस सरकार के इन कदमों के चलते करीब दो करोड़ टन अनाज यूक्रेन के भूमिगत गोदामों में रखा हुआ है, जबकि वैश्विक स्तर पर खाद्य आपूर्ति घट गई है, कीमतें आसमान छू रही हैं और दुनियाभर में अधिक संख्या में लोग खाद्य असुरक्षा का सामना कर रहे हैं। बैठक में संयुक्त राष्ट्र में रूस के राजदूत वैसिली नेबेंजिया ने अमेरिका और पश्चिमी देशों के इन दावों को पूरी तरह से झूठा बताया कि रूस सभी को भूखा मारना चाहता है।

## अमेरिकी सीनेट ने यूक्रेन को 40 अरब डॉलर की मदद देने संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी दी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी संसद ने यूक्रेन और अमेरिका के अन्य सहयोगी देशों को 40 अरब डॉलर की सैन्य, आर्थिक व खाद्य सहायता देने संबंधी प्रस्ताव को बृहस्पतिवार को मंजूरी दे दी। इसके साथ ही यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बीच कीव को सबसे बड़ी मदद देने की प्रतिबद्धता पर अमेरिकी संसद के दोनों सदनों की मुहर लग गई। अमेरिकी संसद में यह प्रस्ताव 11 के मुकाबले 86 मतों से पारित हो गया। डेमोक्रेटिक पार्टी के सभी, जबकि रिपब्लिकन पार्टी के ज्यादातर सदस्यों ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया। राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन में जहां संसद में दोनों पार्टियों के बीच मतभेद के चलते कई प्रस्ताव गिर गए, वहीं बृहस्पतिवार को यूक्रेन की मदद संबंधी प्रस्ताव का भारी अंतर से पारित होना इस बात का संकेत था कि डेमोक्रेट और रिपब्लिकन सांसद रूसी आक्रमण से निपटने में कीव को मदद भेजने के मामले में काफी हद तक एकजुट हैं।

## रेडक्रॉस समिति यूक्रेन, रूस के युद्ध बंदियों से कर रही है मुलाकात

भाषा। जिनेवा

**अंतराष्ट्रीय** रेडक्रॉस समिति (आईसीआरसी) का कहना है कि वह लगभग तीन महीने पहले रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध की शुरुआत के बाद से सभी पक्षों के युद्ध बंदियों से मिल रही है। आईसीआरसी ने हालांकि यह स्पष्ट नहीं किया कि सभी पक्षों का क्या अर्थ है, लेकिन यह माना जाता है कि इसका मतलब रूसी और यूक्रेनी सरकारी बलों के साथ-साथ रूसी समर्थक अलगाववादियों से है जो कीव के खिलाफ पूर्वी यूक्रेन में सशस्त्र संघर्ष कर रहे हैं। इसमें विदेशी लड़ाके भी शामिल हो सकते हैं जिन्हें शायद पकड़ा गया हो। रेडक्रॉस ने कहा गया कि पीओडब्ल्यू से मिलने के कारण सैकड़ों परिवारों को उनके प्रियजनों के बारे में जानकारी दी जा सकेगी। आईसीआरसी ने यह स्पष्ट नहीं किया कि कितने परिवारों को उनके रिश्तेदारों के बारे में सूचित किया गया था।



रूसी सैनिकों को यूक्रेन के सैनिकों को मारियुपोल में घिरे अज़ोवस्टल स्टील प्लांट से निकाला जा रहा है। युद्धबंदियों पर अपनी चुप्पी तोड़ते हुएए रेड क्रॉस ने कहा कि उसने युद्ध के सैकड़ों यूक्रेनी कैदियों को पंजीकृत किया है, जिन्होंने घेराबंदी के साथ एक सप्ताह के गतिरोध में रहने के बाद मारियुपोल में विशाल अज़ोवस्टल स्टील प्लांट को छोड़ दिया था।

## सिंगापुर में भारतीय मूल के शख्स पर धोखाधड़ी के 21 आरोप

**सिंगापुर।** सिंगापुर की अदालत में भारतीय मूल के एक शख्स पर बृहस्पतिवार को एक योजना के तहत दो अन्य लोगों से करीब 11 लाख डॉलर की धोखाधड़ी करने के आरोप तय किए गए। द स्ट्रेट्स टाइम्स की खबर के अनुसार, मुरलीधरन मुहुन्दन (45) पर धोखाधड़ी के 21 आरोप, धोखाधड़ी के लिए उकसाने के दो आरोप और धोखा देने की कोशिश के दो अन्य आरोप लगाए गए हैं।

## ईंधन की कमी के चलते श्रीलंका में स्कूल बंद

कोलंबो। श्रीलंका के अधिकारियों ने दशकों के सबसे खराब आर्थिक संकट के बीच ईंधन की भारी कमी के कारण शुक्रवार को यहां स्कूल बंद कर दिए और सरकारी अधिकारियों से काम पर नहीं आने की अपील की। लोक प्रशासन मंत्रालय ने आवश्यक सेवाओं को बनाए रखने वालों को छोड़कर, बाकी सरकारी अधिकारियों से देश भर में मौजूदा ईंधन की कमी के मद्देनजर शुक्रवार को काम पर नहीं आने के लिए कहा।

## शिकागो में गोलीबारी में दो की मौत, आठ घायल

**शिकागो।** अमेरिका के शिकागो में गोलीबारी की एक घटना में दो लोगों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। शहर के नियर नार्थ साइड इलाके में बृहस्पतिवार को एक मैकडॉनल्ड्स रेस्तरां के बाहर रात 10 बजकर 40 मिनट पर गोलीबारी हुई। पुलिस ने एक बयान में कहा कि घटना के संबंध में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है।

# पाक के विदेश मंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री खान के मॉस्को के दौरे का किया अमेरिका में बचाव

भाषा। न्यूयॉर्क

**पाकिस्तान के** नए विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने लगभग तीन महीने पहले रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मिलने के लिए वहां गए पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की यात्रा का बचाव किया और कहा कि इस बात की कोई संभावना नहीं है कि जब खान ने रूस की यात्रा कि तो उन्हें यूक्रेन पर आक्रमण करने की रूस की योजनाओं के बारे में पता था। इमरान खान ने 24 फरवरी को क्रेमलिन में रूस के राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात की और उसी दिन रूसी नेता ने यूक्रेन के खिलाफ विशेष सैन्य अभियान का आदेश दिया। पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ द्वारा 1999 में मॉस्को की यात्रा के 23 साल बाद खान मॉस्को का दौरा करने वाले पहले पाकिस्तानी प्रधानमंत्री बने, लेकिन खान की इस यात्रा से वाशिंगटन के साथ इस्लामाबाद के संबंधों में और खटास आ गई। बिलावल ने कहा, जहां तक पूर्व प्रधानमंत्री (खान) की रूस यात्रा की बात है तो मैं पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री का पूरी तरह से बचाव क-रूंगा। उन्होंने विदेश नीति के हिस्से के तौर पर वह यात्रा की और उन्हें कुछ भी पता नहीं था। किसी के पास छठी इंद्री नहीं है।

## पाकिस्तान निर्वाचन आयोग ने इमरान खान की पार्टी के 25 बागी विधायकों को पद से हटाया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के 25 बागी सदस्यों को पिछले महीने पंजाब के मुख्यमंत्री चुनाव में पार्टी के निर्देश के खिलाफ मतदान करने पर पद से हटा दिया। आयोग ने पिछले महीने पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार हमजा शहबाज के पक्ष में मतदान करने पर 25 बागी विधायकों को अयोग्य ठहराए जाने संबंधी मामले में अपना फैसला सुनाया। निर्वाचन आयोग ने अपने सर्वसम्मत फैसले में कहा कि पीटीआई के विधायकों ने संविधान के अनुच्छेद 63-ए के तहत दोषपूर्ण कार्य किया, इसलिए उन्हें पद से हटना पड़ेगा।

## सेंट विंसेंट और ग्रेनेडाइंस के साथ साझेदारी भाईचारा की भावना पर आधारितः कोविंद

भाषा। किंग्सटाउन

**राष्ट्रपति** रामनाथ कोविंद ने कहा है कि सेंट विंसेंट और ग्रेनेडाइंस के साथ भारत की साझेदारी सार्वभौम भाईचारा की भावना पर आधारित है। उन्होंने कैरिबियाई प्रायद्वीपीय राष्ट्र के साथ भारत के मजबूत संबंध को रेखांकित करने के लिए प्रधानमंत्री राल्फ गोंजाल्वेस की मौजूदगी में काल्डर रोड का नया नाम इंडिया ड्राइव रखा। राष्ट्रपति कोविंद कैरिबियाई देशों की यात्रा के दूसरे चरण में बृहस्पतिवार को यहां पहुंचे। उन्होंने सेंट विंसेंट और ग्रेनेडाइंस की गवर्नर जनरल सुसान डौगन और प्रधानमंत्री गोंजाल्वेस से मुलाकात की तथा सूचना प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन एवं संस्कृति के क्षेत्र में और बहुपक्षीय मंच पर सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की।


**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री हर्षीत सिंह (35%) पुत्र श्री सुरिंदर सिंह चमक 2.) श्री तरुण डोलवानी (30%) पुत्र श्री वीरु मल डोलवानी 3.) श्री मोहित बरुता (20%) पुत्र श्री राकेश बरुता 4.) श्री हरीश चंद्र वर्मा पुत्र श्री किशन लाल वर्मा (15%) ने गांव नवादा और अब कॉलोनी ओम विहार के नाम से जाना जाता है, फेज-1 उत्तम नगर, नई दिल्ली-110059 में स्थित संपत्ति संख्या 108 और 109, ऊपरी भूतल (सामने बाएं हाथ की ओर/उत्तर पश्चिमी भाग), 65 वर्ग गज कारपेट एरिया 38 5 वर्ग फीट, खसरा संख्या 794 से 797 और 816 से 820 में से, पंजीकृत बिक्री विलेख दिनांक 27.07.2021 और 14.09.2021 के माध्यम से मालिक हैं सभी व्यक्तियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि प्रेरित पुरी उपरोक्त संपत्ति को श्री हर्षीत सिंह (35%) पुत्र श्री सुरिंदर सिंह चमक 2.) श्री तरुण डोलवानी (30%) पुत्र श्री वीरु मल डोलवानी 3.) श्री मोहित बरुता (20%) पुत्र श्री राकेश बरुता 4.) श्री हरीश चंद्र वर्मा पुत्र श्री किशन लाल वर्मा (15%) से एक पंजीकृत बिक्री विलेख के माध्यम से खरीद रहा है। आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित/अधिकार है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में वर्तमान से 07 दिनों के भीतर सूचित करें।

श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता,
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)
यूनिट नंबर 7, बेसमेंट, प्लॉट नंबर सी 78,
सेक्टर 2, नोएडा, यूपी 201301
ईमेल: sgassociatespl@gmail.com
फोन : 7011172764, 8130200837

**Public Notice**

This is to inform general public that M/s Shivam Education Society of India is the owners of Land area measuring 11 Kanal 8 Marle Out of Khasra No. 98//22 (8-0) 23/1 (3-8) Total area measuring 11 Kanal 8 marle Situated at Residential Lohani Tehsil & Distt-Bhiwani Haryana vide Gift Deed dated 21.06.2007, Doc No. 2235. Above said owners have misplaced the Original Gift Deed dated 21.06.2007 executed by Sh. Devendra Kumar & Sh. Gajendra Singh in favour of M/s Shivam Education Society of India in respect of Khasra No. 98//22 (8-0) 23 (8-0) 24 (8-0) Land area measuring 11 Kanal 8 Marle Doc. No. 2235. Anyone who find the above said documents shall handover the same to the Manager of M/s. Avanse Financial Services Ltd having its Building No. 7E, 5th Floor, Deen Dayal Upadhaya Building, Jhandewalan Extension, Delhi-110055. Above said owners are availing loan on above said property from M/s. Avanse Financial Services Ltd by mortgaging the said property. In case anyone has any objection regarding mortgage of the said property, the same may be raised within 10 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/9818228636 (M).


# वैश्विक बाजारों में मजबूती से चमक लौटी

## सेंसेक्स 1534 अंक उछला, निफ्टी भी 456 अंक चढ़ा

भाषा। मुंबई







**वैश्विक बाजारों** में तेजी से मिले समर्थन और भारी लिवाली होने से स्थानीय शेयर बाजार शुक्रवार को जोरदार बढ़त के साथ बंद हुए। इस दौरान सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में करीब तीन प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,534.16 अंक यानी 2.91 प्रतिशत की उछाल के साथ 54,326.39 अंक पर पहुंच गया। पिछले तीन महीनों में सेंसेक्स की यह एक दिन में सबसे बड़ी छलांग है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक निफ्टी भी 456.75 अंक यानी 2.89 प्रतिशत की बड़ी बढ़त लेकर 16,266.15 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल सभी कंपनियों के शेयरों में मजबूती देखी गई और डॉ रेड्डीज का शेयर सबसे अधिक 8.10 प्रतिशत तथा रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर 5.77 प्रतिशत चढ़ गया। इसके अलावा नेस्ले इंडिया, टाटा स्टील, लार्सन एंड टुब्रो, एक्सिस बैंक, सन फार्मा और इंडसइंड बैंक के शेयर भी फायदे में रहे। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, वैश्विक बाजारों में मजबूती, खासकर एशियाई बाजारों में तेजी से घरेलू बाजार में उछाल आया है।

## विदेशी मुद्रा भंडार 2.676 अरब डॉलर घटकर 593.279 अरब डॉलर रहा

**मुंबई।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 13 मई को समाप्त सप्ताह में 2.676 अरब डॉलर घटकर 593.279 अरब डॉलर रह गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को अपने आंकड़ों में यह जानकारी दी। इससे पूर्व के सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 1.774 अरब डॉलर घटकर 595.954 अरब डॉलर रह गया था। रिजर्व बैंक के मई बुलेटिन में अर्थव्यवस्था की स्थिति पर प्रकाशित एक लेख के अनुसार, 6 मई को देश का विदेशी मुद्रा भंडार 596 अरब डॉलर था जो वर्ष 2022-23 के लगभग 10 महीने के लिए अनुमानित आयात के बराबर था। समीक्षाधीन सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार में आई गिरावट का कारण विदेशी मुद्रा आस्तियों में आई कमी है जो कुल मुद्रा भंडार का एक महत्वपूर्ण घटक होता है।

## रुपया सात पैसे घटकर 77.63 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद

**मुंबई।** बाजार से विदेशी पूंजी की निकासी और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी होने के कारण विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया सात पैसे लुढ़ककर 77.63 के अब तक के सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ। अंतर-बैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 77.51 पर खुला और दिन के कारोबार में 77.49 से लेकर 77.63 के दायरे में रहा। रुपया कारोबार के अंत में 77.63 के स्तर पर बंद हुआ। जो पिछले बंद भाव 77.56 के मुकाबले सात पैसे की गिरावट को दर्शाता है।

## रेलवे, कोयला मंत्रालयों के नियमित संपर्क में है इस्पात मंत्रालयः कुलस्ते

**नई दिल्ली।** इस्पात विनिर्माताओं को कोयले की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए इस्पात मंत्रालय नियमित रूप से रेलवे तथा कोयला मंत्रालयों के संपर्क में है। केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने शुक्रवार को यह बात कही।


**PUBLIC NOTICE**

It is hereby brought to the notice of the public at large, that Original Deed of Conveyance dated 29.04.2008 (Document no. 2540) executed by M/s Sahara India Commercial Corporation Ltd. in favor of M/s Suhrit Services Pvt. Ltd. in respect of Unit no. A-09/110P4 on 10th floor, in Tower-C, having its super area measuring 553.83 sq. mtr, along with covered Car Parking Space no. 136 of one car admeasuring 13.75 sq. mtr., in the multi storeyed building Block No.A named as "Sahara Grace", M.G. Road, situated in the revenue estate of village Chakkarpur, Sector-28, Tehsil & Distt. Gurgaon, Haryana is not available with present owner, Park Felts Pvt. Ltd., of the aforesaid Property. The Public at large is hereby informed that Park Felts Pvt. Ltd. who have availed and /or shall avail credit facilities from HDFC Bank Ltd. against security of the aforesaid property. Any person, who comes in knowledge or possession of aforementioned original document, may please return the same to above mentioned property address or at below mentioned address and any person or authority dealing with the deed/ document and / or the aforesaid Property and/or deriving any benefit by impersonation or claiming any interest in the aforesaid Property on the basis of said deed, he/she/it shall do so at his/her/its own cost, expense, liability and risk or may also send his /her/their claims in writing to the under-signed along with documentary evidence in support of the claim within 15 days from date of this Notice.

Sushil Kumar Singh (Advocate)
F-10, LGF, Jangpura Ext., New Delhi-110014

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1) 1075_GOODS EICHR_VECV REG. NO. DL1LAA5804-YOM -2018
2) AL 1211 ASHOK_LEY REG. NO. HR38Y6436 / HR38Y1394-YOM-2018
3) BOLERO_MAX MAH REG. NO. PB10HA5482-YOM -2018
4) BOLPIKUP MAH REG. NO. HR38AB4729 / HR38AB8365 /HR38AB8361 / HR38AB4641 -YOM 2020
5) T_ACE TATAMOTORS REG. NO. DL1LAB6784 / DL1LAB6707 -YOM -2018
6) TACEMEGA TATAMOTORS REG. NO. HR38X6646-YOM -2017
7) TATAXENON TATAMOTORS REG. NO. HR38X6570-YOM -2018
8) VE3015_PRO EICHER REG. NO. HR38Y2025 / HR38Y9978-YOM -2018

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 15 DAYS AT
BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK LTD., 3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125,NOIDA-201313 OR
CONTACT: ABHINAV LAL / RAJESH ANTIL
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
Cont.No.7798988481/9711173320
E Mail -abhinav.lal@kotak.com


# बाजार में गिरोहबंदी की चुनौती से निपटना होगा: सीतारमण

भाषा। नई दिल्ली



**वित्त मंत्री** निर्मला सीतारमण ने गिरोहबंदी को एक चुनौती बताते हुए शुक्रवार को कहा कि आपूर्ति व्यवधानों की वजह पता लगाने की जरूरत है ताकि बाजार में एक-दो कंपनियों का एकाधिकार कायम न हो पाए क्योंकि इससे कीमतों में वृद्धि या आपूर्ति में चालबाजी की स्थिति बनती है।

कोविड-19 महामारी के बाद बढ़ती मुद्रास्फीति के कारण आर्थिक पुनरुद्धार को लेकर पैदा हुई चिंताओं के बीच वित्त मंत्री ने कहा कि ऐसी शिकायतें मिली हैं कि वस्तुओं की निर्माण लागत बढ़ गई है जबकि भारत के पास अपनी मांगों को पूरा करने के अलावा निर्यात की भी क्षमता है। सीतारमण ने कहा कि महामारी और पूर्वी यूरोप में युद्ध के हालात की वजह से मूल्य श्रृंखलाओं और आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान की स्थिति बनी है और दुनिया भर में जिंसों एवं कच्ची सामग्री की किल्लत है। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के नई दिल्ली में आयोजित 13वें वार्षिक कार्यक्रम के अवसर पर वित्त मंत्री ने कहा कि विभिन्न प्रकार के व्यवधानों का सामना करना पड़ रहा है।


THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Burhan Ali S/o. Sayyed Imran Ali, R/o. F-15/5, 1st Floor, Jogabai Extn., Jamia Nagar, Okhla, New Delhi-110025 have changed my name from Burhan to Burhan Ali for all future purposes.

PD(9099)A


## ग्लोरोड ने सेलर्स के लिए जीरो-कमीशन पेश किया

**नई दिल्ली।** भारत की अग्रणी सोशल कॉमर्स कंपनियों में से एक ग्लोरोड ने आज नए और मौजूदा विक्रेताओं के लिए जीरो कमीशन की शुरुआत की। इसके साथ, ग्लोरोड विक्रेता अपने उत्पादों को सूचीबद्ध करने और बेचने के लिए शुल्क की चिंता किए बिना अपने अधिक उत्पादों को ऑनलाइन लाने में सक्षम होंगे। उन्हें केवल लागू शिपिंग और लॉजिस्टिक्स सेवाओं के लिए भुगतान करना होगा। सभी श्रेणियों में जीरो कमीशन की शुरूआत से देश भर में उद्यमियों और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों ;एमएसएमईद्ध के लिए अपने व्यवसाय का विस्तार करने के लिए अधिक अवसर पैदा करने में मदद मिलेगी।अधिक विक्रेताओं के अपने चयन को ऑनलाइन लाने के साथए ग्लोरोड पर इनफ्लुएंसर को श्रेणियों में विस्तारित चयन तक पहुंच प्राप्त होगी। यह ग्लोरोड पर ऑफ़र और वॉलेट क्रेडिट के साथ संयुक्त रूप से इनफ्लुएंसर को अपना व्यवसाय कमाने और विकसित करने का अवसर प्रदान करेगा।


ICICI Bank

**शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**सार्वजनिक सूचना – प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-नीलामी**

**नियम 8 (6) का परंतुक देखें,**

**अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिये ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनः निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियम, 2002 की धारा 8(6) के साथ अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।

सर्वजन तथा व्यक्तिगत रुप से कर्जदार एवं जमानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शायी गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/ अधिभारित है उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) के प्राधिकृरित अधिकारी द्वारा कर लिया गया है एंव दर्शाये विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है, जैसी है" एवं जैसी है, वैसी है " एवं जिस भी स्थीत में है " के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिये प्रस्ताव आमंत्रित किये जा रहे है :-

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/ सह-कर्जदारों/ गारटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रू. में) | सुरक्षित मूल्य (रू. में) / धरोहर राशि जमा (रू. में) | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | सोनू कुमार (कर्जदार), शिव कुमार (जमानतदार) लैन नंबर LBNOD00002252451 | जी/यूएच-801 8वीं मंजिल, टावर-जी अर्बन होम्स, शाहपुर बम्हेट्टा, एनएच-24 गाजियाबाद, 201001 सुपर एरिया: 585 वर्ग फुट | रू. 19,07, 584.42/- (मई 13, 2022 तक) | रू. 16,25,000/- / रू. 1,62,500/- | जून 01, 2022 को दो.12:00 बजे से दो. 01:00 बजे तक | जून 13, 2022 दो.12:00 बजे से दो. 01:00 बजे तक |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी संस्था मैसर्स नेक्सजेन सॉल्युशन्स प्राइवेट लिमिटेड की, वेबसाइट **(URL Link https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **जून 10, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिससे विफल रहने पर यह संरक्षित सम्पत्तियों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी ई संदर्भ करें) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली -110005** में जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावति की स्कैन इमेज सहित दिनांक- **जून 10, 2022** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करें। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली -110005** में निविदा प्रलेखों की हस्तांक्षरित प्रति को दिनांक **जून 10, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट पे आर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैड्यूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में **दिल्ली** शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए।

सम्पति अवलोकन, नीलामी के नियम एवं शर्तो तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **9372730494** या मैसर्स **नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** को फोन नंबर **9710029933/ 9810029926/ 01244233933** पर संपर्क करें।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसिया **1. नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड 2. ओजीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड** इस सम्पति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न है।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाये किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते है। बिक्री की विस्तृत नियमो एवं शर्तो हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करे।

तिथि : मई 21, 2022
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

**OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER-II**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL-II, DELHI**
**4th Floor, Jeevan Tara Building, Parliament Street, New Delhi-110001**

**PROCLAMATION OF SALE**

Notice Under Rule 38 of the Second Schedule to the Income Tax Act, 1961 Read with Section 25(a) the Recovery of Debts due to Banks & Financial Institutions Act, 1993.

**RC No. 90/2019** **Dated:.04.05.2022**

**In the matter of: ICICI BANK V/S. MR. SANDEEP KUMAR**

**To,**
**CD#**
Mr. Sandeep Kumar
S/o. Mr. Krishan Pal (Borrower)
R/o. Flat No. 304, Tower 7, Plot No. 76. Grant Front Sigma- 4, Greater Noida, Noida, UP- 201304.

Whereas in execution of ibid **RC No.90/2019** dated **16.02.2019** in **OA No.43/2017** drawn up by the Hon'ble Presiding Officer, Debts Recovery Tribunal-II, Delhi, the CD is to pay to the applicant **Rs. 13,10,815.64/- (Rupees Thirteen Lacs Ten Thousand Eight Hundred And Fifteen & Paise Sixty Four Only)** has become due from you as per the ibid Recovery Certificate drawn in **OA No. 43/2017** by the Presiding Officer, Debts Recovery Tribunal- II, Delhi. The applicant is entitled to recover a sum of Rs. **12,95,815.64/- (Rupees Twelve Lacs Ninety Five Thousand Eight Hundred and Fifteen & Paise Sixty Four Only)** alongwith future interest @10.25% per annum w.e.f. **24.12.2016** till realization with cost of **Rs.15,000/-** and costs from the Certificate Debtor (CD), failing which the amount shall be recovered by sale of the hypothecated vehicle. In case of any shortfall, the same shall be recovered from the personal movable and immovable assets of the CD.

2. And whereas the undersigned has ordered the sale of the hypothecated vehicel mentioned in scheduled property for satisfaction of the said Recovery Certificate.

3. Notice is hereby given that in the absence of any order of postponement, the said hypothecated vehicle (mentioned under the schedule of property below) shall be sold through e-auction through **https://auctions.cardekho.com/ auctions@cardekho.com,** by e-auction at **11:00 AM on 14.06.2022.**

**4. The CH bank shall ensure that prospective bidders are allowed inspection of the said hypothecated vehicle (mentioned under the schedule of property below) before day of auction for which interested individuals may contact the concerned officer of CH Ms. Kalayani Preeti (MOB: 9599281817).**

5. The sale shall be of the movable property of the above named Certificate Defaulters (CD), subject to the liabilities and claims attaching to the said hypothecated vehicle, if any.

6. The sale shall be stopped if, before lot is knocked down, the arrears mentioned in the said certificate, interest costs (including cost of sale) are tendered to the officer conducting the sale or proof is given to his satisfaction that the amount of such certificate alongwith the interest and costs has been paid to the undersigned.

7. At the sale the public generally are invited to bid either personally or by duly authorized agent. No officer or other person, having any duty to perform in connection with this sale shall, however, either directly or indirectly bid for, acquire or attempt to acquire any interest in the property sold.

8. The property is being sold on **"AS IS WHERE IS" BASIS and "AS IS WHAT IS" BASIS.** The sale shall be subject to the conditions prescribed in the Second Scheduled to the Income Tax Act, 1961 and the rules made thereunder and to the following further conditions.

9. The particulars specified in the Schedule have been stated to the best of the information of the undersigned, but the undersigned shall not be answerable for any error, mis-statement or omission in this proclamation.

10. The Reserve Price and Earnest Money Deposit (EMD) be fixed as follows:-

| S. No. | Details of property | Reserve Price (in Rs.) | Earnest Money Deposit (EMD) (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1. | Renault Fluence bearing Registration No. UP 16BE-5195 | 4,50,000/- | 45,000/- |

11. The amount by which the biddings are to be increased shall be determined by the Officer conducting the sale. In the event of any dispute arising as to the amount of bid, or as to the bidder, the lot shall at once be again put to auction.

**12. Intending bidders shall be required to pay Earnest Money Deposit (EMD)** by way of pay order/demand draft payable at New Delhi and in favour of Recovery Officer-II, DRT-II, Delhi before the start of bidding and identity proofs, address proofs etc. The said deposit shall be adjusted in the case of successful bidders; and in the case of unsuccessful bidders the same shall be refunded without interest, on the date of sale.

**13. Successful highest bidder shall have to deposit 25% of the sale proceeds by way of pay** order/demand draft favoring the Recovery Officer-II, DRT-II, Delhi, within 24 hours (next working day) by way of bank draft, after adjusting the EMD stated above, failing which the EMD shall be forfeited.

**14. The purchaser shall deposit the balance 75% of the sale proceeds alongwith poundage fee @ 2% upto Rupees 1,000/- @ 1% of the sale price exceeding Rupees 1,000/ within 15 days from the date of auction. The Poundage fees shall be deposited through a demand draft payable in favour of the Registrar, DRT-II, Delhi.**

15. In case of default, the amount earlier deposited by the bidder, if the undersigned considers fit, after defraying the expenses of the sale shall be forfeited and the property shall be resold, and the defaulting purchaser shall forfeit all claims to the property or to any part thereof or of any part of the sum for which it may subsequently be sold.

16. The undersigned reserves the right to accept or reject any or all bids if found unreasonable or postpone the auction at any time without assigning any reason.

**Schedule of Property**

| S. No. lot-s | Description of property to be sold with names co-owners where the property belongs to the defaulter and any other persons is co-owners | Revenue assessed upon the property or any part thereof | Details of any encumbrances to which the property is liable | Claims, if any, which have been put forward to the property and other known particulars bearing on its nature and value. |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Renault Fluence bearing Registration No. UP 16BE-5195 | No information | No information | No information |

**Given under my hand and seal of this Tribunal at New Delhi on this 04.05.2022.**

**(Dattatrey Bajpayee)**
**Recovery Officer-II**
**DRT-II, Delhi**

# राज ठाकरे ने अयोध्या आने का मौका गंवायाः बृजभूषण शरण सिंह

भाषा। गोंडा

**उत्तर** प्रदेश की कैसरगंज संसदीय सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने शुक्रवार को कहा कि मनसे प्रमुख राज ठाकरे के पास माफी मांग कर अयोध्या आने का एक अच्छा अवसर था, लेकिन वह इससे चूक गए। सिंह ने महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे की आगामी पांच जून को प्रस्तावित अयोध्या यात्रा स्थगित किए जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पत्रकारों से कहा कि उनके पास माफी मांग कर अयोध्या आने का एक अच्छा अवसर था, लेकिन वह इस अवसर से चूक गए। ठाकरे ने शुक्रवार को घोषणा की कि पांच जून का उनका अयोध्या दौरा रद्द कर दिया गया है। गौरतलब है कि मनसे प्रमुख ने हाल में मांग की थी कि मस्जिदों पर लगे लाउडस्पीकर हटाए जाएं, अन्यथा उनकी पार्टी के कार्यकर्ता मस्जिदों के बाहर ऊंची आवाज में हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। सांसद सिंह ने ठाकरे के अयोध्या दौरे का विरोध किया था और आगाह किया था कि उन्हें तब तक उत्तर प्रदेश के इस शहर में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा, जब तक कि वह पूर्व में उत्तर भारतीयों का अपमान करने के लिए सार्वजनिक तौर पर माफी नहीं मांग लेते हैं। सांसद ने कहा कि अगर राज ठाकरे ने संतों, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से माफी मांगी होती तो लोगों का गुस्सा शांत हो जाता। उन्होंने कहा, लेकिन ठाकरे ने माफी नहीं मांगी। इसलिए मैंने तय किया है कि उनकी यात्रा को लेकर जारी मेरा विरोध कार्यक्रम स्थगित नहीं होगा। भाजपा सांसद ने कहा कि राज ठाकरे ने अपनी पांच जून की प्रस्तावित अयोध्या यात्रा भले ही स्थगित कर दी हो, लेकिन अब भविष्य में कभी भी वह उत्तर भारत के किसी भी प्रांत में कदम रखने की कोशिश करेंगे, तो कोई न कोई युवा उनके विरोध के लिए खड़ा हो जाएगा। ठाकरे ने ट्विटर पर कहा कि उत्तर प्रदेश के अयोध्या शहर का उनका दौरा फिलहाल रद्द कर दिया गया और वह 22 मई की सुबह पुणे में एक रैली के दौरान इस संबंध में अपनी बात रखेंगे। ठाकरे का ट्वीट उन खबरों के बीच आया है कि वह स्वस्थ नहीं हैं।



## आप विधायक सोमनाथ भारती के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

**सुलतानपुर (भाषा)।** दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) विधायक सोमनाथ भारती पर अमेठी में दर्ज एक मामले का संज्ञान लेते हुए सांसद-विधायक अदालत (एमपी-एमएलए कोर्ट) ने उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। सोमनाथ भारती के खिलाफ जनवरी 2021 में अमेठी जिले के जगदीशपुर थाने में दर्ज मामले में पुलिस ने मानहानि और ठेस पहुंचाने की धारा में रिपोर्ट अदालत में भेजी। रिपोर्ट का संज्ञान लेते हुए सांसद-विधायक अदालत, सुलतानपुर के विशेष न्यायाधीश ने वारंट जारी किया है। सोमनाथ भारती के मामले की पैरवी करने वाले अधिवक्ता रुद्र प्रताप सिंह ने बताया कि इस मामले पर अगली सुनवाई 14 जून को होगी। उल्लेखनीय है कि आप विधायक सोमनाथ भारती 10 जनवरी को उत्तर प्रदेश के दौरे पर थे, जहां उन्होंने अमेठी में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा था कि हम उप्र के स्कूलों और अस्पतालों को देख रहे हैं।

# ...आखिर पत्रकारों के दबाव में पुलिस को दर्ज करना पड़ा मुकदमा

संवाददाता। बस्ती

● **दो पुलिस कर्मी, 11 लोगों के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज**

**...आखिर** पत्रकारों की लड़ाई काम आ ही गई। एक सप्ताह के जद्दोजहद के बाद लालगंज पुलिस को पत्रकार के साथ मारपीट करने वाले दो पुलिस सहित नौ नामजद सहित चार अज्ञात लोगों के खिलाफ मारपीट के आरोप में मुकदमा दर्ज करना पड़ा। इस मुकदमें की सबसे खास बात दो पुलिस वालों के खिलाफ केस दर्ज होना। जिन नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ उनमें महेंद्र, नागेंद्र जितेंद्र पुत्रगण हरिनाथ, केदारनाथ तुलसीराम, सुभाष, परमेश्वर पुत्रगण बैजनाथ, इंद्रसेन पुत्र परमेश्वर एवं चंद्रसेन पुत्र केदार का नाम शामिल है। एफआईआर की प्रति एसपी, डीआईजी, डीजीपी, प्रमुख सचिव गृह, मानवाधिकार आयोग दिल्ली को भेजी गई है। क्यों कि उक्त सभी को घटना की जानकारी दी गई है। यह एफआईआर स्वंतत्र चेतना के पीड़ित पत्रकार राजेश शुक्ल पुत्र बलराम शुक्ल की तहरीर पर लिखी गई।

बता दें कि 13 मई 22 को पुलिस चौकी कुदरहा के पुलिस के दो सिपाही मटियरिया गांव के अज्ञात कुछ लोगों को गाली गुप्ता व घसीटते हुए अर्धनग्न अवस्था में चौकी पर बैठाए जाने की जानकारी पत्रकार राजेश शुक्ल को मिली। उसी का कवरेज करने के लिए पत्रकार पुलिस चौकी पहुंचे। पत्रकार ने जैसे ही फोटो और वीडीओ बनाना चाहा, वैसे ही वहां पर मौजूद लगभग 15 लोगों ने एक जुट होकर पत्रकार को मारने पीटने लगे, मोबाइल छीन कर नष्ट कर दिया। दो पुलिस वालों ने भी पत्रकार को मारा। पुलिस चौकी की कई कुर्सी टूट गई। तहरीर दी गई मुकदमा दर्ज नहीं हुआ। घटना के दूसरे दिन डीएम लालगंज थाने पहुंची। वहां पर पत्रकार ने डीएम को अपना चोट दिखाते हुए मुकदमा दर्ज करने की मांग की। डीएम ने त्वरित केस दर्ज करने के साथ दोषियों के खिलाफ कठोर सें कठोर कार्रवाई करनें का निर्देश पुलिस को दिया। फिर भी मुकदमा दर्ज नहीं कठोर कार्रवाई करना तो दूर की बात। मामला उस समय गंभीर हो गया, जब देश के प्रेसीडेंट ने फोन से पत्रकार का हालचाल पूछा। जब मुकदमा नहीं लिखा गया तो दो दिन पहले पत्रकारों का एक समूह डीएम से मिला और उन्हें ज्ञापन दिया। उसके बाद भी नहीं लिखा गया। इधर मामले को लेकर पत्रकारों में रोष बढ़ता जा रहा था। उसी को देखते हुए आखिर कार लालगंज पुलिस को 19 मई 22 को सांय मुकदमा लिखना पड़ा। इसे पत्रकार अपनी जीत मान रहें है।

# कौशांबी में पांच वर्षीय बच्ची से किशोर ने किया दुष्कर्म

**कौशांबी (भाषा)।** कौशांबी जिले के कड़ा धाम थाना क्षेत्र में एक पांच साल की बच्ची के साथ उसके एक रिश्तेदार 13 वर्षीय किशोर द्वारा कथित रूप से दुष्कर्म किए जाने का मामला शुक्रवार को सामने आया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। कौशांबी के पुलिस अधीक्षक (एसपी) हेमराज मीणा ने शुक्रवार को बताया कि यह घटना 12 मई की है। उन्होंने बताया कि कड़ा धाम थाना क्षेत्र के एक गांव में एक पांच वर्षीय बच्ची के साथ उसी के रिश्तेदार 13 वर्षीय किशोर ने दुष्कर्म किया। मीणा ने बताया कि उस समय पीड़िता के परिजनों की तहरीर पर मारपीट का मामला दर्ज हुआ था। तब मामले में आरोपी किशोर के परिजनों पर धारा 151 के तहत कार्यवाही की गई थी। मीणा ने बताया कि पीड़िता तथा आरोपी के माता-पिता आपस में सगे रिश्तेदार हैं और उस समय पीड़िता के साथ दुष्कर्म की घटना प्रकाश में नहीं आई थी। एसपी ने बताया कि बृहस्पतिवार को पीड़िता की तबीयत अचानक खराब होने पर उसे स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उसे चिकित्सकों ने जिला अस्पताल भेज दिया। जिला अस्पताल मैं जांच के बाद दुष्कर्म की घटना प्रकाश में आई। इस पर अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर सिंह को मामले की जांच सौंपी गई। अपर पुलिस अधीक्षक की जांच जांच के बाद शुक्रवार को आरोपी किशोर के विरुद्ध 376 के तहत मामला दर्ज कर किशोर न्याय अधिनियम के तहत उसकी गिरफ्तारी की गई। दुष्कर्म पीड़िता बच्ची का मेडिकल परीक्षण तथा इलाज कराया जा रहा है। इलाज के बाद उसका बयान भी कराया जाएगा। मीणा ने कहा कि अगर मामले में कार्यवाही करने में पुलिस द्वारा लापरवाही बरती गई है, तो उसकी जांच होगी। यह जांच अपर पुलिस अधीक्षक को दी गई है और जांच के बाद कार्यवाही की जाएगी।

# सुलखना, घिलौर व पहड़गांव में दान यात्रा के तहत इकट्ठा किया गया भूसा

संवाददाता। कोंच (जालौन)

**गौशालाओं** में एकत्रित गौवंशों के लिए भूसा की व्यवस्था किये जाने को लेकर शासन द्वारा भूसा दान यात्रा कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसके तहत ग्रामीणों से दान स्वरूप भूसा लिया जा रहा है।

शुक्रवार को नदीगांव विकास खंड के ग्राम सुलखना में डीसी मनरेगा अबधेश कुमार दीक्षित ने भूसा दान यात्रा कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों को जागरूक कर भूसा दान कार्यक्रम के बारे में बताया और इस कार्यक्रम में सहभागिता करने के लिए उन्होंने ग्रामीणों को प्रेरित किया।उन्होंने कहा कि गौवंशों की सेवा करना पुण्य का कार्य है।इस दौरान कई ग्रामीणों ने भूसा दान किया।इस मौके पर एडीओ पंचायत नरेश दुवे सचिव गंधर्व सिंह व ग्राम प्रधान अमोख सिंह गुर्जर आदि मौजूद रहे। वहीं नदीगांव विकास खंड के ही ग्राम घिलौर में ग्रामीण वीरेंद्र सिंह, देशराज, बुद्धसिंह, रामशंकर, अरविंद, राजू, फूलसिंह, शीलू मनीष, मानसिंह आदि ने कुल 40 कुंतल भूसा दान किया। इस मौके पर प्रधान बुद्धसिंह, सचिव रामबिहारी, डॉ. एसके सचान, वीरेंद्र सिंह कोटेदार, दीपेंद्र सिंह पंचायत सहायक, रामनारायण सफाई कर्मी आदि मौजूद रहे। उधर, कोंच विकास खंड के ग्राम पहाड़गांव में ग्रामीणों ने करीब 23 कुंतल भूसा एकत्रित कर दान किया।इस मौके पर प्रधान कपिलदेव, सचिव अनुज गुप्ता, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता दीपांकर, कोटेदार रमाकांत गुप्ता आदि मौजूद रहे।



भूसा दान करते गांव के किसान पायनियर

# ज्ञानवापी प्रकरण को लेकर जुमे की नमाज पर प्रशासन की रही कड़ी नजर

संवाददाता। कोंच(जालौन)

**ज्ञानवापी** प्रकरण सुर्खियों में होने के कारण शुक्रवार को नगर की कमोवेश सभी मस्जिदों पर प्रशासन की कड़ी नजर रही, लेकिन आम जुमों की तरह इस जुमे पर भी शांतिपूर्ण ढंग से मुस्लिम बंधुओं ने नमाज अता की। जिस दिन से काशी स्थित ज्ञानवापी में कोर्ट के आदेश पर सर्वे का काम शुरू हुआ उसी दिन से यह मसला सुर्खियों में बना हुआ है जिसके चलते शासन प्रशासन अलर्ट मोड पर हैं। शुक्रवार को जुमे की नमाज पर प्रशासन की कड़ी नजर रही। सभी मस्जिदों और अन्य इबादतगाहों के बाहर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। कोतवाल बलिराज शाही, एसएसआई आनंद कुमार सिंह, दरोगा खेमचंद्र, नरेंद्र सिंह, सचिन शुक्ला लगातार जायजा लेते रहे। जैसा कि गुरुवार की शाम कोतवाली में धर्म गुरुओं के साथ हुई बैठक में सीओ शाहिदा नसरीन ने शासन की मंशा के तहत साफतौर पर जता दिया था नमाज के दौरान किसी तरह की तकरीर नहीं होगी, की रोशनी में पुलिस की नजर इस बात पर भी बनी रही कि नमाज के दौरान ऐसा कुछ न हो और ऐसा हुआ भी नहीं। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देश पर एडीएम नमामि गंगे को खासतौर पर कोंच भेजा गया था जिन्होंने एसडीएम कृष्ण कुमार सिंह के साथ नगर की सभी मस्जिदों पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।



मस्जिद के बाहर मुस्तैद पुलिस बल पायनियर

# जांच के दौरान कूड़ा देख चढ़ा ईओ का पारा, कराया गलती का अहसास

● **ईओ ने नागरिकों से सफाई करा दी गंदगी न फैलाने की हिदायत**

संवाददाता। गुरसहायगंज (कन्नौज)

**साफ**-सफाई एवं पीएम आवास जांच के दौरान कस्बा भ्रमण पर निकली समधन की अधिशासी अधिकारी का पारा उस समय चढ गया। जब सफाई कर्मियों द्वारा साथ सफाई करने के बाद नागरिकों द्वारा कूड़ा कचरा सड़क पर डाला गया। उन्होंने नागरिकों को चेतावनी देते हुए उन्हीं से कूड़ा उठबाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि नगर हम सबका है। इसे स्वच्छ रखने में हम सबकी जिम्मेदारी है।

शुक्रवार की सुबह समधन नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी दीपिका शुक्ला ने पंचायत कर्मियों के साथ नगर के वार्डों में पहुंचकर साफ सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए पीएम आवास योजना के लाभार्थियों की जांच की। इस दौरान कुछ नागरिकों द्वारा सफाई कर्मियों द्वारा सफाई किए जाने के बाद कूड़ा डालते हुए देखने पर अधिशासी अधिकारी ने नागरिकों को कड़ी चेतावनी देते हुए उनसे ही कूड़ा उठबाया। इस दौरान उन्होंने नागरिकों को सफाई होने के बाद गंदगी न फैलाने की कड़ी हिदायत दी। उन्होंने नागरिकों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करते हुए स्वच्छता के महत्व बताएं। इस दौरान उनके साथ वरिष्ठ लिपिक सुरेश चन्द्र शाक्य, हनीफ अली, वकार हुसैन, इरफान, तनवीर अहमद, रफी अहमद, कासिम, अताउल्लाह, अताउर्रहमान, राकेश, मोनिस खान, मनोज दीक्षित, सफाई नायक नरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### धर्मस्थल के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट पर हिंदू कार्यकर्ता के खिलाफ मामला दर्ज

**मुजफ्फरनगर (भाषा)।** मुजफ्फरनगर कोतवाली मे एक समुदाय विशेष के पवित्र धर्म स्थल के खिलाफ फेसबुक पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में एक हिंदू कार्यकर्ता के खिलाफ संबंधित धाराओं मे मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मुसलमानो के पवित्र धर्म स्थल मक्का-मदीना के खिलाफ फेसबुक पर आपत्तिजनक टिप्पणी पोस्ट करने वाले हिंदू कार्यकर्ता राघव अग्रवाल के खिलाफ कोतवाली में मामला दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी आनंद देव मिश्रा ने बताया कि पुलिस ने राघव अग्रवाल के खिलाफ कोतवाली थाना में भारतीय दंड संहिता की धारा 153 ए (दुर्भावनापूर्ण इरादे से किसी धर्म या जाति के खिलाफ टिप्पणी कर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाना) और आईटी कानून की धारा 67 के तहत मामला दर्ज किया है। उन्होने बताया कि इस मामले मे मुजफ्फरनगर के अताउर्रहमान ने अग्रवाल के खिलाफ कार्वाई की मांग करते हुए पुलिस को तहरीर दी थी।

### बच्चों से शौचालय साफ कराए जाने का वीडियो वायरल, जांच के आदेश

**कन्नौज (भाषा)।** कन्नौज जिले के उर्मदा विकासखंड (ब्लाक) के किनौरा गांव के विद्यालय में अध्यापकों द्वारा छात्राओं से शौचालय साफ कराए जाने का वीडियो सामने आया है। प्रशासन ने इस वीडियो का संज्ञान लेकर जांच के आदेश दिए है। छात्राओं के हाथ में शौचालय साफ करने के लिए बाल्टी थमाते हुए वीडियो सामने आने के बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने इसका संज्ञान लिया। अपर जिला अधिकारी (एडीएम) गजेंद्र कुमार ने शुक्रवार को बताया कि इस संबंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और खंड शिक्षा अधिकारी को जांच के निर्देश दिए गए है। उन्होंने कहा कि इस बात की जांच कराई जा रही है कि किन कारणों से बच्चों से विद्यालय में साफ-सफाई कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में विद्यालय के अध्यापकों से स्पष्टीकरण लिया जाएगा और जो भी तथ्य सामने निकल कर आएंगे उसके अनुसार कार्वाई की जाएगी।

### कौशांबी में दलित किशोरियों से छेड़खानी का मामला दर्ज

**कौशांबी (भाषा)।** कौशांबी जिले के मोहब्बतपुर पैसा थाना क्षेत्र में दो दलित नाबालिग किशोरियों के साथ छेड़छाड़ और शिकायत करने पर एक किशोरी की मां के साथ मारपीट के मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार घटना बृहस्पतिवार की है। पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा ने बताया कि मोहब्बतपुर पैसा थाना क्षेत्र के एक गांव में एक व्यक्ति द्वारा बृहस्पतिवार की शाम दो दलित नाबालिग किशोरियों के साथ छेड़खानी की गई। उन्होंने बताया कि मामले की शिकायत एक किशोरी की मां द्वारा उस व्यक्ति के परिजनों से करने पर परिजनों द्वारा किशोरी की मां के साथ मारपीट भी की गई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 354 (स्त्री की लज्जा पर हमला), 504 (जानबूझकर अपमान करना), 506 (आपराधिक धमकी) और पॉक्सो कानून तथा अनुसूचित जाति-जनजाति कानू के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि आरोपी को गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है। मामले में किशोरियों का बयान दर्ज किया जाएगा।

### सोशल मीडिया पर हिंदू धर्म की भावनाओं को आहत करने पर युवक गिरफ्तार

**सहारनपुर (भाषा)।** सहारनपुर जिले की नकुड़ थाना पुलिस ने सोशल मीडिया पर हिन्दू धर्म की भावनाओं को आहत करने के उद्देश्य से शिवलिंग को गलत रूप में दर्शाने और मजाक बनाने के आरोप मे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सूरज राय ने पीटीआईभाषा को बताया कि नकुड़ थाना क्षेत्र के छाप्पुर निवासी प्रमोद कुमार ने शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने कहा कि कुमार ने इसी थाने में अम्बेहटा निवासी नासिर फरहत के खिलाफ बुधवार को व्हाट्सएप के जरिए शिवलिंग को गलत रूप से दर्शाने और मजाक बनाने की शिकायत की थी। शिकायत के आधार पर नासिर फरहत के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बृहस्पतिवार की शाम नासिर फरहत को गिरफ्तार कर उसका मोबाइल जब्त कर लिया।

### डीएम ने तीर्थक्षेत्र विकास परिषद को लेकर देखी भूमि

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने श्री चित्रकूट तीर्थक्षेत्र विकास परिषद की भूमि का चयन करने को विभिन्न स्थानों पर भूमि का निरीक्षण किया। शुक्रवार को जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने श्री चित्रकूट तीर्थक्षेत्र विकास परिषद की भूमि का चयन करने को सीतापुर के पुराने बस स्टैण्ड के पास, जयपुरिया तिराहा व अहमदगंज आदि स्थानों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण में कहा कि किसी एक स्थान का चयन कर श्री चित्रकूट तीर्थक्षेत्र विकास परिषद की स्थापना की जाये। निरीक्षण में एसडीएम सदर पूजा यादव, एसडीएम न्यायिक/तीर्थक्षेत्र विकास परिषद प्रभारी अधिकारी रामजन्म यादव, पर्यटन अधिकारी शक्ति सिंह व लेखपाल आदि मौजूद रहे।

### स्कूली वाहनों के चालकों का करायें वेरीफिकेशनः सीओ सिटी

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देश पर सीओ सिटी ने स्कूलों के प्रधानाचार्यों व प्रबन्धकों के साथ गोष्ठी कर स्कूल वाहनों में नियुक्त ड्राइवरों का वेरीफिकेशन कराने के निर्देश दिये हैं। शुक्रवार को पुलिस कार्यालय राघव प्रेक्षागार में हुई गोष्ठी में सीओ सिटी शीतला प्रसाद पाण्डेय व एआरटीओ प्रदीप देशमणि ने स्कूलों के प्रधानाचार्यों से कहा कि स्कूलों में नियुक्त वाहन चालकों का वेरीफिकेशन करा लें। मादक पदार्थ का सेवन न करने वाले चालकों को स्कूली वाहन में रखें। स्कूली वाहन का फिटनेस, बीमा व अन्य कागज अवश्य बनवायें। निर्धारित क्षमता से ही छात्र-छात्राओं को बैठायें। स्कूली वाहन में सावधान बच्चे हैं का स्लोगन अवश्य लिखा हो एवं वाहन में रिफ्लेक्टर लगवायें। उन्होंने निर्देश दिये कि स्कूली वाहन के चालक का नाम-पता, डीएल नम्बर, मोबाइल नम्बर अवश्य लिखा हो। किसी भी दशा में प्राइवेट वाहन को स्कूली बच्चों को लाने-ले जाने में न लगायें। गोष्ठी में विभिन्न स्कूलों के प्रबंधक, संचालक व प्रधानाचार्यों से समस्यायें पूंछकर आवश्यक सुझाव दिये गये। गोष्ठी में यातायात प्रभारी योगेश कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

### अधिवक्ताओं ने नारेबाजी कर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

**मौदहा(हमीरपुर)।** विशेष सचिव उत्तर प्रदेश सरकार के अमर्यादित बयान से नाराज कस्बे के तहसील परिसर में अधिवक्ताओं ने नारेबाजी कर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन और एक दिवसीय सरकारी कार्यो का बहिष्कार भी किया। प्रदेश सरकार में विशेष सचिव प्रफुल्ल कमल के द्वारा समस्त जिलाधिकारियों को प्रेषित पत्र को संज्ञान में लेकर नाराज अधिवक्ताओं ने उपजिलाधिकारी सुरेंद्र कुमार सिंह को बताया कि अधिवक्ताओं के सम्मान के विरुद्ध बयान बाजी करते हुए सचिव ने पत्र भेजा था जिस पर तहसील परिसर में जोरदार नारेबाजी करते हुए एक विरोध प्रदर्शन दर्ज कराया और सरकारी कार्यों का बहिष्कार भी किया गया इस मौके पर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष उमेश चंद्र नामदेव, वसी अहमद, राहुल द्विवेदी, बृज किशोर त्रिवेदी, बरदानी लाल, प्रभात यादव, अफरोज आलम, कृष्ण कुमार यादव, भूपत प्रजापति, नसीरुद्दीन, श्याम नारायण निगम, आलोक निगम सहित दर्जनों अधिवक्ता मौजूद रहे।

# अधिगृहित भूमि का मुआवजा न मिलने पर आत्महत्या की दी चेतावनी



संवाददाता। चित्रकूट

**मानिकपुर** तहसील के बराछी गांव के सुबहिती पत्नी मैकू, केशवचन्द्र उर्फ भोंडा पुत्र मैकू ने उप्र मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष समेत उच्चाधिकारियों को लिखे पत्र में कहा कि गुन्ता बांध की अधिगृहीत भूमि को रिकार्ड में चढ़ाकर उसे मुआवजा नहीं दिया गया। शुक्रवार को पीड़ित ने कहा कि गुन्ता बांध में अधिगृहीत भूमि के वह मालिक थे। सिंचाई विभाग ने गुन्ता बांध परियोजना को अवैध व गैरकानूनी ढंग से अधिगृहण के एवज में मिलने वाले मुआवजा से वंचित कर दिया है। कागजी कार्यवाही पूरी कर दस्तावेजों में भू-खण्डों का अधिगृहण न दिखाकर भू-खण्ड अधिगृहीत कर लिया है। पूरे वर्ष उसकी भूमि पर छह मीटर से ज्यादा पानी भरा रहता है। गाटा संख्या पांच में बने उनके दो पक्के कमरो को भी सिंचाई विभाग ने ध्वस्त कर दिया है। भू-खण्डों के अधिगृहण में मुआवजा देने का झूंठा आश्वासन देते रहे। उन्होंने कहा कि संक्रमणीय भूमि के गुन्ता बांध में चले जाने से वह भूमिहीन, घरहीन हो गये हैं। भूमि में पहले गेहूं, चना, अरहर, मसूर, धान आदि फसलों की पैदावार होती थी। पूरा परिवार दाने-दाने को मोहताज हो गया है। पैसे के अभाव में दर-दर भटक रहे हैं। भू-खण्डों का सरकारी दस्तावेजों में अधिगृहण दिखाकर मुआवजा जारी करने या किसी अन्य जगह पट्टा देने का आदेश जारी करना न्यायहित में होगा। चेताया कि ऐसा न करने पर पूरा परिवार आत्महत्या को मजबूर होगा।

# डीसी मनरेगा ने जांचे अभिलेख



संवाददाता। कोंच(जालौन)

● **कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : डीसी मनरेगा**

**डीसी** मनरेगा अबधेश कुमार दीक्षित ने शुक्रवार को खंड विकास कार्यालय पहुंचकर ग्राम पंचायतों में मनरेगा कार्यों से जुड़े अभिलेख जांचे और अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीसी मनरेगा ने मनरेगा के तहत ग्राम पंचायतों में जारी विकास कार्यों एवं पूर्ण हो चुके कार्यों की जानकारी लेते हुए अभिलेख बारीकी से चौक किये। उन्होंने समय से फीडिंग किये जाने और रजिस्टर आदि व्यवस्थित ढंग से तैयार किये जाने के निर्देश दिए। इस दौरान डीसी मनरेगा ने ग्राम पंचायत फुलेला की पंचायत मित्र वंदना देवी से मनरेगा कार्यों की समुचित जानकारी ली। उन्होंने अधीनस्थों को निर्देश दिए कि मनरेगा के तहत सभी कार्य निरन्तर जारी रहें और समय से सभी कार्य पूर्ण कर श्रमिकों का भुगतान सुनिश्चित करें। शिकायत मिलने पर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। इस दौरान कुसुम निरंजन, प्रशांत श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव आदि विभागीय कर्मी मौजूद रहे।

## ससुरालीजनों के विरुद्ध दहेज एक्ट के दो मुकदमे दर्ज

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** क्षेत्र के अलग अलग स्थानों पर अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालीजनों द्वारा विवाहिताओं से अभद्रता व मारपीट करने सहित धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िताओं ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम डुंड़वाबुजुर्ग निवासी रूबी पुत्री अख्तर सिद्दीकी द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि उसकी शादी पड़ोसी जनपद फर्रूखाबाद के थाना कमालगंज के ग्राम जरारी निवासी नाजिम पुत्र शमशाद के साथ हुई थी।

शादी के बाद से ही ससुरालीजनों पति नाजिम, ससुर शमशाद, सास नूरजहां, देवर कासिम, ननद हिना, तराना, शिवा ने अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर उसे शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित कर के घर से निकाल दिया। विगत 20 अप्रैल कि सुबह उक्त गणों ने मायके आकर उसके साथ गाली गलौज व मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

# यशस्वी ने बढ़ाया राजस्थान रायल्स का यश

## ● चेन्नई सुपरकिंग्स को पांच विकेट से हराया


यशस्वी 59 रन

**भाषा। मुंबई**

**राजस्थान** रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग मैच में शुक्रवार को यहां चेन्नई सुपरकिंग्स को पांच विकेट से हराया। चेन्नई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 150 रन बनाए। राजस्थान ने 19.4 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। राजस्थान के लिए यशस्वी जायसवाल ने सबसे ज्यादा 59 रन का योगदान दिया। इससे पहले अनुभवी मोईन अली की 57 गेंद में 93 रन की पारी के दम पर चेन्नई सुपरकिंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग मैच में शुक्रवार को यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 150 रन बनाए।

मोईन ने दूसरे विकेट के लिए डेवन कोन्वे (14 गेंद में 16 रन) के साथ 83 रन की साझेदारी करने के बाद महेन्द्र सिंह धोनी (28 गेंद में 26 रन) के साथ पांचवें विकेट के लिए 51 रन की साझेदारी की। मोईन ने अपनी पारी 13 चौके और तीन छक्के लगाए।चेन्नई की टीम छह ओवर के बाद एक विकेट पर 75 रन बनाकर अच्छी स्थिति में थी लेकिन इसके बाद युजवेंद्र चहल (26 रन पर दो विकेट), ओबेद मैकॉय (20 रन पर दो विकेट) और रविचंद्रन अश्विन (28 रन पर एक विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों ने चेन्नई की रन गति पर शिकंजा कस दिया। पहले गेंदबाजी का न्योता मिलने के बाद ट्रेंट बोल्ट (44 रन पर एक विकेट) ने पहले ओवर में ही रुतुराज गायकवाड (दो रन) को विकेटकीपर कप्तान संजू सैमसन के हाथों कैच कराया। इस झटके का हालांकि चेन्नई पर कोई असर नहीं पड़ा। तीसरे ओवर में बोल्ट की गेंद कोन्वे के बल्ले का ऊपरी किनारा लेने के बाद छक्के के लिए चली गई और इसके बाद उन्होंने शानदार चौका जड़ा। मोइन अली ने इसके बाद पावर प्ले में बाउंड्री की झड़ी लगा दी। उन्होंने प्रसिद्ध कृष्णा के खिलाफ चौथे ओवर में चार चौके और एक छक्का, पांचवें ओवर में अश्विन के खिलाफ दो चौके और एक छक्का और छठे ओवर में ट्रेंट बोल्ट के खिलाफ पांच चौके और एक छक्का जड़ा। इस दौरान उन्होंने 19 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया जो इस आईपीएल सत्र का दूसरा सबसे तेज पचासा है। चेन्नई की टीम ने पावर प्ले में एक विकेट के नुकसान पर 75 रन बना लिए। राजस्थान के गेंदबाजों ने हालांकि इसके बाद रन गति पर अंकुश लगा दिया। आठवें ओवर में अश्विन ने कोन्वे को पगबाधा किया। अगले ओवर में मैकॉय ने एन जगदीशन (एक रन) को चलता किया। टीम में वापसी करने वाले अंबाती रायुडू (तीन रन) का स्लिप में देवदत्त पडिक्कल ने चहल की गेंद पर शानदार कैच पकड़ा। इसके बाद बल्लेबाजी के लिए आए कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी को सैमसन ने दो जीवनदान दिए। सैमसन ने चहल और फिर मैकॉय की गेंद पर उनका कैच टपकाया। इस बीच टीम ने 12वें ओवर में रनों का शतक पूरा किया। धोनी ने 15वें ओवर में चौका लगाकर बाउंड्री के सूखे को खत्म किया। टीम के लिए यह चौका 36 गेंद के बाद आया था। मोइन अली ने 18वें ओवर में कृष्ण का स्वागत छक्के से किया और फिर 19वें ओवर में चहल की पहली गेंद पर चौका जड़ा। इसी ओवर की आखिरी गेंद पर बड़ा शॉट लगाने के चक्कर में धोनी ने बटलर को कैच थमा दिया। आखिरी ओवर की पहली गेंद पर मैकॉय ने मोईन की शानदार पारी का अंत किया। इस ओवर में चेन्नई की टीम सिर्फ चार रन बना सकी।

### स्कोरबोर्ड

**चेन्नई सुपरकिंग्स पारीः** गायकवाड़ का सैमसन बो बोल्ट 02,कॉन्वे पगबाधा अश्विन 16,अली का रियान बो मैकॉय 93, जगदीशनका रियान बो मैकॉय 01,रायुडूका पडिक्कल बो चहल 03,धोनीका बटलर बो चहल 26, सैंटनरनाबाद 01,सिमरजीत नाबाद 03,अतिरिक्तः (वाइडः 05) 05,**कुल योगः** (20 ओवर मे छह विकेट पर) 150 रन,**विकेट पतनः** 1-2, 2-85, 3-88, 4-95, 5-146, 6-146, **गेंदबाजीः** बोल्ट4-0-44-1,कृष्णा 4-0-32-0,अश्विन 4-0-28-1, चहल 4-0-26-2, मैकॉय 4-0-20-2


**राजस्थान रॉयल्स पारीः**यशस्वी का पथिराना बो सोलंकि 59,बटलर का मोईन बो सिमरजीत 02, सैमसन का एवं बो सेंटनर 15, पड्क्किल बो मोईन 03, अश्विन नाबाद 40, हेटमायर का कोन्वे बो सोलंकी 06, पराग नाबाद 10,**अतिरिक्तः** (लेग बाईः 08 , वाइडः 08) 16,**कुलः** (19.4 ओवर मे पांच विकेट पर) 151 रन, विकेट पतन : 1-16, 2-67, 3-76, 4-104, 5-112,**गेंदबाजीः** चौधरी 4-0-41-0, सिमरजीत 3-0-18-1, सेंटनर 3-0-15-1, पथिराना 3.4-0-28-0, मोईन 4-0-21-1, सोलंकी 2-0-20-2

# करियर की बाधाओं ने मुझे मानसिक रूप से मजबूत बनाया : निकहत

**भाषा। नई दिल्ली**

विश्व चैम्पियन मुक्केबाज निकहत जरीन ने कहा कि अपने करियर में मुश्किल परिस्थितियों का सामना करने से वह मानसिक रूप से मजबूत बनी क्योंकि तब उन्होंने स्वयं से कहा कि जो कुछ भी हो मुझे लड़ना है और अपना सर्वश्रेष्ठ देना है। निकहत ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए इस्तांबुल में विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में गुरुवार को थाईलैंड की जितपोंग जुतामास को 5-0 से हराकर फ्लाईवेट (52 किग्रा) वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। जरीन ने बाद में संवाददाताओं से कहा, इन दो वर्षों में मैंने केवल अपने खेल पर ध्यान केंद्रित किया और मेरे खेल में जो भी कमियां थी उनमें सुधार करने की कोशिश की। मैंने अपने मजबूत पक्षों पर काम किया। मैंने अपने कमजोर पक्षों पर काम किया। मैंने उन सभी पक्षों पर काम किया जिन पर मुझे काम करने की जरूरत थी और खुद को मजबूत बनाया। मैंने अपने करियर में जिन बाधाओं का सामना किया है, उन्होंने मुझे मजबूत बनाया। मैं इन सबके बाद मानसिक रूप से मजबूत बनी हूं। मेरा मानना है कि चाहे कुछ भी हो जाए, मुझे लड़ना है और अपना सर्वश्रेष्ठ देना है। जरीन ने इस स्वर्णिम उपलब्धि से दो साल पहले तत्कालीन खेल मंत्री किरेन रिजिजू को पत्र लिखकर ओलंपिक क्वालीफायर के लिए निष्पक्ष ट्रायल करवाने का आग्रह किया था। इस कारण जरीन को सोशल मीडिया पर ट्रोल किया गया था, जबकि एमसी मेरीकॉम ने कड़े शब्दों में पूछा था कौन निकहत जरीन?

### जरीन ने तय किया फर्राटा धाविका से विश्व चैंपियन मुक्केबाज का सफर



**नई दिल्ली।** फर्राटा धाविका बनने के लिए ट्रेनिंग ले रही युवा और मासूम निकहत जरीन ने एक बार अपने पिता से पूछा था कि मुक्केबाजी मे लड़कियां क्यो नही खेलती?, क्या मुक्केबाजी सिर्फ पुरुषो का खेल है? यह लम्हा फ्लाइवेट वर्ग मे हाल मे विश्व चैंपियन बनी निकहत के लिए जीवन बदलने वाला रहा। इस सब की शुरुआत गर्मियो की एक शाम हुई जब पूर्व फुटबॉलर और क्रिकेटर मोहम्मद जमील ने अपनी बेटियो को बाहर खिलाने के लिए ले जाने का फैसला किया। जमील ने पीटीआई से कहा, मैने उन्हे कहा कि हम मैदान पर जाकर खेलेंगे जिससे कि वे कुछ सीख सकें। वहां कोई बास्केटबॉल खेल रहा था, कोई हैंडबॉल खेल रहा था। उन्होंने कहा, कुछ दिन देखने के बाद मैने निकहत की भाव भंगिमा देखी और मुझे पता चल गया कि वह खिलाड़ी बनेगी। इसलिए मैने एक ट्रैक सूट खरीदा और उसे कहा कि हम कल ट्रेनिंग के लिए जाएंगे। जमील ने निकहत को 100 और 200 मीटर दौड़ की ट्रेनिंग दी और वह जल्द ही जिला चैंपियन बन गई।

### रूड, ओपेल्का जिनेवा ओपन के सेमीफाइनल में

**जिनेवा।** पिछली बार के चैंपियन और दूसरी वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड ने थानासी कोक्किनाकिस को 6-4, 7-6 (3) से हराकर जिनेवा ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मे प्रवेश किया। विश्व मे आठवे नंबर के खिलाड़ी रूड सेमीफाइनल मे चौथी वरीयता प्राप्त अमेरिकी रेली ओपेल्का से भिड़ेंगे, जिन्होंने टालोन ग्रिक्सपुर को 6-4, 3-6, 6-3 से हराया। टूर्नामेंट के दूसरे सेमीफाइनल मे रिचर्ड गास्केट और जोआओ सूसा आमने सामने होंगे। गास्केट ने गुरुवार को कामिल मयचजाक को 6-2, 6-4 से जबकि सूसा ने इल्या इवाश्का को 7-5, 7-5 से पराजित किया। पेरिस मे रविवार से शुरू होने वाले फ्रेंच ओपन की तैयारी के लिए यह आखिरी क्ले-कोर्ट टूर्नामेंट मे से एक है।

### आस्ट्रेलिया ने राष्ट्रमंडल खेलों के लिए विश्व कप विजेता टीम को बरकरार रखा

**मुंबई।** बर्मिंघम मे होने वाले राष्ट्रमंडल खेलो के लिए एकदिवसीय विश्व कप जीतने वाली आस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट टीम मे कोई बदलाव नही किया गया है। आस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट टीम राष्ट्रमंडल खेलो मे अपने अभियान की शुरुआत 29 जुलाई को भारत के खिलाफ करेगी। आस्ट्रेलिया ने आयरलैंड और पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली टी20 अंतरराष्ट्रीय त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए भी यही टीम चुनी है। उत्तरी आयरलैंड मे होने वाली त्रिकोणीय श्रृंखला से मेग लेनिंग की टीम को अंतरिम मुख्य कोच शैली निशके के मार्गदर्शन मे तैयारी करने का मौका मिलेगा जिन्होंने मैथ्यू मोट के जाने के बाद जिम्मेदारी संभाली है। मोट इंग्लैंड की सीमित ओवरो की पुरुष टीम के साथ जुड़ गए है।

### निवेशकों में शामिल हैं सत्य नडेला, शांतनु नारायण

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका मे क्रिकेट को लोकप्रिय बनाने की दिशा मे महत्वपूर्ण घटनाक्रम मे इस देश मे पहली पेशेवर टी20 के आयोजन के लिए माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्य नडेला और एडोब के सीईओ शांतनु नारायण सहित प्रमुख भारतीय-अमेरिकी व्यावसायिक दिग्गजो से 12 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि सुरक्षित कर ली गई है। अमेरिका मे पहली पेशेवर ट्वेंटी 20 क्रिकेट लीग मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) ने गुरुवार को घोषणा की कि उसने अमेरिका के प्रमुख व्यावसायिक दिग्गजो के एक समूह की अगुवाई मे 4.40 करोड़ अमेरिकी डॉलर की धनराशि हासिल कर ली है।

### आनंद सुपरबेट रैपिड टूर्नामेंट में शीर्ष पर बरकरार

**वारसॉ।** भारत के दिग्गज शतरंज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद सुपरबेट रैपिड और ब्लिट्ज पोलैंड शतरंज टूर्नामेंट के रैपिड वर्ग के दूसरे दिन चौथे और पांचवे दौर मे जीत दर्ज कर तालिका मे शीर्ष पर बने हुए है। पूर्व विश्व चैम्पियन ग्रैंडमास्टर आनंद ने पहले दिन अपने तीनो मुकाबले जीते थे। उनके लगातार पांच जीत के सिलसिले को स्थानीय खिलाड़ी जन-क्रिजस्टॉफ डूडा ने छठे दौर के मैच को ड्रॉ करके खत्म किया। आनंद छह दौर के बाद 11 अंको के साथ तालिका मे शीर्ष पर बने हुए है। उन्होंने दिन के पहले मैच मे यूक्रेन के किरिल शेवचेंको को शिकस्त देने के बाद अनुभवी लेव एरोनियन पर शानदार जीत हासिल की। छठे दौर मे आनंद ने डूडा के खिलाफ फ्रेंच पौलसेन आक्रमण का सहारा लिया लेकिन दोनो खिलाड़ी 51 चाल के बाद ड्रॉ के लिए सहमत हो गए। वाइल्ड कार्ड के जरिए खेल रहे आनंद ने इससे पहले गुरुवार को शुरुआती दौर मे पोलैंड के राडोस्लाव वोताजेक को हराया।

# वर्चुअल क्वार्टर-फाइनल में मुंबई से भिड़ेगी दिल्ली

## ● अर्जुन तेंदुलकर को मिलेगा एक मैच?

**भाषा। मुंबई**

**दिल्ली कैपिटल्स** का भाग्य अब उसके ही हाथ में हैं जो आईपीएल के लगभग क्वार्टर फाइनल की तरह बने मुकाबले में मुंबई इंडियंस के खिलाफ सभी क्षेत्रों में शानदार प्रदर्शन कर जीत दर्ज करना चाहेगी। कप्तान ऋषभ पंत की टीम के लिए जहां यह मुकाबला बेहद महत्वपूर्ण है तो वहीं मुंबई इंडियंस सत्र का समापन जीत से करना चाहेगी, हालांकि पांच बार की चैम्पियन के लिए यह मायने नहीं रखेगा। सत्र में प्रबल दावेदार के रूप में उतरी मुंबई को नीलामी में खराब रणनीति का खामियाजा भुगतना पड़ा। मुंबई इंडियंस की बात की जाए तो इस मैच में सभी की दिलचस्पी होगी कि महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर को आखिर में एक मैच मिलता है या नहीं क्योंकि वह दो सत्र में 27 मैचों में बेंच पर ही बैठे रहे हैं। कप्तान रोहित शर्मा ने संकेत दिया था कि वे अंतिम मैच में कुछ नए चेहरों को उतारेंगे। अभी तक 13 मैचों में 22 खिलाड़ी खेल चुके हैं। दिल्ली कैपिटल्स (नेट रन रेट 0.255) के लिए समीकरण बहुत सरल है जिसमें उसे शीर्ष चार में जगह बनाने के लिए बस मुंबई इंडियंस को हराने की जरूरत है जिससे वह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (-0.253) के नेट रन रेट के कारण आगे हो जाएगी। मुंबई इंडियंस को इस सत्र में अपने सबसे बुरे दौर से गुजरना पड़ा है जबकि दिल्ली कैपिटल्स अनिरंतर प्रदर्शन के कारण इस स्थिति में हैं, उसे 13 मैचों में से सात में जीत मिली और छह में हार का सामना करना पड़ा। बल्कि पिछले मैच में पंजाब किंग्स पर मिली जीत से ही उन्हें लगातार दो मैचों में पूरे अंक हासिल हुए। ऐसे भी दिन रहे जब दिल्ली कैपिटल्स ने बेहतरीन प्रदर्शन किया जिसमें डेविड वॉर्नर (427 रन) या मिशेल मार्श (251 रन) या फिर रोवमैन पॉवेल (207 रन) ने बल्लेबाजी में कमाल दिखाया जबकि स्पिनर कुलदीप यादव (20 विकेट), अक्षर पटेल (छह विकेट) और ललित यादव (चार विकेट) ने भी गेंद से अच्छा प्रदर्शन किया। हालांकि दिल्ली कैपिटल्स की टीम इस सत्र में दो विभाग में जूझती रही। पहला तेज गेंदबाजी विभाग जिसमें खलील अहमद (16 विकेट) को छोड़ दें तो यह पूरे सत्र में उतार-चढ़ाव भरा रहा। शार्दुल ठाकुर ने अपने 13 विकेट के बावजूद नौ से अधिक प्रति ओवर रन लुटाए।

### मुंबई इंडियन्स के खिलाफ दिल्ली के अनुभवी खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करना होगाः पोंटिंग

**मुंबई।** दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग का मानना है कि उनकी टीम ने सही समय पर लय हासिल कर रही है, लेकिन वह चाहते है कि शनिवार को यहां मुंबई इंडियन्स के खिलाफ मैच मे उनके बड़े खिलाड़ी अपने प्रदर्शन के स्तर को ऊंचा करें। दिल्ली की टीम के लिए यह मैच क्वार्टर फाइनल की तरह है। जिसमे जीत से टीम प्लेऑफ मे अपनी जगह पक्की कर लेगी। पोंटिंग ने इस मैच के बारे मे कहा, मुझे खिलाड़ियो पर पूरा भरोसा है कि वे शनिवार को वास्तव मे अच्छा खेल दिखाएंगे। हमने मौजूदा सत्र मे पहली बार (दिल्ली कैपिटल्स की पिछले मैच मे पंजाब किंग्स पर जीत) लगातार दो मैचो मे जीत दर्ज की है। ऑस्ट्रेलिया के इस पूर्व महान खिलाड़ी ने कहा, यह हमारे लिए उतार-चढ़ाव का सत्र रहा है, लेकिन हमने कुछ अच्छी क्रिकेट खेली है। मै हमेशा टूर्नामेंट के आखिरी मैचो मे अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलने और सही समय पर लय हासिल कर शीर्ष पर पहुंचने के बारे मे बात करता हूं। मुझे लगता है कि हमारे खिलाड़ी ऐसा करने वाले है। दिल्ली की टीम के प्रदर्शन मे मौजूद सत्र मे निरंतरता की कमी दिखी।

# वेड के मामले में हार्दिक ने कहा, इस बार नहीं मिला तकनीक का फायदा

**भाषा। मुंबई**




**गुजरात टाइटन्स** के कप्तान हार्दिक पंड्या ने मैथ्यू वेड को विवादास्पद तरीके से पगबाधा दिए जाने के बाद तकनीक का फायदा नहीं मिलने पर अफसोस जताया लेकिन कहा कि कुल मिलाकर अधिकतर अवसरों पर इससे सही फैसले लेने में मदद मिली है। गुजरात और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के बीच आईपीएल मैच के दौरान ग्लेन मैक्सवेल की गेंद पर वेड को आउट दिए जाने पर बहस शुरू हो गई, क्योंकि अल्ट्राएज से पता नहीं चल रहा था कि गेंद बल्ले का छूकर गई है जबकि देखने में लग रहा था कि गेंद ने बल्ले को स्पर्श किया है। हार्दिक ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, मुझे लगता है कि अल्ट्राएज में थोड़ा (स्पाइक) था। बड़े पर्दे पर यह दिखाई नहीं दे रहा था। आप गलती नहीं कर सकते। अगर तकनीक मदद नहीं कर रही है, तो मुझे नहीं पता कि फिर कौन मदद करेगा। वेड इस फैसले से नाराज थे क्योंकि उन्हें यकीन था कि मैक्सवेल की गेंद उनके बल्ले से लगकर पैड से टकराई है, इसलिए आउट दिए जाने के तुरंत बाद उन्होंने निर्णय समीक्षा प्रणाली (डीआरएस) का सहारा ले लिया था। अल्ट्राएज में हालांकि यह स्पष्ट नहीं हुआ और तीसरे अंपायर ने मैदानी अंपायर का फैसला बने रहने दिया। जाहिर है यह किसी के लिए भी व्यक्तिगत नहीं है लेकिन तकनीक कभी मदद करती है और कभी नहीं। इस बार इसने मदद नहीं की। लेकिन अधिकतर अवसरों पर इसने काम किया है और गलत फैसलों को पलटा है। प्लेऑफ में पहले ही जगह बना चुके गुजरात को इस मैच में आरसीबी से आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा। मोहम्मद शमी और लॉकी फर्ग्यूसन को कम ओवर देने के बारे में हार्दिक ने कहा, हम लॉकी को मौका देना चाहते थे।

# अगले साल आईपीएल में खेलूंगा : धोनी

**भाषा। मुंबई**

**दो बार** विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के कप्तान रहे महेंद्र सिंह धोनी ने शुक्रवार को कहा कि वह निश्चित तौर पर इंडियन प्रीमियर लीग के अगले सत्र में खेलेंगे क्योंकि ऐसा नहीं करना उस शहर के प्रति अनुचित होगा जिससे चेन्नई सुपरकिंग्स को अपना नाम मिला और जो शहर उन्हें अपना समझता है। इसके साथ ही 40 साल के धोनी ने अगले साल इस लुभावनी टी20 लीग में अपने खेलने को लेकर लग रही अटकलों पर भी विराम लगा दिया। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ सुपरकिंग्स के मौजूदा सत्र के अंतिम मैच के टॉस के दौरान धोनी ने कहा, निश्चित तौर पर मैं अगले साल खेलूंगा। चेन्नई को धन्यवाद नहीं कहना, चेन्नई में नहीं खेलना अनुचित होगा। यह सुपरकिंग्स के प्रशंसकों के साथ अच्छा बर्ताव नहीं होगा। उन्होंने कहा, 2023 मेरा अंतिम साल होगा या नहीं, यह हमें देखना होगा। तमिलनाडु में पूर्व भारतीय कप्तान धोनी के प्रशंसकों की कोई कमी नहीं है।

# कांस्य पदक के लिए चुनौती पेश करेगी भारत की कंपाउंड मिश्रित जोड़ी



## ●तीरंदाजी विश्व कप

**भाषा। ग्वांगजू (दक्षिण कोरिया)**

**अभिषेक वर्मा** और अवनीत कौर की भारत की मिश्रित कंपाउंड तीरंदाजी टीम शुक्रवार को यहां सेमीफाइनल में हार के बाद विश्व कप (चरण दो) में कांस्य पदक के लिए चुनौती पेश करेगी जबकि रिकर्व टीम ने एक बार फिर निराश किया। अभिषेक और अवनीत की मिश्रित जोड़ी ने डेनमार्क को 157-155 से हराया और फिर मैक्सिको को 156-153 से शिकस्त दी लेकिन टीम को सेमीफाइनल में कड़े मुकाबले में 10वें वरीय एस्टोनिया के खिलाफ 156-158 से शिकस्त झेलनी पड़ी। भारत की छठी वरीय मिश्रित जोड़ी अब चौथे वरीय तुर्की को हराकर प्रतियोगिता में देश के लिए तीसरा कांस्य पदक जीतने का प्रयास करेगी। भारत ने महिला कंपाउंड और रिकर्व टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीते हैं। कंपाउंड पुरुष टीम कम से कम रजत पदक पक्का कर चुकी है। उसे शनिवार को फाइनल में भिड़ना है। रिकर्व तीरंदाजों ने एक बार फिर निराश किया और चिर प्रतिद्वंद्वी कोरिया के खिलाफ उसे लगातार विफलता हाथ लगी। रिकर्व टीम महिला टीम स्पर्धा में कांस्य पदक के रूप में सिर्फ एक पदक जीत पाई।

# भारत ने पहले एफआईएच महिला हॉकी फाइव्स के लिए नौ सदस्ईय टीम घोषित की

**भाषा। नई दिल्ली**

भारत ने स्विट्जरलैंड के लुसाने में चार से पांच जून तक होने वाले पहले एफआईएच महिला हॉकी फाइव्स (पांच खिलाड़ियों का मुकाबला) हॉकी टूर्नामेंट के लिए शुक्रवार को नौ सदस्ईय टीम घोषित की। टीम की कमान अनुभवी गोलकीपर रजनी एटिमार्पू को सौंपी गई है और महिमा चौधरी उपकप्तान होंगी। टूर्नामेंट में उरूग्वे, पोलैंड, दक्षिण अफ्रीका और मेजबान स्विट्जरलैंड की टीम भी हिस्सा लेगी। भारतीय टीम के अन्य सदस्य डिफेंडर रश्मिता मिंज और अजमीना कुजुर, मिडफील्डर वैष्णवी विठ्ठल फाल्के, महिला चौधरी और प्रीति हैं। फारवर्ड मारियाना कुजुर, युवा ओलंपिक हॉकी फाइव्स स्पर्धा में खेलने वाली मुमुताज खान और रुतुजा ददासो पिसल को भी भारतीय टीम में जगह मिली है जबकि सुमन देवी थोडम और राजविंदर कौर को स्टैंडबाई के रूप में चुना गया है।

### एशिया कप हॉकी के लिए रवाना गत चैम्पियन भारत

**बेंगलुरू।** ओलंपिक कांस्य पदक विजेता बीरेंद्र लाकड़ा की अगुआई वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम अपने एशिया कप खिताब के बचाव के लिए शुक्रवार को जकार्ता रवाना हो गई। भारतीय टीम पूल ए मे जापान, पाकिस्तान और मेजबान इंडोनेशिया से भिड़ेगी जबकि मलेशिया, कोरिया, ओमान और बांग्लादेश पूल बी मे शामिल है। भारत अपने अभियान की शुरूआत सोमवार को पाकिस्तान के खिलाफ करेगा।

# धवन को अगले तीन साल शीर्ष स्तर का क्रिकेट खेलने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** सलामी बल्लेबाज शिखर धवन एकदिवसीय प्रारूप में भारतीय टीम का अहम हिस्सा हैं लेकिन उनका मानना है कि टी20 प्रारूप में वह अभी काफी योगदान दे सकते हैं। दिल्ली के 36 साल के धवन को उम्मीद है कि वह आसानी से अगले तीन साल तक क्रिकेट खेल सकते हैं। धवन ने इंडियन प्रीमियर लीग में एक बार फिर से शानदार लय में होने का सबूत देते हुए अब तक 421 रन बनाए है। टीम को अभी एक और मैच खेलना है। इस टी20 लीग में उनकी निरंतरता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उन्होंने पिछली बार 2015 में 300 से कम रन बनाए थे। पिछले साल श्रीलंका के दौरे पर भारत का नेतृत्व करने और लगातार रन बनाने के बाद भी धवन को पिछले टी 20 विश्व कप की भारतीय टीम में जगह नहीं मिली थी। धवन को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नौ जून से शुरू होने वाली घरेलू श्रृंखला में वापसी की उम्मीद है।

### निराश जयवर्धने ने स्वीकार किया, टीम ने महत्वपूर्ण लम्हें नहीं जीते

**मुंबई।** मुंबई इंडियन्स के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने टीम के इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र से जल्दी बाहर होने के बाद कहा है कि वे महत्वपूर्ण लम्हों को नियंत्रित करने में विफल रहे और उन्होंने अच्छा क्रिकेट नहीं खेला। मुंबई की टीम अगर शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जीत दर्ज भी करती है तो भी उसके अंक तालिका में अंतिम स्थान पर रहने की संभावना है। जयवर्धने ने मैच की पूर्व संध्या पर कहा, लेकिन हमारी टीम में जिस स्तर के खिलाड़ी हैं उसे देखते हुए, हां, आपको बेहद ईमानदार होना होगा कि हमने अच्छा क्रिकेट नहीं खेला। जैसा कि मैंने पहले कहा, जज्बा नहीं था, कुछ मुकाबलों में हम महत्वपूर्ण लम्हों को नियंत्रित नहीं कर पाए, अगर हम ऐसा कर पाते हो हमारे अंदर लगातार चार-पांच जीत दर्ज करने का आत्मविश्वास आता, फिर हम प्ले आफ में जगह बनाने के लिए चुनौती पेश कर रहे होते लेकिन हमारा सत्र ऐसा ही रहा और मैं निश्चित तौर पर निराश हूं।

### जब खराब दौर लंबे समय तक रहा हो तो आप खुद पर संदेह करना शुरू कर देते होः कोहली पर हेसन ने कहा

**मुंबई।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के क्रिकेट निदेशक माइक हेसन ने कहा कि अगर खराब फॉर्म लंबे समय तक रहे तो इससे किसी का भी मनोबल गिर सकता है और विराट कोहली भी इंसान ही हैं जो चीजें अपने हिसाब से नहीं चलने के कारण कुछ रन जुटाने के लिए बेताब थे। कोहली आखिर गुजरात टाइटन्स के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए 73 रन की पारी खेलकर अपनी उसी पुरानी फॉर्म में दिखे और इस मैच में मिली जीत ने आरसीबी को प्लेऑफ स्थान के समीकरण में बनाए रखा है। कोहली 13 बार अलग अलग तरीके से आउट हुए हैं। हेसन ने कहा कि कोहली ने कभी मेहनत करना बंद नहीं किया जिससे उन्हें वापसी में मदद मिली।


### यूक्रेन जीएम पोनोमारियोव ने फिर वीजा के आवेदन किया

**भाषा। चेन्नई**

**महाराष्ट्र** ओपन के आयोजकों ने यूक्रेन के शतरंज ग्रैंडमास्टर और तीन बार के विश्व चैम्पियन रूस्लन पोनोमारियोव के वीजा को मंजूरी देने के लिए विदेश मंत्रालय का दरवाजा खटखटाया है। पोनोमारियोव का आवेदन एक बार खारिज किया जा चुका है। आयोजन सचिव निरंजन गोडबोले के अनुसार यूक्रेन के ग्रैंडमास्टर ने फिर से वीजा के लिए आवेदन किया है ताकि वह टूर्नामेंट में हिस्सा ले सकें जिसका आयोजन पुणे में 31 मई से आठ जून तक किया जाना है। हमने विदेश मंत्रालय से संपर्क किया है और सभी जरूरी दस्तावेज मुहैया कराए हैं। हम उम्मीद कर रहे हैं कि वीजा मिल जाएगा।

# सिंधू थाईलैंड ओपन के सेमीफाइनल में

**भाषा। बैंकाक**



**दो बार की ओलंपिक** पदक विजेता पीवी सिंधू ने शुक्रवार को यहां जापान की दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी अकाने यामागुची पर तीन गेम में जीत दर्ज कर थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। छठी वरीयता प्राप्त भारतीय ने जापान की दूसरी वरीय खिलाड़ी को 51 मिनट में 21-15 20-22 21-13 से हराया और अब उनका सामना चीन की ओलंपिक चैम्पियन चेन यु फेई से होगा। पिछली बार दोनों खिलाड़ियों के बीच हुए मुकाबले में विवाद खड़ा हो गया था जिसमें सिंधू पर बैडमिंटन एशिया चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल के दौरान अंपायर ने रणनीति बनाने में देरी के लिए एक अंक का जुर्माना लगाया था। सिंधू का मैच से पहले जीत का रिकॉर्ड 13-9 था और उन्होंने एक और शानदार प्रदर्शन करते हुए मौजूदा विश्व चैम्पियन पर 14वीं जीत हासिल की। शुरू में दोनों खिलाड़ियों के खेल में कोई अंतर नहीं था जिसमें सिंधू अपने क्रास कोर्ट शॉट से यामागुची को मुश्किल में डाल रही थीं जो तीन अंक की बढ़त गंवा बैठी और भारतीय खिलाड़ी ब्रेक तक 11-9 से आगे हो गई। सिंधू ने फिर लगातार सात अंक जुटाकर इसे 19-14 कर दिया। यामागुची के नेट पर शॉट लगाने से वह इस गेम को अपने नाम करने में सफल रहीं। यामागुची दूसरे गेम में थोड़ी सक्रिय नहीं दिख रही थीं जिसका फायदा उठाते हुए सिधू ने ब्रेक तक 11-5 की बढ़त बना ली जिसमें उन्होंने बिना किसी परेशानी के अंतिम 11 अंक में 10 जीत लिए। ब्रेक के बाद सिंधू को सर्विस फॉल्ट मिला और जल्द ही यामागुची ने वापसी करते हुए अच्छे शॉट लगाकर 16-16 की बराबरी हासिल कर ली। तेजी से लगे स्मैश और सटीक रिटर्न से जापानी खिलाड़ी को दो अंक मिले। सिंधू ने दो अंक बचाए लेकिन सर्विस में गलती कर बैठी जिससे मैच निर्णायक गेम तक पहुंच गया। तीसरे गेम में सिंधू ने छह अंक की बढ़त बना ली थी और यामागुची को अपनी पीठ से परेशानी हो रही थी जिससे उनके स्ट्रोकप्ले प्रभावित हो रहे थे।